kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-16 ❑ बुधवार, 12 फरवरी 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



22 कृतियों वाला संविधान ही असली संविधान है और ऐसी प्रतियों की बिक्री या प्रचार प्रसार नहीं किया जाना चाहिए, जिनमें ये कृतियां नहीं हो। ये कृतियां पांच हजार वर्ष की हमारी गौरवशाली संस्कृति के प्रतीक हैं।
जगदीप धनखड़

ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवा नहीं होने की धारणा गलत: नड्डा 11

महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार 12

## संक्षेप

### संत रविदास जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

लखनऊ। रविदास जयंती पर बुधवार को यूपी में सार्वजनिक अवकाश घोषित हो गया है। योगी सरकार ने बुधवार को इस बाबत शासनादेश जारी कर दिया। इसके अनुसार पहले रविदास जयंती पर निर्बंधित अवकाश घोषित था। अब इसे सार्वजनिक अवकाश में बदल दिया गया है। नए आदेश के बाद अब स्कूल-कॉलेज और सभी सरकारी कार्यालय भी बंद रहेंगे।

### पंजाब को एक मॉडल राज्य बनायेंगे: भगवंत मान

**नयी दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब का चहुंओर विकास करके देश के सामने इसे एक मॉडल राज्य बनायेंगे। श्री भगवंत मान ने मंगलवार को यहां पंजाब से आए आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों की पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के साथ बैठक के बाद कहा कि पंजाब को ऐसा मॉडल बनाएंगे कि पूरा देश देखेगा। हमें उम्मीद है कि हमारे जो वॉलेंटियर्स हैं, वह बिना किसी लालच के मेहनत से काम करते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में हमने स्कूल और अस्पतालों का कायाकल्प किया। दिल्ली में जिन लोगों ने काम किया है, उनके अनुभव का इस्तेमाल पंजाब में करेंगे। श्री मान ने कहा, हमारी पार्टी काम के नाम से जानी जाती है। हमारी पार्टी धर्म,पैसे बांटने और गुंडागर्दी का काम नहीं करती है। हम पंजाब में व्यापारियों का विश्वास जीतने में कामयाब हुए हैं। पंजाब में बड़ी-बड़ी कंपनियां निवेश कर रही है। उन्होंने कांग्रेस के दावे पर कहा कि प्रताप सिंह बाजवा पौने तीन साल से यही कह रहे हैं। उन्हें कहने दें, हमारे विधायकों की गिनती नहीं करें, पहले अपने विधायक दिल्ली में गिन लें। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता बाजवा ने दावा किया था कि आप के 25 से 30 विधायक उनके संपर्क में हैं।

### रेलवे ने दो करोड़ लोगों को लगवाई संगम में डुबकी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने आधिकारिक रूप से महाकुंभ के लिए साढ़े नौ हजार से अधिक ट्रेनों के माध्यम से दो करोड़ से ज्यादा लोगों को पवित्र डुबकी लगाने का अवसर दिया है। रेल मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार रेलवे ने 13 जनवरी से लेकर 11 फरवरी को अपराह्न तीन बजे तक सात हजार नियमित ट्रेनों एवं 2600 कुंभ स्पेशल ट्रेनों की मदद से दो करोड़ चार हजार यात्रियों (आधिकारिक आंकड़ा) को संगम में डुबकी लगाने का अवसर प्रदान किया है। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग बिना टिकट यात्रा करके भी प्रयागराज पहुंचे। अधिकारियों ने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश हैं कि रेलवे की कोशिश होनी चाहिए कि किसी भी श्रद्धालु को तकलीफ नहीं हो। इसके लिए रेलवे ने यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाने, पानी एवं भोजन के लिए यथासंभव व्यवस्था की है।

# महाकुम्भ में आने वाले स्नानार्थियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही योगी सरकार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

- ❑ महाकुम्भ मेला क्षेत्र समेत प्रयागराज शहर में श्रद्धालुओं के आवागमन को निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए किए जा रहे है सभी जरूरी इंतजाम
- ❑ पुलिस व प्रशासन द्वारा रखी जा रही है स्थिति पर कड़ी नजर, निर्धारित स्थानों पर वाहन को पार्क करने की हो रही अपील
- ❑ एएनपीआर और एआई इनेबल्ड कैमरों का हो रहा प्रयोग, टोल तथा आसपास के जनपदों से भी जानकारी प्राप्त कर कुशल समन्वय स्थापित

महाकुम्भनगर। महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत बुधवार को माघ पूर्णिमा के रूप में चौथे स्नान पर्व के सफल आयोजन को लेकर योगी सरकार अपनी तैयारियों को चाक-चौबंद करने में जुटी हुई है। सीएम योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट आदेश है कि महाकुम्भ मेला क्षेत्र तथा प्रयागराज शहर में किसी भी स्नानार्थी, श्रद्धालु, कल्पवासी या आम नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ऐसे में, यातायात, वाहनों के सुगम आवागमन, पार्किंग, सुरक्षा, सर्विलांस तथा मॉनिटरिंग समेत विभिन्न पहलुओं पर पूरी तत्परता के साथ स्थानीय प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा कार्य किया जा रहा है।

इस विषय में जानकारी देते हुए प्रयागराज के पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने कहा कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के सुखद सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं यूपी पुलिस कृत संकल्पित है और कोई कसर नहीं छोड़ रही है। तरुण गाबा के अनुसार, यातायात के लिए महीनों पूर्व से योजनाएं बनाई गई थी, जिनका हम लोग सफल क्रियान्वयन कर रहे हैं। सप्ताह के अन्त में एवं बीच में कभी-कभार, भारी संख्या में वाहनों के आगमन के दृष्टिगत यहां तैनात प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिसबल द्वारा अथक प्रयास करके जो भी विषम परिस्थिति आयी उनका सफल निस्तारण किया गया है। मेला क्षेत्र, प्रयागराज आने वाले सभी सड़क मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है। इसका परिणाम यह है कि शहर के अंदर भी जाम की स्थिति नहीं है।

पुलिस तथा प्रशासन की ओर से महाकुम्भ आने वाले सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वह अपने मार्ग पर पड़ने वाली पार्किंग में ही अपना वाहन खड़ा करने की अपील की गई है। साथ ही, यह भी अपील की गई है कि सभी लोग संगम के नजदीक आने का प्रयास न करें, क्योंकि विभिन्न मार्गों की विभिन्न व्यवस्थाएं है। तरुण गाबा के अनुसार, हम लोग दिन रात इसी व्यवस्था में लगे हुए है कि श्रद्धालुओं को कोई समस्या न हो और यातायात भी सुचारु रूप से चलता रहे, अतः निर्देशित स्थानों पर ही अपना वाहन पार्क करें।

पुलिस व स्थानीय प्रशासन द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के आवागमन और यातायात निगरानी के लिए एएनपीआर एवं एआई इनेबल्ड कैमरों का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही, टोल तथा नजदीकी जनपद के अधिकारियों से भी यह जानकारी प्राप्त की जा रही है कि किस मार्ग से कितने वाहन आ रहे है जिससे समुचित व्यवस्थाएं उस मार्ग पर की ● शेष पेज 11 पर



अंबानी परिवार ने संगम में डुबकी लगाई

### महाकुम्भनगर के 43 हॉस्पिटल हाई अलर्ट

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में माघ पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर योगी सरकार ने व्यापक तैयारी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ क्षेत्र के साथ ही शहर और मंडल के सभी अस्पताल हाई अलर्ट मोड में रहेंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल, थल और नभ से निगरानी की जा रही है। जिसके तहत 133 एंबुलेंस को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाने का काम करेंगी। इसमें 125 एंबुलेंस के अलावा सात रिवर एंबुलेंस और एक एयर एंबुलेंस विशेष रूप से तैनात की गई हैं। महाकुम्भ क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर में अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था की गई है। छोटे ऑपरेशनों से लेकर बड़ी सर्जरी तक की सुविधा मौजूद रहेगी। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि योगी सरकार की आपातकालीन सेवाएं विशेष रूप से एंबुलेंस सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस दौरान 2000 से अधिक मेडिकल स्टाफ महाकुम्भ क्षेत्र में तैनात रहेगा, जबकि स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में 700 से अधिक मेडिकल फोर्स हाई अलर्ट रहेगी। मुख्यमंत्री ● शेष पेज 11 पर

# वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले महाकुम्भ को लेकर कर रहे दुष्प्रचार: योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीबी उन्मूलन के खोखले नारे देने पर विपक्ष को घेरा। साथ ही उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर भी करारा प्रहार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुम्भ को लेकर दुष्प्रचार में जुटे हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के मौके पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की अंत्योदय की सोच आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष द्वारा महाकुंभ को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 29 दिन में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है, जो एक ऐतिहासिक घटना है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बाद दुनिया के किसी देश की आबादी 45 करोड़ नहीं है, एक अस्थाई शहर में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आकर डुबकी लगाए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसे वीआईपी स्नान से जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सच यह है कि महाकुम्भ समरसता और आस्था का संगम है, जहां जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र के भेदभाव को खत्म करके सभी श्रद्धालु एक साथ जुड़ते हैं लेकिन ये नकारात्मकता फैलाने वाले कौन लोग हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने जीवन भर सरकार की वीवीआईपी ट्रीटमेंट लिया है और अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक रास्ता खोलने का प्रयास किया था। ये वही लोग हैं जो नकारात्मकता पैदा करके भारत और सनातन के विरोध में सदैव खड़े रहते हैं और दुष्प्रचार करने में मशगूल रहते हैं। मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने वाले लोगों पर भी तंज कसते हुए कहा कि जब भी कोई नई योजना शुरू होती है, तो कुछ लोगों को केवल कमियां निकालने की आदत होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'जब पाइपलाइन बिछाई जाती है, तो सड़कें खुदाई के कारण खराब हो जाती हैं, लेकिन जब वह कार्य पूरा होता है, तो लोगों को सुविधा मिलती है। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब हम 4 करोड़ लोगों को आवास देते हैं तो वे कहते हैं कि अभी बहुत लोग बाकी हैं उनको बताना चाहता हूं कि 3 करोड़ आवास और स्वीकृत किए जा चुके हैं। जो लोग पहले केवल वीआईपी सुविधाएं भोगते थे, वही आज आम जनता को मिल रही सुविधाओं पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें सिर्फ गरीबी हटाने के नारे देती रहीं, लेकिन हकीकत में गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती गई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से गरीबी उन्मूलन का वास्तविक कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने गरीबी हटाने के बड़े-बड़े नारे दिए, लेकिन गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती रही। वहीं, मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं की चर्चा की। उन्होंने बताया कि अब तक 4 करोड़ गरीबों को मकान मिल चुके ● शेष पेज 11 पर



**पलटवार**

- ❑ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि
- ❑ दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही डबल इंजन सरकार
- ❑ दीनदयाल उपाध्याय सोच को केंद्र में रखकर पीएम मोदी ने दिया 'सबका साथ, सबका विकास का नारा
- ❑ मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों को सशक्त बनाने का कार्य किया
- ❑ विकास कार्यों पर विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को सीएम योगी ने दिखाया आईना

# जब तक न कहें, ईवीएम से डेटा न करें नष्ट

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा है कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में संरक्षित चुनावी डेटा को फिलहाल नष्ट न किया जाए। चुनाव के बाद ईवीएम के सत्यापन से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ये बड़ा आदेश दिया है। देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि फिलहाल ईवीएम से कोई भी डेटा न हटाएं और न ही उसमें कोई नया डेटा रीलोड करें।

सुप्रीम कोर्ट ने आज एक याचिका के जवाब में चुनाव आयोग से पूछा कि मतदान समाप्त होने के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया क्या है? अब चुनाव आयोग को चुनाव के बाद ईवीएम मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर को जलाने की प्रक्रिया के बारे में अदालत को जानकारी देनी होगी। दरअसल, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक याचिका में मांग की गई थी कि वोटों की गिनती समाप्त होने के बाद भी मशीनों से डेटा को नष्ट न किया जाए। इस जनहित याचिका पर सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस ● शेष पेज 11 पर



- ❑ सुप्रीम कोर्ट बोला -हारा उम्मीदवार स्पष्टीकरण चाहे तो इंजीनियर को बताना होगा छेड़छाड़ नहीं हुई

### दिल्ली में बैठकर मामलों का सूक्ष्म प्रबंधन संभव नहीं

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामलों का दिल्ली में बैठकर सूक्ष्म प्रबंधन करना संभव नहीं है। इसके साथ ही इसने मामले से संबंधित चिंताओं, विशेष रूप से मुसलमानों के खिलाफ कथित गौरक्षकों से जुड़ी चिंताओं को उठाने वाली एक जनहित याचिका का निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने शीर्ष अदालत के 2018 के फैसले का उल्लेख किया, जिसमें भीड़ हिंसा और गौरक्षा के नाम पर होने वाले अपराधों से निपटने के लिए ''निवारक, उपचारात्मक और दंडात्मक उपाय' के संबंध में कई निर्देश पारित किए गए थे। पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा, 'हालांकि, ● शेष पेज 11 पर

### एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट, दो जवान शहीद, एक घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट में जो जवान शहीद हो गए, जबकि 1 गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब 3:30 बजे जम्मू जिले के खौर थाने के अंतर्गत केरी बट्टल क्षेत्र में एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट हुआ। इसमें 3 जवान घायल हो गए, जिन्हें सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से 2 की इलाज के दौरान मौत हो गई, वहीं एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के करीब सेना का दल गश्त कर रहा था। इसी दौरान आतंकवादियों ने आईईडी ब्लास्ट किया। ● शेष पेज 11 पर

# सेंसेक्स 1018 और निफ्टी ने लगाया 310 अंक का गोता

**एजेंसी**

- ❑ अमेरिकी टैरिफ नीति से व्यापार युद्ध छिड़ने के खतरे से बाजार में हाहाकार

मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के इस्पात और एल्युमीनियम के आयात पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा से व्यापार युद्ध छिड़ने की आशंका में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से आज शेयर बाजार में हाहाकार मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1018.20 अंक अर्थात 1.32 प्रतिशत का गोता लगाकर 76,293.60 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 309.80 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23,071.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 2.88 प्रतिशत कमजोर होकर 40,946.22 अंक और स्मॉलकैप 3.40 प्रतिशत लुढ़ककर 47,369.27 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4097 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3478 में बिकवाली जबकि 525 में लिवाली हुई वहीं 94 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी ● शेष पेज 11 पर



# भारत के साथ मिलकर उन्नत रक्षा प्रणालियों का विकास करें वैश्विक समुदाय: राजनाथ

**एजेंसी**



बेंगलुरु। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में भागीदारी और सहयोग के महत्व पर बल देते हुए वैश्विक समुदाय से उन्नत प्रणालियों के सह-विकास और सह-उत्पादन में भारत के साथ जुड़ने का आह्वान किया है।

श्री सिंह मंगलवार को यहां 15वें एयरो इंडिया के हिस्से के रूप में आयोजित रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें 15 रक्षा मंत्री, 11 उप रक्षा मंत्री, 15 स्थायी सचिव और 17 सेवा प्रमुख शामिल थे। रक्षा मंत्री ने कहा, संघर्षों की बढ़ती संख्या, नई शक्ति के खेल, नए हथियार और सरकार से इतर तत्वों की बढ़ती भूमिका और विघटनकारी प्रौद्योगिकियों के उद्भव ने विश्व व्यवस्था को और अधिक नाजुक बना दिया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये साइबरस्पेस और बाह्य अंतरिक्ष संप्रभुता की स्थापित परिभाषा को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एआई, क्वांटम टेक्नोलॉजी, हाइपरसोनिक और निर्देशित ऊर्जा जैसी विध्वंसकारी प्रौद्योगिकियां युद्ध के चरित्र को बदल रही हैं और नई कमजोरियां पैदा कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन परिवर्तनों का भविष्य के युद्ध पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिससे चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक क्षमताओं का पुनर्मूल्यांकन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। रक्षा मंत्री ने बताया कि कमजोर स्थिति से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और शांति सुनिश्चित नहीं की जा सकती है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार रक्षा क्षमताओं को बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा, हमने एक अनुकूल नीति व्यवस्था लागू की है जो आधुनिक भूमि, समुद्री और वायु प्रणालियों की एक पूरी श्रृंखला के निवेश और उत्पादन को प्रोत्साहित करती है। रक्षा में अनुसंधान और विकास और नवाचार के लिए एक वैश्विक ● शेष पेज 11 पर

# एआई वैश्विक जन कल्याण के लिए अत्यंत उपयोगी नवान्वेषण:मोदी

**एजेंसी**

पेरिस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को वैश्विक जन कल्याण के लिए अत्यंत उपयोगी नवान्वेषण बताया है और भारत के बड़े भाषा मॉडल और गणना शक्ति के अनूठे मॉडल को दुनिया से साझा करने की पेशकश की है जो स्टार्टअप और शोधकर्ताओं को सस्ती कीमत पर उपलब्ध होगा।

पेरिस में ग्रैंड पैलेस में एआई एक्शन समिट की सह अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मुझे एक साधारण प्रयोग के साथ शुरू करने दें। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट को एआई ऐप पर अपलोड करते हैं, तो यह सरल भाषा में समझा सकता है, किसी भी शब्दजाल से मुक्त है कि आपके स्वास्थ्य के लिए इसका क्या मतलब है। लेकिन अगर आप एक ही ऐप को अपने बाएं हाथ से लिखने वाले किसी व्यक्ति की छवि खींचने के लिए कहते हैं, तो ऐप सबसे अधिक संभावना है कि किसी को अपने दाहिने हाथ से लिख रहा है। उन्होंने कहा, मैं इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने और मुझे सह-अध्यक्षता के लिए आमंत्रित करने के लिए अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों का आभारी हूं। एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को भी नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है।ङ्क

श्री मोदी ने कहा, एआई अभूतपूर्व पैमाने और गति से विकसित हो रहा है और इसे और भी तेजी से अनुकूलित और तैनात किया जा रहा है। सीमाओं के पार एक गहरी परस्पर निर्भरता भी है। इसलिए, शासन और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है जो हमारे साझा मूल्यों को अपलोड करते हैं, जोखिमों को संबोधित करते हैं और विश्वास का निर्माण करते हैं। लेकिन शासन केवल दरारों और प्रतिद्वंद्विता के प्रबंधन के बारे में नहीं है। यह नवाचार को बढ़ावा देने और वैश्विक भलाई के लिए इसे तैनात करने के बारे में भी है। इसलिए हमें गहराई से सोचना चाहिए और नवाचार और शासन के बारे में खुलकर चर्चा करनी चाहिए।ङ्क

उन्होंने कहा कि हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाते हैं। हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्ता वाले डेटा केंद्रों का निर्माण करना चाहिए, हमें प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना चाहिए और लोगों के उपयोग वाले अनुप्रयोगों का निर्माण करना चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, दुष्प्रचार और डीपफ़ेक से संबंधित चिंताओं को दूर करना चाहिए। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र में निहित है ताकि यह प्रभावी और उपयोगी हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि नौकरियों का नुकसान एआई का सबसे अधिक डर वाला व्यवधान है, लेकिन इतिहास से पता चला है कि प्रौद्योगिकी के कारण रोजगार खत्म नहीं होता है, केवल इसकी प्रकृति बदलती है। हमें एआई-संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कौशल और फिर से कौशल प्रदान करने में निवेश करने की आवश्यकता है।



श्री मोदी कहा,शासन सभी तक पहुंच सुनिश्चित करने के बारे में भी है, खासकर वैश्विक दक्षिण में। यह वह जगह है जहां क्षमताओं की सबसे अधिक कमी है, चाहे वह वित्तीय संसाधनों के लिए शक्ति, प्रतिभा या डेटा हो। एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और बहुत कुछ सुधार करके लाखों जीवन को बदलने में मदद कर सकता है। यह एक ऐसी दुनिया बनाने में मदद कर सकता है जिसमें सतत विकास लक्ष्यों की यात्रा आसान और तेज हो जाती है। ऐसा करने के लिए, हमें संसाधनों और प्रतिभा को एक साथ खींचना होगा। हमें ओपन-सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाते हैं। हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्ता वाले डेटा सेट का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने बहुत कम लागत पर 1.4 अरब से अधिक लोगों के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। यह एक खुले और सुलभ नेटवर्क के आसपास बनाया गया है। इसमें हमारी अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण, शासन में सुधार और हमारे लोगों के जीवन को बदलने के लिए नियम और अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला है। आज, भारत डेटा गोपनीयता पर और तकनीकी-कानूनी समाधानों में एआई अपनाने में अग्रणी है। हमारे पास दुनिया के सबसे बड़े एआई प्रतिभा पूल में से एक है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस ने सूर्य की शक्ति का उपयोग करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहलों के माध्यम से वर्षों तक एक साथ काम किया है। जैसा कि हम एआई के लिए अपनी साझीदारी को आगे बढ़ाते हैं, यह एक स्मार्ट और जिम्मेदार भविष्य को आकार देने के लिए स्थिरता से नवाचार तक एक प्राकृतिक प्रगति है। साथ ही, टिकाऊ एआई का मतलब केवल स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करना नहीं है। एआई मॉडल आकार, डेटा आवश्यकताओं और संसाधनों की आवश्यकताओं में भी कुशल और टिकाऊ होना चाहिए। आखिरकार, मानव मस्तिष्क अधिकांश प्रकाश ● शेष पेज 11 पर

# जाम से कराह रहा प्रयागराज, परीक्षा केंद्रों तक कैसे पहुचेंगे परीक्षक और परीक्षार्थी

- बोर्ड परीक्षा शुरू होने में बाकी हैं चंद दिन
- परीक्षा केन्दों पर पहुँचनी लगी बोर्ड की कॉपियां
- बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन महाकुंभ के बाद कराने पर दिया जा रहा जोर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता/संतोष यादव**

प्रयागराज। विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में होने वाले महाकुंभ में इस बार देश ही नहीं, दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालुओं की भीड़ संगम नगरी में उमड़ रही है। 26 फरवरी को महाकुम्भ का अंतिम स्नान पर्व है, ऐशे में देश विदेश से करोड़ो श्रद्धालुओं का संगम में स्नान होगा। स्नान के ठीक दो दिन पूर्व बोर्ड परीक्षा भी प्रारम्भ हो रही है। ऐसे में महाकुम्भ के बीच में बोर्ड परीक्षा को आयोजित कराने को लेकर बोर्ड अधिकारियों और परीक्षा केंद्रों में ऊपापोह




की स्थिति बनी हुई है। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होकर 12 मार्च 2025 तक दो पालियों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा 12 दिन में पूरी हो जाएगी।पहली पाली में सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक और दूसरी पाली में दो से 5:15 बजे तक परीक्षा होगी। 24 फरवरी को पहली पाली में हाई स्कूल की हिंदी व दूसरी पाली में इंटरमीडिएट हिंदी की परीक्षा होगी। ऐसे में प्रयागराज में महाकुंभ मेला 26 फरवरी तक चलेगा, जिसमें महाशिवरात्रि के दिन आखिरी स्नान होगा। इस दौरान संगम तट पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी, और ऐसे में जनपद सहित आसपास के जिलो में परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर दबाव है। बोर्ड अधिकारी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि महाशिवरात्रि पर्व और महाकुम्भ की भीड़ देखते हुए परीक्षा को महाकुम्भ मेला सम्पन्न होने के बाद ही शुरू किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं की भीड़ और परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था में कोई विघ्न न आए। हालांकि ऐसा किया जाता है तो बोर्ड पर आर्थिक और मानसिक दबाव पड़ेगा।

### महाकुंभ के चलते बदला गेट और जेम का एग्जाम सेंटर

महाकुंभ मेले के चलते यातायात की संभावित समस्याओं को देखते हुए गेट और जेम की परीक्षा जोकि प्रयागराज में होने जा रही थी, अब परीक्षार्थियो को लखनऊ के परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने के लिए शिफ्ट कर दिया गया है। आईआईटी रुड़की ने यह बदलाव महाकुंभ मेला के चलते यातायात की संभावित समस्याओं को देखते हुए किया है।अब यही अपेक्षा यूपी बोर्ड से भी की जा रही है। महाकुम्भ के चलते जनवरी माह से ही यूपी बोर्ड के छात्रों का पठन पाठन काफी प्रभावित रहा है। प्रयागराज में डेढ़ माह से ही श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ है,जिसके चलते स्कूल कॉलेज को बंद करके ऑनलाइन पढ़ाई की खानापूर्ति कराई जा रही है। महाकुम्भ मेले के चलते बोर्ड परीक्षा की तैयारी भी सही से इस बार नहीं कराई जा सकी है। जिसको लेकर बोर्ड परीक्षार्थी भी अभी से तनाव में हैं। यूपी बोर्ड के अलावा सीआईएससीई की कक्षा 12वीं की परीक्षा 14 फरवरी से तो वहीं सीबीएसई की 10वीं-12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से होने जा रही है। शहर के ज्यादातर इलाकों में दो-चार किलोमीटर दूर जाने में कई घंटों का समय लग जा रहा है, ऐसे में बोर्ड परीक्षार्थी और अभिभावक परेशान हैं कि परीक्षा के लिए समय पर कैसे केंद्र तक पहुँचा जा सकेगा। इस आ रही समस्या को लेकर कुछ केन्द्रव्यवस्थापको और अभिभावकों ने अपनी मंसा जाहिर करते हुए बताया कि छात्रहित को ध्यान रखते हुए बोर्ड परीक्षा की तिथि में बदलाव किया जाना चाहिए जिससे छात्रों को परीक्षा के दौरान कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, साथ ही परीक्षा भी निर्विघ्न सम्पन्न कराई जा सके।

# अखिलेश यादव ने यूपी में डबल इंजन की सरकार को बताया 'डबल ब्लंडर '

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमन्त्री अखिलेश यादव ने संसद में कई सारे मुद्दों पर अपनी बातें कही। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन पर भी सवाल उठाये। अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार को घेरते हुए कहा कि क्या यही विकसित भारत की तस्वीर होगी जिसमें आप ट्रैफिक मैनेज नहीं कर पा रहे हैं? हर शहर में कहा गया कि कोई शहर से निकले नहीं। सबके सब वहीं रुक जायें, दर्शन नहीं कर सकते। सब बॉर्डर सील हुए हैं। चांद पर पहुंचने का क्या फायदा, जब आपको जमीन की समस्यायें ना दिखती हो। डिजिटल इंडिया की बात कही गई थी, वो कहां है? जो लोग अभी तक इस बात की डिजिट नहीं दे पा रहे हैं कि महाकुंभ में कितने लोगों की जान गयी और कितने लोग वहां पर खो गये हैं। बजट के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह बजट टार्गेटेड है। जो सम्पन्न हैं और पूंजीपति हैं उन्हीं पर फोकस किया गया है।इस बजट में पीडीए के उत्थान के लिए कुछ भी नहीं है। मैं भी इस बजट के विरोध में खड़ा हुआ हूं। यह बजट तो उद्योगपतियों के लिए बना हुआ है। उन्होंने बीजेपी द्वारा बार-बार डबल इंजन की सरकार बताने पर कहा,''जो अपने आप को डबल इंजन की सरकार कह रहे हैं, वह उत्तर प्रदेश के इन्वेस्टमेंट के लिए क्या सहयोग कर रहे हैं?'' उन्होंने आगे कहा कि जो शौचालय बने हैं उनमें से किसी में भी पानी नहीं पहुंचता। क्या यही विकसित भारत की तस्वीर बनेगी बता दें कि बीते सालों में विपक्षी दलों ने किसानों के मुद्दों को लेकर बीजेपी सरकार को जमकर घेरा है। किसानों द्वारा उनकी मांगों को लेकर आन्दोलन किए गये। इसी विषय पर बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी के लोग चार इंजन की बात कर-करके जनता को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हम उत्तर प्रदेश को देखते हैं तो वहां पर जो सरकार चल रही है वो 'डबल ब्लंडर' कर रही है। हम लोगों को डबल ब्लंडर देखने को मिल रहे हैं। अखिलेश यादव ने चार इंजनों में पहला इंजन किसान और कृषि का बताते हुए कहा कि दस सालों का कार्यकाल गुजरने और इतना बजट आने के बाद भी किसानों की आय दोगुनी नहीं हो सकी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि अभी भी कुछ किसानों द्वारा आन्दोलन किया जा रहा है लेकिन जो यह सरकार विकसित भारत का सपना दिखा रही है उसके पास किसानों की आय दोगुनी करने का कोई रोड मैप नहीं है। उन्होंने स्वामीनाथन कमेटी की भी याद दिलायी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय नागरिकों को भारत वापस भेजने के तौर-तरीकों को लेकर विपक्षी दलों ने काफी हो-हल्ला मचाया था। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि पिछली बार ये (पीएम नरेन्द्र मोदी) अमेरिका गये थे तो हीरा लेकर गये थे। इस बार सोने की जंजीर लेकर जाइएगा। यह जंजीर देखकर उन्हें शायद कोई और जंजीर याद आ जाये। उन्होंने कहा कि यदि सम्भव हो तो कुछ बच्चों और महिलाओं को किसी और जहाज में लेकर आ जाइएगा क्योंकि वह जहाज भी तो भारत का ही होगा। बता दें कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निमंत्रण पर 12 फरवरी से दो दिवसीय अमेरिकी दौरे पर रहेंगे।

# दीवानी न्यायालय के स्थापना में देरी से अधिवक्ताओं में आक्रोश

- मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से दीवानी न्यायालय के स्थापना कराएं जानें की मांग:श्यामा कान्त त्रिपाठी / प्रत्याशी मन्त्री पद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

कोरांव प्रयागराज। जनपद प्रयागराज से 80 किमी की दूरी पर दक्षिणाचल का सबसे ददुरी पर स्थापित कोरांव तहसील है। जहाँ पर यूपी एमपी की सीमा सें जुडा है तहसील कोरांव का आखिरी गांव हंडिया मानपुर है, जहां से मध्यप्रदेश की सीमा प्रारम्भ होती है। वहीं दूसरी ओर राजपुर जो मिर्ज़ापुर से सटा हुआ है। इस प्रकार देखा जाय तो प्रयागराज में मुकदमा देखने के लिए 120 से 140 किलोमीटर का सफर वादकारियों को पूरा करना पड़ता है। इसको देखते हुए हाईकोर्ट ने वादकारियों को सुगम व सरल न्याय प्रणाली प्रदान करने के लिए जनपद प्रयागराज में हंडिया तहसील व कोरांव में दिवानी न्यायालय स्थापित करने



का निर्णय लिया। इसका परिणाम रहा कि हंडिया में न्यायालय में सुचारु रूप से न्यायिक कार्य प्रारम्भ हो चूका है वहीं पांच वर्ष बीत जाने के वावजूद भी कोरांव में दिवानी न्यायालय की स्थापना नहीं हो सकी, जबकि कोरांव में दिवानी न्यायालय के लिए जमीन का अधिग्रहण भी किया जा चुका है। फिर भी निर्माण कार्य अधर में है। इसका खामियाजा वादकारियों को भुगतना पड़ रहा है। आए दिन लोग न्याय की आस लेकर आते जरूर हैं पर उन्हें तारिख से ही सन्तोष का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर वादकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तहसील कोरांव में दिवानी न्यायालय की स्थापना कराएं जानें की मांग की है। हाईकोर्ट के आदेश वहीं समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है। पूर्व आय व्यय निरीक्षक श्यामा कान्त त्रिपाठी अधिवक्ता का कहना है कि जनपद की कोरांव से दूरी के चलते वादकारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री से आग्रह है कि जनहित में निर्णय लें, जिससे आम नागरिको को समय से न्याय मिल सके। वरिष्ठ अधिवक्ता इन्द्रेश पाण्डेय का कहना कि दिवानी न्यायालय को जमीन एलाट होने के वावजूद लगातार हो रहे विलम्ब से वादकारियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि सर्वे भी किया जा चूका है मुख्यमंत्री को संज्ञान लेना चाहिए। जिससे वादकारियों को न्याय सुगमता से मिल सकें।वही दूसरी तरफ पूर्व आय ब्ययनिरीक्षक श्यामा कान्त त्रिपाठी का कहना है कि जनपद की कोरांव से दूरी के चलते वादकारियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, माननीय मुख्यमंत्री जी से आग्रह है कि जनहित में निर्णय लें जिससे आम नागरिको को समय से न्याय मिल सके।

# नोडल टीचर का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शंकरगढ़ में संपन्न



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बारा, प्रयागराज। समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के लिए नोडल टीचर का पांच दिवसीय प्रशिक्षण (द्वितीय चरण) खंड शिक्षा अधिकारी शिव औतार के निर्देशन में ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरगढ़ में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के संदर्भदाता रामसूरत एवं सुदर्शन पटेल ने ब्लॉक के 85 नोडल टीचरों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान दिव्यांग बच्चों के चिन्हाकन एवं नामांकन पर जोर दिया गया। दिव्यांगता की पहचान एवं उनके लक्षण पर विस्तृत चर्चा कर 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के बारे में ज्ञान कराया गया। समर्थ एवं दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति मार्क करना, टी.एल.एम को प्रयोग में लाकर दिव्यांग बच्चों को शिक्षित, प्रशिक्षित कर समाज की मुख्य धारा में जोड़ने एवं सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं को प्राप्त करने की जानकारी दी गई। इसी के साथ वर्ष 2024-25 में स्टाइपेंड एवं एस्कॉर्ट एलाउंस लाभान्वित बच्चों के नाम भी गिनाये। इसमें कुछ के नाम इस प्रकार हैं, सुनैना प्राथमिक विद्यालय हड़ई,अमित कुमार यूपीएस नौ.उपरहार,गाढ़ा कटरा की रोशनी सिंह आदि ब्लॉक के 27 बच्चों को लाभ मिला। डीबीटी प्रेरणा पोर्टल पर इन बच्चों को वेरीफाई समय पर कराने की बातें बताई गई। अंत में विद्यालय सुगम्यता सर्वेक्षण जो नई शिक्षा नीति 2020 के टास्क क्रमांक में प्रावधान है, का कार्य चेकलिस्ट के माध्यम से किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बीआरसी स्टाफ जनों का पूर्ण सहयोग रहा। मौके पर शुभांगू पांडेय, सौरभ सिंह, विजय कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, नृपेंद्र सिंह, सोनू, सत्य प्रकाश,धर्मेंद्र, रजनीकांत मौजूद रहे।

### बड़ोखर में पीडीए द्वारा सम्पन्न हुआ जन चौपाल कार्यक्रम

**कोरांव प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विधानसभा कोराव के बड़ोखर सेक्टर में पी डी ए जन चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी सें जिला सचिव दिनेश पटेल,सेक्टर प्रभारी रविंद्र पटेल बूथ प्रभारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष पवन सोनकर विधानसभा उपाध्यक्ष कोरांव समाजवादी पार्टी रहे जन चौपाल के माध्यम सें लोगो कों यह सन्देश दिया गया की टुट गई विकास की डोर लौट चले अखिलेश की ओर साथ ही पूर्व मे रही समाजवादी पार्टी सरकार ने जनहित मे काफी काम किया है जब तक पुनः सें समाजवादी पार्टी की सरकार नही बनेगी तब तक विकास होना नही है।

### दहेज हत्या के आरोप में पति समेत सास ससुर गिरफ्तार, भेजा जेल

**नगराम , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** नगराम पुलिस ने मंगलवार को नव विवाहिता के दहेज हत्या के आरोप में पति समेत सास ससुर को गिरफ्तार किया है । क्षेत्र गुमानी खेड़ा गांव में बीते रविवार को नव विवाहिता का शव घर के आंगन में जिंगले से साड़ी के फंदे से लटका मिला था , जिस पर मृतका का के चाचा खैरा कनकू निवासी संतोष कुमार ने सोमवार को तीनों पर मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में नगराम पुलिस ने पति संदीप , ससुर बाबूलाल व सास सरोज पर दहेज की खातिर हत्या करने के विरुद्ध में मुकदमा पंजीकृत किया था। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मंगलवार को तीनों आरोपितों को गिरफ्तार न्यायालय पेश किया गया जहां से भेज दिया गया।

### ज़ोन 6 में निकाली गयी जागरूकता रैली



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मंगलवार को नगर निगम ज़ोन 6 में एक जागरूकता रैली निकाली गयी। इस रैली के दौरान लोगों को हाउस टैक्स जमा करने के लिए जागरूक किया गया। ये रैली ठाकुरगंज, बालागंज नेपियर रोड, पथरकटा रोड, एलडीए कॉलोनी, शीतला देवी वार्ड, गढ़ी पीर खा वार्ड, अंबर गंज वार्ड, सआदतगंज वार्ड हुसैनाबाद वार्ड, भवानीगंज वार्ड, कश्मीरी मोहल्ला, चौक आदि क्षेत्रों में निकाली गयी थी। जोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में निकाली गयी इस रैली में स्वास्थ्य विभाग, कर विभाग और लखनऊ स्वच्छता अभियान की टीम शामिल हुई थी।

### भारतीय पसमांदा मंच ने जिला प्रभारी व महानगर अध्यक्ष की सौंपी जिम्मेदारी



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मंगलवार को भारतीय पसमांदा मंच के यूथ प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद नजमुल होदा उर्फ बाबर द्वारा अफजल अली व डॉ फुरकान अहमद को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। अफजल अली को भारतीय पसमांदा मंच लखनऊ का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया व फुरकान अहमद को लखनऊ महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पद भार ग्रहण कराने के साथ उन्होंने कहा कि आप पूरे निष्ठा एवं ईमानदारी से संगठन संविधान के अनुरूप संगठन का कार्य एवं प्रचार प्रसार करेंगे और जिम्मेदारी समझेंगे । पदभार ग्रहण करने के बाद उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी।

### संयुक्त संघर्ष समिति ने कहा पहले आगरा और ग्रेटर नोएडा के निजीकरण का श्वेत पत्र जारी करे पॉवर कार्पोरेशन




**राजधानी लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** में मध्यांचल मुख्यालय पर और शक्ति भवन पर बड़ी विरोधी सभा हुई संघर्ष समिति ने कहा है कि निजीकरण के लिए आगे बढ़ने के पहले ग्रेटर नोएडा और आगरा के निजीकरण का श्वेत पत्र जारी किया जाए। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण पूरे देश में एक विफल प्रयोग है। यदि उत्तर प्रदेश की बात करें तो उत्तर प्रदेश में 1993 में ग्रेटर नोएडा का निजीकरण किया गया था और 2010 में आगरा शहर का निजीकरण किया गयाथा। इन दोनों शहरों के निजीकरण से पावर कारपोरेशन को कितना घाटा हुआ और आम जनता को कितनी तकलीफ हुई इसका खुलासा श्वेत पत्र द्वारा पावर कारपोरेशन को आम जनता के सामने जारी करना चाहिए। संघर्ष समिति ने कहा की आगरा में वर्ष 2023 -24 में पावर कॉरपोरेशन ने 5 रुपए 55 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद कर आगरा में टोरेंट कंपनी को 04 रुपए 36 पैसे में बेचा। इससे वर्ष 2023-24 में पॉवर कारपोरेशन को 275 करोड रुपए का नुकसान हुआ। विगत 14 वर्षों में पॉवर कारपोरेशन को आगरा के निजीकरण से 2434 करोड रुपए का नुकसान हो चुका है। संघर्ष समिति ने कहा कि यह नुकसान महंगी दर पर बिजली खरीद कर निजी कंपनी टोरेंट को सस्ती दर पर बचने के कारण हो रहा है। असली घाटा कई हजार करोड रुपए का है । आगरा में बिजली का औसत टैरिफ 07 रुपए 98 पैसे प्रति यूनिट है। टोरेंट कंपनी रुपए 4. 36 प्रति यूनिट पर पावर कारपोरेशन से बिजली खरीद कर रुपए 07.98 प्रति यूनिट में बेंच रहा है ।इस प्रकार से उसको लगभग 800 करोड रुपए का प्रति वर्ष का मुनाफा हो रहा है। यदि निजीकरण ना होता तो यह मुनाफा पावर कारपोरेशन को मिलता। इस प्रकार पावर कारपोरेशन को आगरा के निजीकरण से प्रतिवर्ष 1000 करोड रुपए से ज्यादा का नुकसान हो रहा है। 1993 में जब ग्रेटर नोएडा का विद्युत वितरण निजी कंपनी को दिया गया था तो यह एक बड़ी शर्त थी कि निजी कंपनी 54 महीने में अपना बिजली उत्पादन घर लगाएगी। नोएडा पावर कंपनी ने आज तक एक मेगा वाट का भी बिजली घर नहीं लगाया। कई साल तक पावर कॉरपोरेशन महंगी दर पर बिजली खरीद कर नोएडा पावर कंपनी को सस्ती दर पर बेचती रही । ग्रेटर नोएडा पूरी तरह से औद्योगिक क्षेत्र है। इस प्रकार इस निजीकरण से पॉवर कॉरपोरेशन घाटा उठाता रहा और निजी कम्पनी मुनाफा कमाती रही। संघर्ष समिति ने कहा की बिजली कर्मचारी और आम जनता यह जानना चाहते हैं कि निजीकरण का विफल प्रयोग उत्तर प्रदेश जैसे विशाल प्रांत में 42 जनपदों पर एक साथ क्यों थोपा जा रहा है ? निजीकरण के पहले ग्रेटर नोएडा और आगरा की सच्चाई आम जनता के सामने आनी ही चाहिए। आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्ज़ापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, जवाहरपुर, पनकी, हरदुआगंज, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध प्रदर्शन किया गया।

### यौन उत्पीड़न की शिकार महिला को गर्भ समाप्ति का अधिकार : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि यौन उत्पीड़न की शिकार महिला को मेडिकल रूप से गर्भ को समाप्त करने का अधिकार है। यौन उत्पीड़न के मामले में किसी महिला को गर्भ समाप्त करने से मना करना और उसे मातृत्व की जिम्मेदारी से बांधना उसके सम्मान के साथ जीने के मानवीय अधिकार से वंचित करने के समान होगा। कोर्ट ने कहा कि महिला को मां बनने के लिए हां या न कहने का अधिकार है। पीड़िता को यौन उत्पीड़न करने वाले व्यक्ति के बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर करना अकल्पनीय दुखों का कारण होगा। यह टिप्पणी करते हुए न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने पीड़िता को चिकित्सकीय रूप से गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी। भदोही की 17 वर्षीय किशोरी के पिता ने सम्बंधित थाने में नाबालिग बेटी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के आरोप का मुकदमा दर्ज कराया।

# स्वामी अवधेशानंदजी के द्वारा रामलखन गुप्त की पुस्तक का कुंभ मेला क्षेत्र में हुआ विमोचन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। चाकघाट निवासी ग्रामीण अंचल के वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार रामलखन गुप्त की पुस्तक *वरदान*( खंडकाव्य) का विमोचन। 9 फरवरी को प्रयागराज महाकुंभ क्षेत्र में जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। महाकुंभ क्षेत्र सेक्टर 18 में स्वामी अवधेशानंद जी महाराज के भव्य शिविर में वरदान पुस्तक का विमोचन स्वामी अवधेशानंद जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर देश-विदेश के तमाम श्रद्धालु एवं लेखक राम लखन गुप्त के परिवार एवं मित्रगण भी उपस्थित रहे। आंचलिक पत्रकारित के क्षेत्र में लगातार 46 वर्षों से कार्य कर रहे पत्रकार रामलखन गुप्त (मध्य प्रदेश शासन के राज्य स्तरीय अधिमान्य पत्रकार)हैं। उनकी यह खंडकाव्य पुस्तक वरदान का आज 9 फरवरी को विमोचन हुआ। इसके पूर्व राम



लखन गुप्त की 5 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। 1-साक्षरता के गीत, 2-पत्थर के देव, 3-ढ़ाई आखर, 4-भारत में विदेशी आक्रमण एवं 5-सामायिक चेतना। सत्यवान एवं सावित्री के जीवन चरित्र पर आधारित खंडकाव्य वरदान का पूज्य स्वामी अवधेशानंद जी के कर कमरों द्वारा विमोचन किया जाते समय आश्रम में दिनेश केसरवानी, श्रीमती अलका केसरवानी, यश केसरवानी एवं रवि अग्रहरि उपस्थिति प्रमुख रही ।

# सीलबंद पैकेट में असुरक्षित खाद्य सामग्री पाए जाने पर प्रथमदृष्टया निर्माता अथवा वितरक होगा जिम्मेदार : हाईकोर्ट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि यदि कोई खाद्य व्यवसाय संचालक जैसे कि रेस्तरां किसी रजिस्टर्ड निर्माता से सीलबंद पैकेट में कोई कच्चा माल या खाद्य सामग्री खरीदता है तो यह माना जाएगा कि खाद्य सामग्री गुणवत्तापूर्ण है। यदि सीलबंद पैकेट में खाद्य सामग्री असुरक्षित पाई जाती है तो प्रथमदृष्टया उत्तरदायित्व उसके निर्माता या उसके वितरक का होगा, न कि रेस्तरां का। हाईकोर्ट ने कहा कि खाद्य व्यवसाय संचालक को उसके उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल की गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, जब उसे उचित चालान के साथ रजिस्टर्ड निर्माताओं से सीलबंद पैकेट में खरीदा गया हो। गोल्डी मसाला ब्रांड के हल्दी पाउडर में लेड क्रोमेट मिला होने के मामले में रेस्टोरेंट संचालक व उसके कर्मचारी पर दर्ज किए मुकदमे व जारी समन आदेश को न्यायामूर्ति



अरुण कुमार सिंह देशवाल ने रद्द कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि यदि कोई खाद्य व्यवसाय संचालक जैसे कि रेस्तरां किसी रजिस्टर्ड निर्माता से सीलबंद पैकेट में कोई कच्चा माल या खाद्य सामग्री खरीदता है तो यह माना जाएगा कि खाद्य सामग्री गुणवत्तापूर्ण है। यदि सीलबंद पैकेट में खाद्य सामग्री असुरक्षित पाई जाती है तो प्रथमदृष्टया उत्तरदायित्व उसके निर्माता या उसके वितरक का होगा, न कि रेस्तरां का। शाहजहांपुर निवासी याची पीयूष गुप्ता रेस्टोरेंट में काम करता था। 21 मार्च 2023 को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने रेस्टोरेंट से गोल्डी मसाला ब्रांड के हल्दी पाउडर के चार पैकेट खरीदे और उन्हें जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ भेजा। खाद्य नमूनों में मानव स्वास्थ्य के जिए हानिकारक लेड क्रोमेट पाया गया। इस पर खाद्य अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लेते हुए सम्मन जारी किया। आवेदन ने सम्मन आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। आवेदकों के वकील ने दलील दी कि आवेदक केवल भोजन बनाने में हल्दी का प्रयोग करता था। वह हल्दी बेचेने का कार्य नहीं करता है। ब्रांडेड कम्पनी की सीलबंद पैकेजिंग में किसी भी दोष के लिए आवेदक को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने कहा कि, आवेदक ने हल्दी पाउडर एक प्रतिष्ठित निर्माता से बिलों के साथ खरीदा था। इसलिए खराब गुणवत्ता के लिए निर्माता जिम्मेदार है। हाईकोर्ट ने आवेदकों के खिलाफ कार्यवाही को रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को गोल्डी मसाला हल्दी पाउडर के निर्माता/वितरक के खिलाफ चालान जारी करने के लिए आगे बढ़ने की स्वतंत्रता दी।

### छेड़खानी के दो दोषियों को तीन-तीन वर्ष की कैद




**हमीरपुर।** किशोरी के साथ छेड़खानी कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के 10 साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने दो दोषियों को तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक अवध नरेश चंदेल ने अदालत को बताया कि राठ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को 29 जनवरी 2015 को तहरीर दी थी। उसने बताया था कि मवई गांव निवासी धीरेंद्र व अरुण उसकी नाबालिग बेटी के साथ जबरन छेड़खानी की है। उसके विरोध करने पर उसे जातिसूचक गालियां दी हैं। मामले में पुलिस ने उक्त दोनों लोगों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित एससीएसटी का मामला दर्जकर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने उक्त दोनों दोषियों को सजा सुनाई है।

# नैतिक पार्टी के 17वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को नहीं मिली अनुमति

## भारी आक्रोश के साथ कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार धरना प्रदर्शन

- पार्टी कार्यकर्ताओं ने लगाए नारें - ब्राह्मण विरोधी सरकार को धक्का मारो तान के और सड़ी-गली सरकार को धक्का मारो तान के
- नैतिक पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और इस अन्याय के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा : सी बी पाण्डेय

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। अपना 17वां स्थापना दिवस मनाने के लिए नैतिक पार्टी ने कैसरबाग स्थित गांधी भवन में कार्यक्रम आयोजित किया था। जिसकी लम्बे समय से तैयारियां भी चल रही थी। स्थापना दिवस में शामिल होने के लिए पूरे प्रदेश से कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया गया। लेकिन सारी तैयारियां पूरी होने एवं प्रदेश भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के गांधी भवन पहुँचने के बाद आयोजन की अनुमति ना मिलने की बात कहते हुए गांधी भवन के प्रेक्षागृह का ताला नही खोला गया। जिससे नैतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं में आक्रोश



उत्पन्न हुआ और वहीं गांधी भवन परिसर में ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भूषण पाण्डेय अपने कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठ गये। जिसके बाद मौजूदा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। वहीं नारेबाजी के दौरान कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार को ब्राह्मण विरोधी मानसिकता रखने का भी आरोप लगाया। नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रभूषण पांडेय ने कहा कि आयोजन की सारी तैयारियां पूरी होने व प्रदेश भर से कार्यकर्ताओं के पहुँचने के बाद अचानक बताया जा रहा है कि आयोजन की अनुमति नही मिली है, जबकि 23 जनवरी को 47,200 रुपये शुल्क के साथ अनुमति हेतु आवेदन किया गया था। लेकिन 10 फरवरी की रात अचानक इसकी अनुमति निरस्त कर दी गई। लेकिन इससे पूर्व ऐसी कोई सूचना नही दी गई। उन्होने कहा कि इससे ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा सरकार को ब्राह्मणों के हित में उठाए जा रहे हमारे प्रयास रास नहीं आ रहे।

**बिना ठोस कारण के कार्यक्रम की अनुमति रद्द,**

उन्होने कहा कि दुर्भावनापूर्ण तरीके से बिना किसी ठोस कारण के हमारे कार्यक्रम कीअनुमति रद्द करदी गई, जो असंवैधानिक होने के साथ साथ ब्राह्मण समाज का घोर अपमान भी है। बड़ी संख्या में मंगलवार को कार्यकर्ताओ के पहुँचने के बाद कार्यक्रम की अनुमति रद्द होने की जानकारी मिली, जिससे कार्यकर्ताओं ने मौजूदा सरकार के खिलाफ जबरदस्त नारेबाजी की। जिसमें पूरे दिन गांधी भवन में ब्राह्मण विरोधी सरकार को धक्का मारो तान के और सड़ी-गली सरकार को धक्का मारो तान के जैसे नारों से गूंजता रहा।

**23 जनवरी को शुल्क जमा कर किया था ऑनलाइन आवेदन,**

उन्होने कहा कि हमने नियमानुसार 23 जनवरी को 47,200 रुपये जमा कर ऑनलाइन आवेदन किया था। लेकिन 10 फरवरी की रात अनुमति निरस्त कर दी गई। यह संविधान के खिलाफ है और ब्राह्मण समाज का अपमान है। नैतिक पार्टी इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और इस अन्याय के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा। उन्होने कहा कि कुम्भ के समाप्ति के बाद वह प्रदेश भर में भ्रमण कर यात्रा निकालेंगे। उन्होने यह भी कहा कि पार्टी 2027 के चुनाव में सभी जगहों से अपने प्रत्याशियों को उतारेगी।

# अवैध गैस कटिंग गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ठाकुरगंज। कोतवाली क्षेत्र में अवैध गैस कटिंग और गैस रिफिलिंग के कारोबार से जुड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई ठाकुरगंज थाना प्रभारी श्रीकांत राय कि अगुवाई में चौकी प्रभारी शुभम त्यागी ने मुखबिर की सूचना पर 60 शुभम मार्केट के पीछे नई सड़क पर एक मकान में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को 60 अवैध गैस सिलेंडर बरामद हुए। जिनका उपयोग अवैध गैस कटिंग और गैस रिफिलिंग कर कस्टमर को बेचा जाता था। जिससे ठेकेदार मोटा मुनाफा कमाते थे ।

गौरतलब है कि लखनऊ के थाना दुबग्गा क्षेत्र में करीब दो महीने पहले अवैध गैस कटिंग के चलते एक बड़ा ब्लास्ट हुआ था। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे। यह घटना शहर में गैस रिफिलिंग के अवैध कारोबार की गंभीरता को उजागर करती है। इस घटना के बाद लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस ने पूरे शहर में अवैध गैस रिफिलिंग और कटिंग के खिलाफ छापेमारी अभियान शुरू किया था। और अब ठाकुरगंज पुलिस ने इस गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने बताया कि जब छापेमारी की गई। तो मकान के बाहर इंडियन गैस सर्विस के सिलेंडर रखे हुए थे। जब पूछताछ की गई। तो संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर पुलिस ने मकान के अंदर जाकर जांच की। वहां बड़े गैस सिलेंडरों से खाली सिलेंडरों में गैस रिफिलिंग करते हुए पाया गया। इस दौरान खाद्य और रसद विभाग के आपूर्ति इंस्पेक्टर अशोक कुमार चौरसिया आल्हा अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की।

पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सकेंद्र सहानी (34), गैस ठेकेदार, मुजफ्फरपुर, बिहार; मोहम्मद यूसुफ (53), मकान मालिक, सहादतगंज, लखनऊ; अरविंद कुमार यादव (26), मजदूर, काकोरी; और श्याम वरुण (35), मजदूर, उन्नाव शामिल हैं। इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करने की बात कहीं है। और सभी को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अवैध गैस कटिंग और रिफिलिंग का कारोबार पिछले कई दिनों से चल रहा था। जो अब पुलिस के शिकंजे में आ गया। पुलिस ने बताया कि छापेमारी में मिले प्रमाणों के आधार पर अब अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। और गिरोह के अन्य सदस्यों को भी पकड़ने के लिए अभियान जारी है।

ठाकुरगंज थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर की गई इस छापेमारी में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस ने कहा है कि इस तरह के अवैध कार्यों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और सभी आरोपियों को कड़ी सजा दिलवाने के लिए मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लखनऊ पुलिस शहर भर में इस प्रकार के अवैध गैस रिफिलिंग और कटिंग के कारोबार को खत्म करने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी।

# पुलिस ने हत्यारोपित को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा,लखनऊ । थाना क्षेत्र के हसन खेड़ा गांव में सोमवार शाम गाली गलौज का विरोध करने पर हुई किसान होरीलाल रावत (60) की हत्या में बंथरा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हत्यारोपित चंद्रशेखर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इससे पहले मृतक होरीलाल का पोस्टमार्टम के बाद शव जब गांव पहुंचा तो परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया परिजनों का कहना था कि अभी तक हत्यारे को बंथरा पुलिस गिरफ्तार क्यों नहीं कर सकी है, इसके बाद जब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने की बात बताई तब जाकर परिजन शांत हुए और मृतक का अंतिम संस्कार गांव में कराया गया। बताते चलें कि हसन खेड़ा गांव निवासी किसान होरीलाल सोमवार शाम अपने पोते को खिलाते-खिलाते पड़ोसी चंद्रशेखर के दरवाजे पहुंच गए थे इसी दौरान नशे में धुत्त चंद्रशेखर ने जब होरीलाल से गाली गलौज शुरू कर दी और होरीलाल ने इसका विरोध किया तभी नशे की हालत में आवेश में आकर चंद्रशेखर ने वहीं पड़े बांस को उठाकर होली लाल के सर पर प्रहार कर दिया जिससे होरीलाल की वहीं मौत हो गई थी और घबराकर चंद्रशेखर मौके से फरार हो गया। मंगलवार दोपहर को पुलिस ने गांव से कुछ ही दूरी पर नगवा नाले के पास से आरोपी चंद्रशेखर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने बताया कि नशे की हालत में उसने गाली गलौज का विरोध करने पर गुस्से में आकर किसान होरीलाल के सर पर वार कर दिया था। फिलहाल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करते हुए अपनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त बांस को भी बरामद किया है।

# खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

## प्रधानाचार्य अनिल वर्मा ने फीता काट कर खेल का कराया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। मंगलवार को क्षेत्र के बहरौली स्थित जवाहरलाल नेहरू इंटर कालेज में खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ । विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने फीता काटा और खिलाड़ियों से परिचय कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया ।

प्रतियोगिता में दौड़ , लंबी कूद , ऊंची कूद डिस्क थ्रो, जैवलिन थ्रो शाट पुट एवं भाला फेंक की प्रतियोगिताएं हुई। 100 मीटर की दौड़ में सीनियर में प्रांशु प्रथम शुभम द्वितीय और रोशन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही बालिकाओं में कल्पना प्रथम पिंकी द्वितीय और नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर में हरिओम प्रथम , सुशांत द्वितीय और आर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्क थ्रो समेत विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि छूटी प्रतियोगिता अन्य दिनों में आयोजित होगी। इस मौके पर समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली लखनऊ राजमार्ग पर हरिकन्श गढ़ी के पास आगे जा रहे ट्रक में पीछे से जा रहा बाइक सवार युवक अनियंत्रित हो कर ट्रक में घुस गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल बाइक सवार को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज लेकर गई जहां पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी मवई थाना मौरावां जनपद उन्नाव निजी कार्य से मंगलवार दोपहर मोहनलाल गंज की ओर से लखनऊ की तरफ जा रहा था राहगीरों ने बताया हरिकंस गढ़ी के पास आगे से जा रहे ट्रक ने अकस्मात ब्रेक ले ली तभी बाइक सवार अनियंत्रित होकर पीछे से ट्रक में घुस गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया । वहीँ सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को लेकर मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले कर गई जहां पर मौजूद डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

# बलरामपुर हॉस्पिटल में हुआ मॉड्यूलर आई ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मंगलवार को बलरामपुर चिकित्सालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉड्यूलर आई ऑपरेशन थियेटर एवं वार्ड का भव्य उद्घाटन उप मुख्यमंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक तथा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. रतन पाल सिंह सुमन, महानिदेशक परिवार कल्याण डॉ. सुषमा सिंह, महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. पवन कुमार अरुण, निदेशक बलरामपुर चिकित्सालय डॉ. सुशील प्रकाश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन. बी. सिंह एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी सहित अनेक अधिकारी एवं चिकित्सकगण, कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक अपने संबोधन में कहा कि सरकार प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बलरामपुर चिकित्सालय में मॉड्यूलर आई ऑपरेशन थियेटर की स्थापना से नेत्र रोगियों को आधुनिक एवं उच्च स्तरीय उपचार सुविधाएं मिलेंगी। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है और इस दिशा में निरंतर सुधार किए जा रहे हैं। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बलरामपुर चिकित्सालय में नई सुविधाओं के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अस्पताल पहले से ही मरीजों की सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, और नए ऑपरेशन थियेटर एवं वार्ड की सुविधा से नेत्र रोगियों को और अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों से मरीजों की सेवा को प्राथमिकता देने की अपील भी की। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने कहा कि यह नई सुविधा सरकार की समर्पित स्वास्थ्य नीति का हिस्सा है, जिसके तहत प्रदेश के अस्पतालों को उच्चस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को बधाई देते हुए मरीजों की देखभाल में सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने का आह्वान किया।बलरामपुर चिकित्सालय के निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक डॉ. सुशील प्रकाश ने कहा कि बलरामपुर चिकित्सालय को लगातार आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है जिससे मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके। मॉड्यूलर आई ऑपरेशन थियेटर और नए वार्ड की सुविधा से नेत्र रोगियों के इलाज में बड़ी मदद मिलेगी। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों, चिकित्सा कर्मियों एवं अतिथियों ने भी अस्पताल के इस नए आयाम की सराहना की और प्रदेश के नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन ने प्रमुख सचिव गृह को लिखा पत्र

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अवध बार एसोसिएशन (हाई कोर्ट लखनऊ) के जॉइंट सेक्रेटरी एडमिनिस्ट्रेशन देवकीनंदन पांडेय पर हुए हमले को लेकर वर्तमान अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ''शिव किशोर गौड़'' ने प्रमुख सचिव गृह उत्तर प्रदेश एवं पुलिस कमिश्नर लखनऊ को पत्र लिखकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता एवं पदाधिकारी अवध बार एसोसिएशन देवकीनंदन पांडेय पर हुए हमले को लेकर नाराजगी जताते हुए अधिवक्ता को सुरक्षा दिलाए जाने की बात पत्र के माध्यम से की है।लेटर में अधिवक्ता की सुरक्षा सुदृढ़ करने की तथा आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। कुछ दिन पूर्व विभूति खंड थाना क्षेत्र अंतर्गत हाई कोर्ट गेट नंबर 7 के पास अधिवक्ता देवकीनंदन पांडेय पर हमला हो गया था जिसको लेकर अधिवक्ता समाज में भारी आक्रोश है।पुलिस मुकदमा लिखकर जांच पड़ताल कर रही है हालांकि अधिवक्ता समाज पदाधिकारी देवकीनंदन पांडे की सुरक्षा की मांग कर रहा है। अधिवक्ता एवं अवध बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव प्रशासन पर हुए हमले को लेकर अधिवक्ता समाज में कड़ी नाराजगी और रोष देखने को मिल रहा है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य परेश मिश्रा तथा पूर्व उपाध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य जयनारायण पांडेय द्वारा भी अधिवक्ता के मामले में कड़ी कार्रवाई को लेकर प्रमुख सचिव गृह तथा पुलिस कमिश्नर को संबोधित करते हुए पत्र लिखा जा चुका है।

## बीमारी से तंग आकर मजदूर ने लगाई फांसी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक बीमार युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कुछ कब्जे में लेकर पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों में कोहराम मच गया। गोसाईगंज इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार सुबह करीब 7.56 बजेथाना गोसाईगंज पर सूचना प्राप्त हुयी कि रामशंकर पुत्र स्व0 जागेश्वर रावत उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम रहमत नगर थाना गोसाईगंज लखनऊ नेअपने घर के कमरे मे पंखे मे साड़ी बांध के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर मौके पर गोसाईगंज पुलिस मौके पहुंचकर शव को कब्जा पुलिस लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर शव को सील सर्व मुहर कर मोर्चरी हाउस रवाना किया गया। घर वालों के अनुसार मृतक करीब पांच महीने से बीमार था । वह मुम्बई में मजदूरी करता था, बीते एक महीने पहले ही लखनऊ आया था। उसके 4 बच्चे हैं, पत्नी बच्चों के साथ अपने भाई की शादी में शामिल होने मायके गई थी। मौत की सूचना मिलते ही सुबह पत्नी बच्चों के साथ मौके पर पहुँच गई, पूरे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## बिजली चोरी करना पड़ा भारी, 15 पर हुई एफ़आईआर



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को बिजली विभाग ने एक बार फिर बिजली चोरों के ख़िलाफ अभियान चलाते हुए 15 बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं को पकड़ा है जिनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जा रही है। मॉर्निंग रेड की यह कार्यवाही लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल व चौक सर्किल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय के आदेश पर की गयी थी। यह कार्यवाही ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार व रेजिडेंसी डिवीजन के अधिशासी अभियंता सतीश कुमार वर्मा के नेतृत्व में की गयी थी। इस दौरान उपखंड अधिकारी रामू गुप्ता व अवधेश प्रसाद चौधरी तथा उपखंड अधिकारी अमितेश कुमार ने विजिलेंस टीम व विभागीय टीम को साथ लेकर की थी। अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया की इस दौरान गौसगंज में 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया गया यहां 1 उपभोक्ता बिजली चोरी करते हुए पाया गया इसके अलावा ओल्ड बालागंज, बालाघाट, आजाद नगर, इलाके में 35 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को व गऊघाट, राधाग्राम इलाके में 22 कनेक्शनों को चेक किया गया जिसमें से 14 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पाया गया। उन्होंने बताया की इन सभी 15 उपभोक्ताओं के खिलाफ एंटी थेफ्ट थाने में बिजली चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है और सभी की लाइट पोल से काट दी गई है। इस अभियान में अवर अभियंता अभय कुमार, दुर्गेश चंद्र, अंकित पांडे व अंकित सिंह तथा विभाग के अन्य लोग शामिल थे।

# देश और प्रदेश सरकार की नीतियां नौजवान व किसान विरोधी है: अम्ब्रीश सिंह पुष्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी की ओर से मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लालपुर में पुरहिया सेक्टर स्तरीय पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान शोषित और वंचित समाज पर हो रहे उत्पीड़न और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर गहरी चर्चा हुई। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने चौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से भाजपा सरकार सत्ता में आई है, तब से पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज पर अत्याचार और ज़ुल्म की घटनाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि थानों और तहसीलों में प्रभुत्वशाली वर्ग का वर्चस्व बढ़ गया है और समाज में असमानता फैल रही है। पुष्कर ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार की नीतियां किसान और नौजवान विरोधी हैं, जिससे समाज और राज्य का विकास अवरुद्ध हो गया है उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें पीडीए को एकजुट करके 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है।

चौपाल में समाजवादी नेता धर्मवीर पासवान ने शिक्षा महंगी होने और शिक्षा एवं नौकरियों के निजीकरण पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इससे आरक्षण व्यवस्था कमजोर हो रही है और पिछड़े और दलित वर्ग को मिलने वाले अवसरों पर संकट आ रहा है। इसके अलावा, उन्होंने मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा द्वारा सत्ता का दुरुपयोग करने की भी आलोचना की। इस कार्यक्रम में सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल शरद सलिल, श्रवण यादव, जिलाध्यक्ष विजय यादव, राजा राम यादव, राम आधार वर्मा , देशराज यादव, राम सनेही यादव, राजू, रोहित यादव, रजनीश चौरसिया, अनिल पासी, नागेंद्र सिंह, अजय चौरसिया, गुड्डन, सुभाष गुप्ता, मो. हनीफ, शनि यादव, शैलेन्द्र यादव, कमलेश यादव, नितुल शर्मा, राम सागर धीमान, राम फल, राम आधार रावत और हरीशंकर रावत समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# बहुजन क्रांति संघ की बैठक सम्पन्न, सौंपा पद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ। क्षेत्र ग्राम पंचायत राती गांव में मंगलवार को बहुजन क्रांति संघ की बैठक की गई कार्यक्रम के आयोजक राम प्रताप पासी, ग्राम प्रधान नवनीत रावत, संयोजक फूलचंद गौतम रहे। वहीं मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल पासी ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा एक रोटी कम खाओ अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ अभी आपके बच्चे दो वकील पुलिस डीएम एसपी विधायक मंत्री बन पाएंगे वही राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने विचार समाप्त करते हुए बताया वोट का अधिकार सहित अधिकार संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने अपने बच्चों की कुर्बानी देकर इतनी ढेर सारी अधिकार मिल पाए थे यह सब जानो पहचानो। वही डीपी रावत ने अपने विचार प्रकट करते हुए बताया अंधविश्वास छोड़कर शिक्षा की ओर बढ़ो और लोगों को जागरुक करो जो काम अपना इतिहास नहीं जानता वह काम कभी अपना इतिहास नहीं बना सकता अपनी वोट का सही इस्तेमाल करें अपना कीमती वोट पैसा दारू शराब में ना बेचे हम सबको संविधान निर्माता डॉक्टर बी आर अंबेडकर बड़े मुश्किल से वोट का अधिकार दिला पाए थे। वही सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे मोहनलालगंज विधानसभा कमेटी के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ पूरी जिम्मेदारी दी गई जिसमें नए-नए पदाधिकारी नियुक्त किए गए जयचंद सचिव, नीलम पासी महिला सचिव, आकाश कुमार विधानसभा कोषाध्यक्ष, अवध लाल विधानसभा सचिव, विमलेश विधानसभा सचिन, शैलेश, सचिन पासी सचिव, मोहनलालगंज सोनेंद्र पत्रकार, मीडिया प्रभारी करन रावत सहित सैकणो क्षेत्रीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी बाजपेई की स्मृति में किया गया बंदे भारत अमृत उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज स्थित लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महा विद्यालय में बंदे मातरम् उत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम संस्कृति एवं पर्यटन परिषद लखनऊ और थिएटर एवं फिल्म वेलफ़ेयर एसोसिएशन की ओर से आजादी का अमृत काल एक भारत श्रेष्ठ भारत और महाकुंभ 2025 के अंतर्गत भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में वंदे भारत अमृत उत्सव का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में प्रभात फ़ेरी और तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूरा विद्यालय परिसर भारत माता की जय और वंदेमातरम के जयघोष से गूंज उठा।इसी मौके पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता मे विधि गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया द्वितीय स्थान दिव्यांशी , तृतीय दीपिका मोर्य को मिला।निबंध प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान कामिनी को मिला । पलक ने दूसरा और साक्षी सिंह ने तीसरा स्थान पाया।भाषण प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम शालिनी, द्वितीय आरती रावत व तृतीय ज्योति यादव को मिला क्र सांस्कृतिक मंच पर परंपरा के अनुसार समारोह की शुरुआत प्रथम देव गणेश वंदना की गई।लवप्रीत कौर ने देशभक्ति के अंतर्गत हर करम अपना करेंगे और प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के क्रम में गंगा जी नहाहिबो और सइया कुंभ के मेले जाइबे जैसे गीत सुनाए। लोगों ने तालियां बजाकर मधुर गायन की प्रशंसा की। सुर सरिता की अविरल धारा को प्रवाहित करते हुए बहराइच की विभा मैती और सह गायिका नलिनी त्रिपाठी ने राम भजन सुनाए। कुंदर सिंह के साथ गायिका श्वेता शुक्ला ने देश भक्ति के सदाबहार गीत ए मेरे वतन के, दिल दिया है, राम आए हैं और रेलिया बैरन सुनाकर वाहवाही लूटी। गायक रामगुलाम गुप्ता ने छोड़ो कल की बातें, कही साथ ही दूर जब दिन ढल जाये और डाकिया डाक लाया सुनाया। इस क्रम में केन्द्रीय आकर्षण के रूप में नव अंशिका फाउण्डेशन की ओर से नीशू त्यागी के सयोजन मे गंगा अवतरण नृत्य नाटिका और रामायण नृत्य नाटिका का प्रभावी प्रदर्शन देखते ही बना। रामायण नृत्य नाटिका में विशाल गुप्ता, अरुण सोनकर, दिशा, सोनाली, शची द्विवेदी, आदित्य और अंशिका त्यागी ने दर्शकों की तालियां बटोरीं। दूसरी ओर गंगा अवतरण में अंशिका त्यागी ने गंगा के किरदार में प्रशंसा हासिल की। उनका साथ इस प्रस्तुति में विशाल, अरुण, दिशा, सोनाली, शची द्विवेदी, आदित्य ने दिया। लखनऊ कम्युनिकेशन सोसाइटी की ओर से विजय लक्ष्मी गुप्ता के संयोजन मे देशभक्ति पर आधारित आज़ादी के दीवाने नाटक का मंचन तमाल बोस के लेखन और निर्देशन में किया गया। इसमें सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में कोलकाता के विस्मृत स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कुशलतापूर्वक पेश किया गया। नाट्य गीत हम भारत की बेटी हैं ने नाटक प्रस्तुति के आकर्षण को बढ़ाया। इस प्रस्तुति में रुचि रावत, नदीम आरिफ, सिद्धार्थ कुमार, राहुल पाठक, सौरभ वर्मा, कुलदीप श्रीवास्तव, रोहित श्रीवास्तव, विवेक रंजन, अभय रावत ने विभिन्न किरदार अदा किए। कार्यक्रम में लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय के प्रबंधक अंबेडकर प्रसाद वर्मा, सचिव श्रीमती सरिता वर्मा , प्रधानाचार्य,नीरज सिंह ,संस्कृति एवं पर्यटन परिषद लखनऊ से रूचि मिश्रा , दुर्गेश पाठक, कविता पाठक, एकल विद्यालय के भाग प्राथमिक शिक्षा अध्यक्ष श्याममूर्ति गुप्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफ़ेसर एम. वर्मा,गंगागंजकोषाध्यक्ष राज बहादुर राय, 20 गर्ल्स यूपी एन सी सी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी, डॉक्टर हरपाल वर्मा गौतम, गोसाइगंज स्थित ब्लॉक प्रमुख विनय कुमार वर्मा, लेखराज स्थित रॉयल हर्बल क्लीनिक के एस.अहमद, लखनऊ के एस.पी. क्राइम एम.पी. सिंह, जीएसटी लखनऊ की सहायक आयुक्त कविता श्रीवास्तव, लखनऊ की ए.सी.पी. किरण यादव, लोकप्रिय लेखिका और समाज सेविका डॉ. ऋचा आर्या, समाज सेविका रेखा झा, भाजपा के सक्रिय समाज सेवक सत्य प्रकाश गुलहरे, शाहजहांपुर से नरेंद्र सक्सेना और अंशिका गुप्ता सहित कई विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

## सूचना

मैं पंकज गौतम पुत्र रमेश गौतम मेरी बीटेक चतुर्थ ईयर की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक नंबर 1405600077 है जिला गाजीपुर से लखनऊ आते वक्त रास्ते में कही पर गिर गई है कृपया जिसे मिले इस नंबर पर 8726941945 पर सूचित करे।

# जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ भव्य आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । मेरा युवा भारत योजना अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र सीतापुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन मेजर ध्यानचंद्र स्टेडियम में उत्साहपूर्वक रूप से किया गया। प्रतियोगिता अंतर्गत 6 क्लस्टर स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों व टीमों ने प्रतिभाग किया। समूह खेल में कबड्डी व वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गईं जिसमे बालिका वर्ग में कबड्डी में महमूदाबाद की टीम विजेता जबकि लहरपुर की टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग वालीबॉल में लहरपुर टीम विजेता, जबकि पहला टीम उपविजेता रही। बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता अंतर्गत प्रथम मुनव्वर, द्वितीय चंदन रावत तथा तृतीय स्थान अनुभव यादव ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 500 मीटर स्लो साइक्लिंग में प्रथम, खुशी वर्मा, द्वितीय अंशिका वर्मा व सविता राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग कुश्ती 45-55 किलोग्राम वर्ग में प्रथम विजेता राम जी, द्वितीय विजेता ललित कुमार तथा तृतीय स्थान ललित कुमार का रहा स बैडमिंटन में मेहविश खातून प्रथम विजेता जबकि बेबी उपविजेता रहीं। रेफरी के रूप में लौंगश्री यादव, रवि सिंह,नीलम कुमारी, प्रदीप तिवारी, संतोष कनौजिया, रजनीश कुमार,धीरेंद्र, आशीष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा जी जिला व्यायाम शिक्षक व विशेष सहयोग लेखा एवं कार्यक्रम सहायक पारुल का रहा। युवाओं में खेलो से समय प्रबंधन और अनुशासन की आदतें विकसित होती हैं व खेलों को भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक भी माना जाता है यह बात पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जिला युवा अधिकारी रोशनी पटवा ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वचन प्रदान किया व सभी विजेताओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री रवि शंकर गिरी जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजा बनने के लिए मानसिक व शारीरिक शक्ति को बढ़ाना चाहिए मानसिक शक्ति शिक्षा सेवा शारीरिक शक्ति मैदान में खेल से बनती है कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री संजीव कुमार सिंह जी ने कहा कि खेलों का शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है यही एक ऐसी विधा है जिसमें कोई आरक्षण नहीं है। सम्मानित मंच द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित भी किया गया और समूह खेलों की ब्लॉक स्तरीय विजेता टीमों को माय भारत किट भी प्रदान की गई जिसे सभी ने सराहा स कार्यक्रम में विशेष सहयोग पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नूर आलम, अलाउद्दीन, पंकज, आदेश इत्यादि का रहा।

# एकीकृत बागवानी विकास योजना के अंतर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया, सीतापुर में एकीकृत बागवानी विकास योजना के अंतर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष, जिला उद्यान अधिकारी, जिला उद्यान निरीक्षक, केंद्र के वैज्ञानिकों और क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों की उपस्थिति में किया गया।कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दयाशंकर श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन देते हुए केंद्र की प्रमुख तकनीकों और नवीन कृषि पद्धतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उद्यानिकी फसलें किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। एकीकृत कीट प्रबंधन पर चर्चा करते हुए उन्होंने सोलर लाइट ट्रैप, पीला चिपचिपा पास, फूट फ्लाई ट्रैप सहित अन्य जैविक विधियों के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही, जिससे कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग को कम कर खेती की लागत घटाई जा सकती है। जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती राजश्री ने अपने विस्तृत उद्बोधन में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी, जिनमें एकीकृत बागवानी मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, हर्बल गार्डन की स्थापना, राष्ट्रीय आयुष मिशन, फल पट्टी विकास योजना और उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने किसानों को बागवानी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से उत्पादन बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा की।जिला उद्यान निरीक्षक श्री राजीव गुप्ता ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पी0एम0-एफ0एम0ई0) के तहत किसानों को दी जाने वाली अनुदान एवं सुविधाओं की जानकारी दी, जिससे किसान अपने उत्पादों का प्रसंस्करण कर अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। उन्होंने स्थानीय स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के महत्व को भी रेखांकित किया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रगतिशील कृषक एवं उद्यमी मोहम्मद फहद फारुकी ने आम की बागवानी प्रबंधन पर विशेष सत्र लिया। उन्होंने आम के उत्पादन में आधुनिक तकनीकों, उर्वरक प्रबंधन और रोग नियंत्रण के प्रभावी उपायों पर चर्चा की। मृदा वैज्ञानिक श्री सचिन प्रताप तोमर ने फल एवं फूल वाली फसलों के पोषक तत्व प्रबंधन पर जानकारी दी। उन्होंने कार्बनिक, अकार्बनिक एवं जैविक उर्वरकों के संतुलित उपयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के समुचित प्रयोग की सलाह दी, जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और उत्पादन में वृद्धि हो। गृह वैज्ञानिक डॉ. रीमा ने फल एवं सब्जियों के प्रसंस्करण पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इनका उपयोग अचार, चटनी, जैम, जेली और पाउडर जैसे उत्पादों के निर्माण में किया जा सकता है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. आनंद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ. शिशिरकांत सिंह एवं डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने विभिन्न कृषि विषयों पर किसानों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया।प्रगतिशील कृषक अमनदीप सिंह (हरगांव, सीतापुर) ने केला उत्पादन पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिक उत्पादन के लिए प्रजाति का चयन, मिट्टी की उपयुक्तता, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और सिंचाई व्यवस्था महत्वपूर्ण होती है। चूंकि केला एक दीर्घकालिक फसल है, इसलिए खरपतवार प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है। नवीन मोहन राजवंशी (पिछौली, हरगांव) ने स्ट्रॉबेरी की खेती पर अपने अनुभव साझा किए।

# बड़े बकाएदारों से कर्ज वसूली के लिए प्रशासन ने खेतों में लगाई लाल झंडी




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सकरन सीतापुर । भारतीय स्टेट बैंक शाखा सांडा से बड़ी रकम निकाल लेने के बाद कर्ज लिए गए ऋण को शाखा को वापस न करने वाले किसानों से अदायगी के लिए तैनात की गई रिकवरी एजेंसी की लाख कोशिशों के बावजूद मौन धारण किए बकाएदार किसानों के खिलाफ राजस्व विभाग ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उनके खेतों में लाल झंडी लगाते हुए परिसंपत्ति नीलामी की कार्यवाई की है।बकाएदार यज्ञनाथ मिश्रा पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी बेदौरा ने करीब 14लाख रुपए,लल्लूराम पुत्र माता प्रसाद निवासी पतरासा ने करीब8.50लाख रुपए व मोती लाल पुत्र रामभरोसे निवासी क्योंटाना हरदोपट्टी ने 7.50 लाख रुपए शाखा से कर्ज लेकर वापसी ही नहीं की जिसको लेकर बैंक व राजस्व ने इनके खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए खेतों में लाल झंडिया लगा दी।अब आगे की प्रक्रिया जल्द ही क्रियानवित कर ऋण अदायगी की जाएगी।जो अन्य दूसरे बकाएदारों के लिए बड़ी सीख होगी। इस मौके पर शाखा प्रबंधक जे. पी.राठौर,रिकवरी टीम लीडर किरन मिश्रा,राजस्व लेखपाल अनिरुद्ध पटेल,संग्रह अमीन आयुष सिंह,ज्ञानेंद्र कुमार,संजय वर्मा व प्रमोद वर्मा उपस्थित रहे।

# पंचायत विकास सूचकांक पीडीआई और सतत विकास लक्ष्यों एलएसडीजीएस पर दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




महमूदाबाद , सीतापुर। जनपद सीतापुर के विकास खंड महमूदाबाद में मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राम वीर के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर उक्त कार्यक्रम को शुरू किया गया। इस कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर वैभव वर्मा एवं प्रतिभा वर्मा द्वारा कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों GPDP, PDI, LSDG, आयकर आदि विषयों पर चर्चा कर उन्हें जानकारी दी गई। साथ यह भी जानकारी दी गई कि पंचायती राज विभाग ने पंचायत विकास सूचकांक (पीडीआई)और सतत विकास लक्ष्यों (एलएसडीजीएस) के स्थानीय क्रियान्वयन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है।इस पहल का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को सशक्त बनाना, विकास कार्यों का प्रभावी मूल्यांकन करना और सतत विकास लक्ष्यों को स्थानीय जरूरतों के अनुसार लागू करना है। और साथ ही प्रशिक्षण में स्वास्थ्य,शिक्षा, स्वच्छता,जल संरक्षण , महिला सशक्तिकरण और ऊर्जा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। विभागीय अधिकारी ने कहा यह कार्यक्रम पंचायतों के समावेशी विकास और सुशासन को बढ़ावा देगा। और माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के क्रम लखनऊ मंडल के सभी छः जनपदों के समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को निम्न तीन बिन्दु हेतु प्रशिक्षण दिया गया। उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य, व उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947की धारा 95 (1) (छः) के प्रविधानुसार प्रधान को पद से हटाया जाना, एवं ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर को रिटर्न दाखिल करने की भी उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी दी गई। इस दौरान वहां पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)राम वीर वर्मा , एडीओ पंचायत , सचिव समेत ग्राम प्रधान उपस्थित रहें।

# मनरेगा के जरिए ग्राम पंचायत भिठमनी बर्बाद कर रही सरकारी मनी

- मनरेगा फर्जीवाड़े में नंबर वन पंचायत में प्रधान मजदूरों को बता रहे धता,रोजगार सेवक मनरेगा लूट का राज नहीं रहा बता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सकरन /सीतापुर। विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत भिठमनी में ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक एवं सचिव की मिली भगति से मनरेगा योजना के नाम पर भ्रष्टाचार पनप रहा है। सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत भिठमनी में कई दिनों से विकास कार्य मनरेगा योजना के तहत एक कार्य चल रहा है जिसमें ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक एवं सचिव द्वारा विकास कार्य की आड़ में बढ़ा चढ़ाकर लोगों की उपस्थिति मस्टर रोल पर चढ़ाई जा रही है। कार्य योजना का नाम झबरा तालाब से जगदीश के खेत तक नाला खुदाई एवं सफाई कार्य। जो फोटो अपलोड होती है उस फोटो में सिर्फ कुछ आदमियों के चित्र दिख रहे हैं जबकि मस्टर रोल पर कुछ महिलाओं के नाम भी दर्ज है। सूत्रों ने बताया कि लोगों की उपस्थिति बढ़ा चढ़ाकर दर्ज होती है सरकार की आंखों में धूल झोंक कर सरकारी धन को हड़पने का काम किया जा रहा है। जबकि फोटो में साफ साफ दिखाई दे रहा है करीब 12, 15 लोग नज़र आ रहे हैं। और मस्टर रोल पर करीब 57 लोगों की उपस्थिति दर्ज होती है वहां पर एक पत्थर बोर्ड लगा है जिसपर न ब्लाक का नाम न ग्राम पंचायत का नाम न ही कार्य योजना का बल्कि सादा लगा हुआ है यदि ग्राम पंचायत भिठमनी में विकास कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराई जा तो बहुत से कारनामे उजागर होंगे।

# जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति,जिला टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीतापुर । जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति/जिला टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखी। उन्होंने संबंधित से स्कूल में पेयजल एवं शौचालय की स्थिति की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि सभी स्कूलों में पेयजल एवं शौचालय की स्थितियों में सुधार लाया जाये, इसके बिना स्कूल अनुपयोगी है। जिन स्कूलों में शौचालय नहीं बने हैं उन स्कूलों में प्राथमिकता पर शौचालय बनाया जाना सुनिश्चित किया जाये। साथ ही बच्चों के मल्टीपल हैण्डवाश के लिये उचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण करते रहे। जलापूर्ति के लिये हैण्डपम्प/समरसेबल की जानकारी लेते हुये कहा कि स्कूल में टंकी रखकर पाईप लगाते हुये पानी की समस्या दूर की जाये तथा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भी स्कूलों में पानी की आपूर्ति की जाये। कक्षाओं में टायलीकरण, विद्युत, विद्युत वायरिंग, उपकरण एवं संयोजन का भी कार्य कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्कूलों में रंगाई-पुताई सही ढंग से नही है वहां भी कार्य सही ढंग से कराया जाये तथा स्कूल की बाउन्ड्रीवाल एवं फर्नीचरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि यदि निरीक्षण के दौरान जिन स्कूलों में रंगाई व पुताई का कार्य पूर्ण नही पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्कूलों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुये इसे गुणवत्तापरक ढंग से पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। कार्यों में गुणवत्ता से संबंधित जो भी शिकायतें आ रही उसका निस्तारण किया जाये। जर्जर स्कूलों या भवनों की नीलामी से पूर्व उसका मूल्यांकन सही ढंग से किया जाये। स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन की स्थिति में सुधार के निर्देश देते हुये कहा कि ज्यादा से ज्यादा नामांकन किये जाये व इसका प्रेरणा पोर्टल पर भी रजिस्ट्रेशन कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का आधार कार्ड किन्हीं कारणों से नही बन पाया हो, उनका आधार कार्ड तत्काल बनवाया जाये ताकि बच्चों के लिये जो पैसा खातों में पहुंचाया जा रहा है वह आसानी से पहुंच सके। पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी लेते हुये उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि पाठ्य पुस्तक की आपूर्ति बच्चों के घर पर जाकर की जाये, जो बच्चे स्कूल नही आ रहे है उनके अभिभावकों से मिलकर इस संबंध में उनसे जानकारी ली जाये। दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं नामांकन की जानकारी के साथ-साथ उपस्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो दिव्यांग बच्चे स्कूल नही आ पा रहे हैं तो ऐसे बच्चों के घरों पर स्पेशल एजुकेटर जाकर उनको शिक्षित करें। उन्होंने विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की प्रगति की जानकारी लेते हुये कहा कि जहां-जहां पर बच्चों की उपस्थिति कम है तो उसके कारण की जानकारी करते हुये स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित करायी जाये।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत सरैया चलाकापुर की प्रियंका वर्मा निर्विरोध हुई ग्राम प्रधान

- ग्रामीणों ने प्रधान को मिठाई खिलाकर दी बधाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महमूदाबाद , सीतापुर। जनपद सीतापुर के विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत सरैया चलाकापुर में वर्ष 2021 में हुए पंचायत चुनाव में वहां के ग्रामीणों ने आशा देवी पत्नी दिलीप कुमार वर्मा को अपना प्रधान चुना था। जिसके बाद वर्ष 2024 में ग्राम प्रधान आशा देवी बीमारी हो गई। लम्बी बीमारी के चलते इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। ग्राम प्रधान की मृत्यु होने के वर्ष 2025 में सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार फरवरी माह में सभी जनपद की ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान, सदस्य क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों के मृतक होने की जगह पर चुनाव कराने की तिथि तय कर चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी दौरान जनपद सीतापुर के विकास खंड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत सरैया चलाकापुर में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला सीट होने पर मृतक प्रधान आशा देवी पत्नी दिलीप कुमार की पुत्री प्रियंका वर्मा को ग्राम पंचायत सरैया चलाकापुर से निर्विरोध प्रधान चुना गया। ग्राम प्रधान पद का प्रमाण पत्र मंगलवार को विकास खंड महमूदाबाद कार्यालय में प्रियंका वर्मा को चुनाव अधिकारी डॉक्टर हरि सिंह के द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान वहां पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राम वीर वर्मा , प्रधान प्रतिनिधि दिलीप कुमार वर्मा समेत कई अन्य लोग मौजूद रहें। साथ ही प्रियंका वर्मा को निर्विरोध ग्राम प्रधान चुने जाने पर क्षेत्रीय लोगों समेत ग्रामवासियों ने प्रधान प्रियंका वर्मा को फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली गोपनीयता की शपथ

- बार एसोसिएशन मोहम्मदी के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ
- मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहम्मदी-खीरी। बार एसोसिएशन मोहम्मदी का शपथ ग्रहण समारोह सिविल जज परिसर में हुआ संपन्न,शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश सैयद माऊज बिन आसिम रहे,शपथ ग्रहण से पूर्व जनपद न्यायाधीश,अपर जनपद न्यायाधीश तथा अन्य ने सरस्वती के चित्र पर दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया,उसके पश्चात जनपद न्यायाधीश सै.माऊज बिन आसिम ने नव निर्वाचित अध्यक्ष कुलदीप सिंह,महा मंत्री अमित मिश्रा सहित पूरी कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश सै.माऊज बिन आसिम ने कहा आपके शपथग्रहण समारोह मे आकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हू,आपसे सभी को बहुत उम्मीदे बावस्ता है,उन्होंने कहा आपके लिए उन सभी अधिवक्ताओं को सुख दुख के साथ-साथ बार और बेंच एक समान कूल माहौल बनाए रखना बहुत जरूरी है,उन्होंने शपथग्रहण समारोह मे मुख्य अतिथि बनाऐ जाने पर कार्यकारिणी का धन्यवाद दिया, शपथ ग्रहण के बाद मुख्य अतिथि,सहित विशिष्ट अतिथि, को अध्यक्ष कुलदीप सिंह महामंत्री अमित मिश्रा ने इस स्मृति देकर सम्मानित किया, शपथ ग्रहण समारोह को अपर जिला जज सुभाष सिह,अनिल कुमार राना, वरिष्ठ अधिवक्ता राम खेलावन मिश्रा ,वीरेंद्र गुप्ता , विवेक शुक्ला,मोहम्मद हाशिम ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम में पूर्व बार अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह,राम कैलाश यादव, पूर्व महामंत्री मोहम्मद हसन नकवी, राजीव बाजपेई, शुभम सिंह ,रईस खान, शेर त्रिवेदी, मोहम्मद खालिद सहित बड़ी संख्या मे अधिवक्ता मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता बीपी सिंह ने किया।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए एकात्म मानववाद के जनक पं. दीनदयाल उपाध्याय

- 57वीं पुण्यतिथि! समाज व राष्ट्र निर्माण का दर्शन देने वाले अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल : विजय शुक्ला रिंकू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोला गोकर्णनाथ-खीरी। नगर पालिका सभागार में एकात्म मानववाद के जनक पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर याद किया गया। मुख्य अतिथि भूमि विकास बैठक उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन सुर्जन लाल वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री/चेयरमैन भूमि विकास बैंक ने श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि,गरीब, असहाय एवं निर्बल के उत्थान के लिए सदैव कार्य करते है।नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा पं0 दीनदयाल उपाध्याय का सामाजिक जीवन का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रुप में हमारे नगर गोला से हुआ।यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। जिला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनोद स्वर्णकार ने भी दीनदयाल जी के कृतत्व पर प्रकाश डाला।तथा कार्यक्रम का संचालन नगर मंत्री धीरज बाजपेयी ने किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा,कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सक्सेना, विजय बाजपेयी ,नगर मंत्री राजीव वर्मा नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा सीमा सक्सेना, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, सीमा वर्मा,पूर्व नगर महामंत्री अनुराग गुप्ता ,शक्ति केन्द्र संयोजक शिवम गुप्ता, राहुल बाल्मीकि, बूथ अध्यक्ष बालगोविंद वर्मा, रजत गुप्ता, मनोज बाथम ,प्रदीप खतौलिया, गोविंद कुमार, जीतू वर्मा, हिमांशु सिंह,शिवम कश्यप सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लहरपुर कस्बा से जाने वाले विभिन्न मार्गों पर चला सघन अभियान

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम ने बताया कि आज प्रातः पाँच बजे से राजस्व, पुलिस व परिवहन की संयुक्त टीम सक्रिय हुई तो ओवरलोड वाहनों सहित अनफिट वाहनों एवं अपूर्ण दस्तावेजों वाले वाहनों को चिन्हित कर चालान किया गया। यह सघन चेकिंग अभियान प्रातः पाँच बजे से 10 बजे तक चला, जिसमे कुल 16 वाहनों का चालान किया गया। जिन 16 वाहनों का चालान किया गया उन पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। आज राजस्व व परिवहन विभाग द्वारा कार्यवाही की गई ये कार्यवाही अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही है। सघन अभियान में ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन माला बाजपेयी भी मौजूद रहीं।

## बाइक चोर गिरोह ने लोगों की उड़ाई नींद, एडवोकेट की बाइक चोरी को लेकर सौपा ज्ञापन

**निघासन-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शुक्रवार 7 फरवरी को वकील मो. इजहार नमाज पढ़ने पलिया रोड नूरी मस्जिद में गए थे।मोटर साइकिल प्रज्ञा लोहा भंडार के गोदाम के पास खड़ी कर दी थी। नमाज पढ़कर जब वापस आए तो मोटर साइकिल गायब मिली जिसकी सूचना पुलिस को दी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया ।वकील ने कुछ जानकारी भी दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की और न ही कोई सुराग लगा सकी।मंगलवार को वकीलों ने मीटिंग कर एसडीएम राजीव निगम को ज्ञापन देकर जल्द ही मोटरसाइकिल बरामद करने की मांग की। इस दौरान अध्यक्ष अंबरीश कुमार श्रीवास्तव मंत्री टीएल यादव,संयुक्त मंत्री नवदीप सिंह गोल्डी,अंकेक्षक प्रमोद कुमार यादव सहित सर्वेश गुप्ता,उमाकांत जायसवाल,मो अमीन,भानु प्रताप गुप्ता,राजेंद्र रुहेला,वीरेंद्र रुहेला,रमेश मौर्य,आशीष कश्यप,वीरेंद्र कुमार,राम प्रताप,राहुल,उत्तम कुमार,अफसर अली,सोनेलाल,रामनिवास जायसवाल,सर्वेश मिश्रा,रवि गुप्ता,राकेश वैश्य आदि वकील मौजूद रहे।

## रहीमपुरवा में आग से घर जले,दो टैक्टर जले, लाखों का नुकसान, दो पशु भी झुलसे

**सिंगाही-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिंगाही क्षेत्र के एक गांव में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने कड़ी मशक्कत कर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग में दो ट्रैक्टर, 50 क्विंटल गुड़, डीजल भरे दो ड्रम, नकदी, कंप्यूटर आदि जलकर नष्ट हो गए। वहीं आग की चपेट में आने से दो पशु भी झुलस गए। आग लगने की वजह साफ नहीं हो सकी है। दुधवा नेशनल पार्क के किनारे स्थित ग्राम पंचायत खैरीगढ़ के मजरा रहीमपुरवा निवासी अयोध्या प्रसाद ने बताया कि वह रोज की तरह सोमवार की रात भी अपने घर में परिवार के साथ सो रहे थे। रात करीब 11 बजे उनके घर में आग लग गई। आग लगने की जानकारी आंच लगने पर हुई। आंख खुली तो देखा उनके घर से आग की लपटें उठ रही थीं। जैसे-तैसे उन्होंने परिवार वालों के साथ घर से भागकर जान बचाई और शोर-शराबा किया। शोर मचाने पर जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते और आग रोकने की कोशिश करते, इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की लपटों ने पड़ोसी नवल किशोर के घर को अपनी चपेट में लेकर तेजी के साथ आगे बढ़ने लगी। इससे गांव में चीख पुकार मच गई। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी लोग अपने घरों का सामान निकालकर गांव के बाहर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुट गए और पुलिस व फायर बिग्रेड को सूचना दी। हवा का रुख तेज होने के कारण आग ने बलराम और उनके पड़ोस स्थित उनके तीन बेटों के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

# मदनी मस्जिद पर बुलडोजर एक्शन के बाद सियासत शुरू

## विपक्ष के नेताओं ने सरकार लगाए गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । जनपद के हाटा नगर पालिका क्षेत्र मे वर्षो से निर्माण हो रहे मदनी मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से पर बुलडोजर चलने के बाद राजनीति शुरू हो गयी है। ऐसी चर्चा है कि रविवार को मस्जिद के अवैध हिस्से पर जब प्रशासन का बुलडोजर चल रहा था तो मुसलमानों का रहनुमा बनने वाली सपा सहित अन्य दलों के नेता चुप्पी साधे हुए थे जबकि जिले के हर चौक-चौराहा उस दिन चर्चाओ का केन्द्र बना हुआ था। मजे कि बात यह है कि मस्जिद का अवैध हिस्सा ध्वस्त होने के बाद दुसरे दिन से सपा कंागेस सहित अन्य दलों के नेताओं की बयानबाजी शुरू हो गयी। इतना ही नही तमाम नेताओ ने मौके पर पहुचकर सियासत गरमा दी है। बतादे कि कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली थानाक्षेत्र के हाटा नगर में मदनी मस्जिद पर रविवार को पहुंचे छह बुलडोजर और पोकलैंड ने मस्जिद के आगे के अतिक्रमण वाले हिस्से को तीन ओर से ध्वस्त कर दिया। मौके पर मौजूद एसडीएम और सीओ के साथ भारी पुलिस फोर्स और पीएसी के जवानों की मौजूदगी की वजह से किसी ने विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी. इस कार्रवाई के बाद सोमवार को मदनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण को लेकर जनपद की सियासत गरमा गई। विपक्ष ने पहले सोशल मीडिया पर मस्जिद पक्षकारों का हमदर्दी हासिल करने की सियासत शुरू की इसके बाद मौके पर पहुचने का एलान किया। इसके बाद सपा और कंाग्रेस के नेताओ का मौके पर पहुंचे का सिलसिला शुरू हो गया। नतीजतन विपक्षियों ने मस्जिद के ध्वस्त किए गए अवैध हिस्से को देखा और मुस्लिम पक्षकारों से वार्ता कर घटना की निंदा करते हुए सरकार पर सवाल खडा कर मुसलमानों का रहनुमा बनने के होड में जुट गये है। कहना ना होगा कि रविवार को जब मदनी मस्जिद के अवैध हिस्से पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही थी उस समय मस्जिद पक्षकारों के पक्ष में किसी दल का कोई नेता खडा नही था। यही वजह है कि प्रशासन के कार्यों मे मस्जिद पक्षकारों की तरफ से किसी ने विरोध करने की हिम्मत नही की। हालांकि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई का जिलेभर के मुसलमानों में मलाल जरुर रहा जो फ़ेसबुक व अन्य सोशल मीडिया पर देखने को मिला। किन्तु विडम्बना यह है कि प्रशासनिक कार्रवाई पूरी तरह शांति पूर्ण तरीके से निपटने के बाद मुसलमानों का हमदर्द बनने का सियासती खेल शुरु हो गया है। सपा के पूर्व मंत्री ने मस्जिद के अतिक्रमण वाले हिस्से पर हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को प्रशासन द्वारा साम्प्रदायिक दंगा कराने की कोशिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि हाटा की जनता ने संयम से काम नहीं लिया होता तो यूपी में दूसरी संभल की घटना हुई होती। कंाग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और नेता अजय कुमार लल्लू ने कहा यहां के स्थानीय लोगो ने जो जानकारी दी है कि उस हिसाब से गैर कानूनी रूप से नियम विरुद्ध बुलडोजर की कार्रवाई की गयी है लल्लू ने सवालिया अंदाज में कहा कि जब 8 फरवरी तक स्टे था तो न्यायालय के निर्णय का इंतजार करना चाहिए था। ऐसी कौन सी जल्दबाजी थी। जिन अधिकारियों ने नियम विरुद्ध बुलडोजर चलाया है, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।सपा जिलाध्यक्ष सुकरुल्लाह अंसारी ने प्रशासन की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि ज्यादातर मंदिर और मस्जिदों का निर्माण सरकारी बंजर भूमि पर हुआ है. यदि इस आधार पर धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई की जाएगी तो यह समाज में असंतोष को जन्म होगा। उन्होंने इसे भेदभाव पूर्ण बताते हुए सरकार पर निशाना साधा। अब सवाल यह उठता है कि जब मदनी मस्जिद पर प्रशासन द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही थी तो विपक्ष के लोग खामोश क्यो थे? यह वोट की राजनीति है या फिर।

# बरवाराजापाकड़ ने मऊ को पराजित कर कटाया सेमीफाइनल का टिकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ के सीताराम चौराहा खेल मैदान में संजय सपोर्टिंग क्लब बरवाराजापाकड़ के तत्वावधान में आयोजित 46 वें आल इंडिया फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे क्वार्टर फाइनल में मेजबान बरवाराजापाकड़ ने जनता स्टार क्लब मऊ को पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित कर लिया। मंगलवार को खेल शुरू होने के थोड़ी देर बाद मऊ के खिलाड़ी ने पहला गोल किया। थोड़ी देर बाद ही मेजबान टीम के खिलाड़ी करन ने गोल बराबर कर दिया। इसके बाद फिर मऊ के खिलाड़ी में गोलकर बढ़त बनाई तो मेजबान राजापाकड़ के खिलाड़ी करन ने दूसरा गोल दागकर एक बार फिर स्कोर बराबर कर दिया। मध्यांतर के पांच मिनट करन ने हैट्रिक लगाते हुए अपनी टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी। इसके पूर्व मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि संजय राय, विशिष्ट अतिथिगण प्रधानपति अशोक गोंड व रामसकल यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। रेफरी खुर्शेद आलम, लाइनमैन ज्ञान प्रकाश चौहान व प्रभात मिश्र ने मैच संपन्न कराया। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष व प्रधान मुन्नीलाल गोंड, प्रधानगण अशोक पाल, सिकंदर शर्मा, श्यामानंद कुशवाहा, महमूद अंसारी, नंदकिशोर कुशवाहा, ओमप्रकाश उर्फ भुआल गोंड, रमाकांत पांडेय, सच्चिदानंद महंथ, राजेंद्र सोखा, मंशी अंसारी, लाल पहाड़ी, चंदन पासवान, मंगरु चौहान, राजीनंद, ऐनुल्लाह अंसारी, रामनरेशलाल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# महायज्ञ व महाशिवरात्रि मेला के लिए हुई हनुमान ध्वज की स्थापना

- ग्राम पंचायत राजापाकड़ में होगा आयोजन
- 16 फरवरी को आयोजित होगी भव्य कलशयात्रा
- 26 फरवरी को होगा मेला का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के गोपलापट्टी स्थित शिवमंदिर परिसर में आगामी रविवार से आयोजित होने वाले 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ व महाशिवरात्रि मेला के लिए हनुमान ध्वज की स्थापना हुई। मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रात : नौ बजे यज्ञाचार्य, यजमान व आयोजन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन व ध्वज की स्थापना कराई। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू यादव ने बताया कि वर्ष 1965 से यहां महाशिवरात्रि के अवसर पर पारंपरिक भव्य मेला का आयोजन होता है। इसके निमित्त विगत वर्षों से नवाह परायण महायज्ञ भी होता है। 19 वें 11 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रामचरित मानस नवाह परायण महायज्ञ का औपचारिक शुभारंभ आगामी 16 फरवरी रविवार को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। सोमवार को मंडप प्रवेश व मंगलवार से कथा प्रवचन का आयोजन होगा। प्रतिदिन दिन में एक बजे से चार बजे तक अयोध्या धाम से पधार रहे कथावाचक प्रेमशरण जी महाराज व सायं सात बजे से दस बजे तक उक्त धाम से पधार रहे मानस मर्मज्ञ गायत्री नंदन महराज श्रोताओं को रामकथा का श्रवण कराएंगे। 26 फरवरी को हवन-पूजन, भंडारा व महाशिवरात्रि मेला के साथ आयोजन का समापन होगा। तैयारियां जोरों पर हैं। इस दौरान आयोजक हरिदास महाराज, यज्ञाचार्य पं. राकेश पांडेय व पं. रंजन मिश्र, यजमानगण राज नारायण मिश्र उर्फ चुन्नू व जोखू यादव, मृत्युंजय सिंह मोनू, सत्यनारायण यादव, सुनील पटेल, सतीश मिश्र, रवींद्र यादव, ईश्वरचंद गुप्ता, विजय श्रीवास्तव, जयप्रकाश कुशवाहा, सिकंदर गुप्ता, अनूप गोंड, रवि वर्मा, अमरेश वर्मा, मुकेश यादव, अंशुमान उर्फ साहब मिश्र, आनंद गुप्ता, छोटे ठाकुर, भोलू यादव आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# बसंत कालीन गन्ना गोष्ठी में पेड़ी गन्ना प्रबंधन की दी गई जानकारी

- पेड़ी गन्ने की उत्पादन क्षमता बावग गन्ने से अधिक व लागत कमः ओम प्रकाश गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। उप्र गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा पडरौना गन्ना समिति परिक्षेत्र के ग्राम मनकौरा पचपेड़ा में आयोजित वसंत कालीन गन्ना गोष्ठी में किसानों को पेड़ी गन्ना प्रबंधन की जानकारी दी गई। श्री गुप्ता ने बताया कि जिले में गन्ना पेराई सत्र 2024-25 में एक 1.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 2 लाख 35 हजार कृषको ने गन्ने की खेती किया है। पेड़ी गन्ने की उत्पादन क्षमता बावग गन्ने की तुलना में अधिक है तथा उत्पादन लागत 30 से 35% कम है। बताया कि एक एकड़ पेड़ी गन्ना फसल रखने पर 20 से 25 कुंतल बीज गन्ना की बचत होती है। जिसकी कीमत लगभग 10 हजार रु. है। बावग गन्ना काटने के बाद किसान पेड़ी गन्ना फसल की दो लाइन के बीच खाली स्थान की अच्छी तरह से जुताई गुड़ाई करें और प्रति एकड़ में 50 किग्रा डीएपी, 50 किग्रा यूरिया, 40 किलोग्राम में म्यूरेट आफ पोटाश जड़ों प्रयोग करें, सिंचाई करें। छिटकावा तरीके से उर्वरक प्रयोग ना करें। 90% से अधिक किसान पेड़ी गन्ना फसल में उर्वरक समय से नहीं देते हैं तथा छिटकवा विधि से प्रयोग करते हैं। पेड़ी गन्ना कम उपज होने से जिले की चारों चीनी मिलों को पेड़ी गन्ना की आपूर्ति लगभग 150 कुंतल प्रति एकड़ हो रहा है। उचित प्रबंधन न होने उपज पर असर हो रहा है और खर्च गन्ना बोने से चीनी मिल तक पहुंचाने में लगभग 40 से 50 हजार रुपए आ रहा है। लाभ तभी होगा जब उपज 400 कुंतल एकड़ हो व गन्ने में प्याज या भिंडी या मूंग या कद्दू या उर्द बोयें। गोष्ठी में दाढ़ा चीनी मिल के गन्ना विकास अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि को. 0118 तथा को. 15023 का बीज गन्ना दिया जा रहा है। सिंगल बड से गन्ने की नर्सरी तैयार करने के लिए पांच किसानों को नर्सरी ट्रे दिया गया। ढाढ़ा चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह के हवाले से पूर्व सहायक निदेशक ने बताया कि गन्ना बुवाई के लिए बिना ब्याज ऋण पर बीज दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में ग्राम अनंतपुर, अहिरौली तुलादास, भटनी दादन, महानंदपुर, असनहर पगारा बरडीया, जिगनी, पड़ौली, खाराइच, भूरी पाकड़ सहित गेट परिक्षेत्र में गन्ना बुवाई के लिए विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। गन्ना उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता तथा उप महाप्रबंधक गन्ना डीडी सिंह मिल की गन्ना विकास योजनाओं को बता रहे हैं।

## खबर का हुआ असर

# अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने लिया संज्ञान

कैनविज टाइम्स संवादादाता


17.11.2024
कैनविज टाइम्स
पी0 डब्लू 0 डी0 से निर्मित सड़क गड्ढों में दबदील,जन प्रतिनिधि बने मूकदर्शक

बेहटा, सीतापुर । विगत दिनों कैनविज टाइम्स राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक पेपर से प्रकाशित पी,डब्लू डी से निर्मित सड़क गड्ढों में दबदील,जन प्रतिनिधि बने मूक दर्शक के शीर्षक से प्रकाशित खबर मुगलापुर से बसंतापुर संपर्क मार्ग मानकों की अनदेखी से निर्मित गड्ढों में तब्दील हो चुका था जिसके कारण आवागमन,छोटे छोटे बच्चों का विद्यालय जाना व राहगीरों का सफर करना काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था वैसे तो वर्ष 2017,18 में इस रोड का निर्माण होने के बाद 2022,23 में क्षतिपूर्ति रोड पर रिपेयर कार्य तो हुआ लेकिन मानकों की अनदेखी कर रिपेयर कराने से पुनः अपना पुराना रूप ले लिया जिस पर कैनविज टाइम्स संवाददाता ने खबर के माध्यम से ट्विटर अकाउंट पर मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया जिस पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने खबर पर संज्ञान लेते हुए अपनी आख्या प्रस्तुत की कि उक्त संपर्क मार्ग पर नवीनीकरण हेतु स्वीकृति प्राप्त है निविदा प्रक्रिया प्रगति में है अनुबंध गठन के बाद प्राथमिकता पर कार्य प्रारंभ करा दिया जाएगा जिस पर कार्य जारी तो हो चुका है लेकिन देखना है कि नवीनीकरण कार्य मानकों के दायरे में होता है या फिर खाना पूर्ति ।

# भरत जी साधु हैं: अंकुश महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। कसया नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) में पंद्रहवें वर्ष दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के आठवें दिन सोमवार की रात अयोध्या धाम से आये कलाकारों ने श्रीरामलीला के अंतर्गत श्रीराम वन गमन, श्रीराम केवट वार्तालाप, रावण द्वारा माता सीता के हरण की कथा का सजीव मंचन किया। वहीं नौवें दिन मंगलवार को दोपहर में वृंदावन से आये कथा वाचक अंकुश महाराज ने श्रीराम कथा का रसपान कराते हुए राम वन गमन के बाद भरत - कैकेयी वार्तालाप प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भरत जी साधु हैं। यदि कोई माँ अपने बेटे के लिए राजगद्दी की व्यवस्था करे तो बेटा खुश होकर माँ की पीठ थप थपायेगा। लेकिन भरत जी क्रोध से भर गये और माँ से कहा कि तेरी जीभ कट कर नही गिर गयी। वरदान मांगते समय तेरे हृदय में पीड़ा नही हुई। तू सूर्य वंश में कुल्हाड़ी के समान है जिसने सूर्य वंश के जड़ को ही काट दिया। यहां तक कि भरत जी ने राम वनवास हेतु स्वयं को दोष दिया और कहा कि यदि मैं पैदा न हुआ होता तो ये सब नही होता। इस दौरान श्रीराम महायज्ञ का सम्पादन करा रहे आचार्य रामजी पांडेय ने यज्ञ की महिमा बताते हुए कहा कि यज्ञ से हमारा पर्यावरण पवित्र, शुद्ध एवं देवमय बन जाता है। यज्ञ मंडप में स्वाहा कर देवताओं को भोजन देने से मनुष्य को दुःख, दारिद्रय और कष्टों से छुटकारा मिलता है। वेदों में अग्नि ईश्वर के रूप में वंदनीय हैं। हमारे द्वारा दी जाने वाली आहुति को अग्नि देव अन्य देवताओं तक पहुंचाते हैं और देवगण प्रसन्न होकर उसके बदले कई गुना सुख, समृद्धि और अन्न, धन देते हैं। यज्ञ वायुमंडल को स्वस्थ रखते हुए हमें स्वच्छ परिवेश उपलब्ध कराते हैं। कथा का प्रारम्भ यजमान विधायक कुशीनगर पीएन पाठक द्वारा व्यास पीठ के पूजन से हुआ। अयोध्या धाम से आये संतो द्वारा अखंड श्रीसीताराम नाम संकीर्तन चलता रहा। यज्ञ मंडप की परिक्रमा हेतु प्रातः काल से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महंत त्रिभुवन शरण दास व व्यवस्थापक देव नारायण शरण ने बताया कि आज बुधवार को कथा प्रातः 10 से 1 बजे तक चलेगी ततपश्चात महाप्रसाद के साथ पूर्णाहुति होगी। चित्रांश समाज द्वारा श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) में स्थापित भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना व स्थापना दिवस मनयी गई। इस अवसर इंद्र कुमार मिश्र, अभिलाषा मिश्रा, मयंक मणि, आशुतोष शुक्ल, दिव्यांशु मिश्र, माल्या तिवारी, तेज प्रकाश तिवारी, राजेश मद्देशिया, राजेश राव, अद्या पांडेय, चंद्र प्रभा पांडेय, ममता कश्यप, आलोक श्रीवास्तव, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, रजनीश श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, विंध्याचल श्रीवास्तव, मणि प्रकाश यादव, निशांत सिंह, शिवम राय, दिव्यांशु श्रीवास्तव, सुरेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का उदाहरण है पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवनः दिवाकर मणि त्रिपाठी

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित समर्पण दिवस कार्यक्रम में लवकुश शक्ति केंद्र , लवकुश पश्चिम पट्टी पर किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रहित में सहयोग राशि समर्पित की। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समर्पण ही सच्ची श्रद्धांजलि है। पंडित दीनदयाल का जीवन सादगी, सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का उदाहरण है। उनके विचार आज भी हमें समाज व राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। पूर्व मंडल महामंत्री राणा प्रताप मिश्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सिद्धांत समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रमुख सिद्धेश्वर मिश्र, प्रमोद शर्मा, भानू राय, पीकु लाल, कृष्ण मुरारी कुशवाहा, दिनेश खरवार, अमित पांडेय, पप्पू लाल, धर्मवीर भारती, सूरज प्रसाद, बुनेला प्रसाद, ओमप्रकाश कुशवाहा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बावजूद रामकोला पुलिस कार्यवाई से कर रही परहेज

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नेबुआ नौरंगिया कुशीनगर रामकोला थाना क्षेत्र के सिंगहा निवासी एक ब्यक्ति का बाउंड्री वाल दबंगो द्वारा जबरन तोड़ने व हरा सागौन का मोटा पेड़ काट कर उठा ले जाने तथा जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के निर्देश के बावजूद भी रामकोला पुलिस द्वारा उक्त दबंग आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाई न करने से परेशान पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को पुनः प्रार्थना पत्र सौप न्याय की गुहार लगाया है। उक्त गांव निवासी पीड़ित हेमवन्त मणि ने पुलिस अधीक्षक को अपने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताय है कि कुछ मनबढ़ दबंग लोग जबरन उनका बाउंड्री वाल तोड़ दिए तथा उसमें लगा सागौन का पेड़ काट ले गए।इतना ही नही उक्त दबंगो ने उन्हें गाली गुप्ता देते हुए जान माल की धमकी भी दी।जिसके सन्दर्भ में उनके द्वारा रामकोला पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया।रामकोला पुलिस मौके पर पहुची भी थी लेकिन उक्त दबंगो के विरुद्ध कार्यवाई नही की।तदोपरांत उनके द्वारा गत 5 फरवरी को पुलिस अधीक्षक से मिल कर घटना क्रम से अवगत कराया गया जिसपर पुलिस अधीक्षक ने दूरभाष के माध्यम से रामकोला पुलिस को घटना के सम्बंध में कार्यवाई हेतु निर्देशित किया गया।परन्तु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भी रामकोला पुलिस उक्त दबंगो के ऊपर कार्यवाई करने से परहेज कर रही है।जिससे उक्त दबंगो के हौसले बुलंद है।ऐसे में पीड़ित ने पुनः 10 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को प्रार्थना पत्र सौप न्याय की गुहार लगाया है।

## कानूनगो-लेखपाल समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर।** जनपद में मंगलवार को अवैध खनन के आरोप पर कानूनगो-लेखपाल समेत पांच लोगों के खिलाफ बिन्दकी कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ है। ग्राम समाज की भूमि पर अवैध मिट्टी खनन को लेकर उपजिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। अवैध खनन की पुष्टि होने पर आरोपितों पर यह कार्रवाई हुई है। नायब तहसीलदार सुशील कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बिंदकी तहसील क्षेत्र में बकेवर थाना के रूसी गांव में राजस्व अभिलेखों में दर्ज नवीन परती भूमि में कानपुर नगर के महाराजपुर गांव निवासी पिंटू का रूसी गांव में प्लाट है। प्लॉट में पुराई के लिए सरकारी जमीन से तीन फरवरी की रात जेसीबी लगाकर मिट्टी की खुदाई कराई जा रही थी।

# पंडित दीनदयाल ने भाजपा की जड़ को सिंचा:विनय




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर मंगलवार को नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि पण्डित दीनदयाल जी ने एकात्म मानव दर्शन, राष्ट्रवाद, आंतरिक लोकतंत्र व स्वदेशी जागरण की परिकल्पना देने वाले पण्डित जी ने भाजपा की जड़ों को सींचा है। कालांतर में उनके द्वारा लगाए गये पौधे ने करोड़ों कार्यकर्ताओं से युक्त भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी होने का गौरव हासिल किया है। वर्तमान युग मे पीएम मोदी और सीएम योगी को पण्डित उपाध्याय का नवरूप बताते हुए उन्होंने नपाध्यक्ष ने कहा कि इन दोनों राष्ट्रसन्तों के भाजपा रूपी विशाल वृक्ष का पूरे देश मे विस्तार कर अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करने में महती भूमिका निभाई है। इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर त्रिपाठी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, सेक्टर संयोजक राजेश तिवारी देवेश मिश्रा बुथ अध्यक्ष संदीप जायसवाल रामचंद्र वर्मा शक्ति केंद संयोजक सतीश महादेव भास्कर पाठक ब्रजेश शर्मा रामु पाण्डेय मानस मिश्रा अशोक जायसवाल श्याम टिबड़ेवाल अभय तिवारी मनीष सिंह पिंटू साह संतोष चौहान मदन चौधरी घनश्याम गुप्ता रविंद्र साह बबलू शर्मा गोरख गुप्ता आदर्श जायसवाल देवेंद्र तिवारी सोनु मिश्रा केदार मद्धेशिया अरुण सिंह विनय मद्धेशिया अनूप गौड़ गोलू मद्धेशिया भोलू यादव संतोष यादव सहित सभी देवतुल्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, आत्महत्या का रूप देने की कोशिश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। भुजौली बुजुर्ग (पोखरा टोला), कुशीनगर । 11 फरवरी दहेज प्रताड़ना का शिकार हुई एक विवाहिता की ससुराल में हत्या कर दी गई। घटना 10 फरवरी 2025 को दोपहर करीब 12 बजे की है, जब पीड़िता पूनम (पत्नी उमेश यादव) ने अपने भाई प्रमोद को एक वीडियो भेजकर हत्या की साजिश की जानकारी दी थी। कुछ देर बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने मिलकर उसकी निर्मम हत्या कर दी और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की।पीड़िता के परिजनों का आरोप पीड़िता के पिता के अनुसार, उनकी बेटी पूनम की शादी वर्ष 2022 में भुजौली बुजुर्ग (पोखरा टोला) निवासी उमेश यादव के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पूनम को उसके पति उमेश, ससुर रामाज्ञा, देवर राकेश व मुकेश और अन्य ससुरालियों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। ससुराल पक्ष एक लाख रुपये दहेज के रूप में मांग रहे थे, और जब यह मांग पूरी नहीं हुई, तो पूनम को कई दिनों तक भूखा रखा जाने लगा और घर से निकालने की धमकी दी गई।छह महीने पहले भी हुई थी मारपीटः परिजनों के अनुसार, करीब छह महीने पहले पूनम को उसके पति उमेश, भाभी और अन्य ससुराल वालों ने बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा था और हत्या का प्रयास किया था। पूनम ने इस घटना की जानकारी रोते हुए अपने मायके वालों को दी थी, लेकिन उन्होंने उसे सांत्वना देकर मामला संभालने की कोशिश की।हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश 10 फरवरी को पूनम ने अपने भाई को एक वीडियो भेजकर अपनी हत्या की योजना की जानकारी दी थी। इसके कुछ देर बाद ही पति उमेश, ससुर रामाज्ञा, देवर राकेश और मुकेश, उमेश की भाभी व रमेश की पत्नी ने मिलकर उसे कमरे में बंद कर लाठी से गला दबाकर मार डाला। बाद में, ससुराल पक्ष ने परिजनों को सूचना दी कि पूनम घर से भाग गई है। जब मायके वाले मौके पर पहुंचे, तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला। दरवाजा खोलने पर पूनम बिस्तर पर मृत पड़ी मिली जिससे परिजन गहरे सदमे में हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-Sig-Tender-24-2024-25 |
| कार्य का नाम | "कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ एच० बी० एल० मेक आई० पी० एस० (66 नंबर्स) ओवर लखनऊ डिवीजन फॉर थ्री इयर्स" |
| अनुमानित लागत | रू 3,28,40,363.87 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रू 314200.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 माह |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03/03/2025 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू संo: 106-सिग-टेंडर-24/2024-25 दिनांक: 08.02.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 462/25

# बीआरसी हुजूरपुर में आयोजित हुई प्राथमिक शिक्षामित्रों की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच । उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की एक आवश्यक बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र हुजूरपुर स्थित बसंतपुर में आयोजित की गई, जिसमें शिक्षामित्र हितैषी महत्वपूर्ण योजना पर विशेष चर्चा हुई कार्यक्रम में शिक्षामित्रों के द्वारा सेवानिवृत होने पर व्यक्तिगत तौर पर एक समूह निर्माण कर कुछ विशेष उपहार में एक निश्चित धनराशि दिए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिला महिला प्रभारी तृप्ति सिंह ने बताया कि शिक्षामित्र भाई बहनों की सेवानिवृत्ति पर शान द्वारा कुछ भी नहीं दिया जाता एक शिक्षक के तौर पर जो सुविधाएं मिलनी चाहिए उसे हमारा शिक्षामित्र भाई-बहन वंचित है इसलिए शिक्षामित्र सेवानिवृत्ति विशेष समूह तैयार करने का संकल्प लिया गया है ताकि सेवानिवृत्ति के समय कुछ विशेष धनराशि एकत्रित करके उसकी जीविका के लिए, परिवार के भरण पोषण के लिए एक विशेष ग्रुप बनाया जाए, जिसमें आपसी सहयोग से अपने साथियों को सेवानिवृत्ति के अवसर पर यह धनराशि वितरित किया जाए, जिससे हमारे भाई बहनों का परिवार मजबूत हो सके। इस मजबूत मुद्दे पर सभी लोगों ने सहमति जताई तत्पश्चात एक सामूहिक ग्रुप बनाकर इस कार्य का शुभारंभ सभी की उपस्थिति में किया गया । इस कार्यक्रम में जिला महिला प्रभारी तृप्ति सिंह, विजय कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, धर्मवीर सिंह, राजकुमार सिंह, कुसुम सिंह, पल्लवी सिंह, पुष्पा श्रीवास्तव, राजन सिंह, गिरीश जायसवाल सहित सैकड़ों शिक्षामित्र उपस्थित रहे ।

# बिजली विभाग की लापरवाही पर मंडलायुक्त सख्त

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। देवीपाटन मण्डल तहसील तरबगंज के ग्राम पंचाय त सरायहर्रा मजरा कल्लापुर में दो वर्षों से मुआवजे का इंतजार कर रहे किसान परिवार को आखिरकार न्याय की उम्मीद जगी है।मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सु शील ने बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।ग्राम सभा सरा यहर्रा स्थित गाटा संख्या 324 पर किसान जगदम्बा प्रसाद उनके भाई मनोज कुमार और उनकी माता श्यामकला खे ती बाड़ी करते हैं।दो वर्ष पूर्व बिजली विभाग ने उनकी कृ षि भूमि से हाई वोल्टेज लाइन गुजारते हुए एक बड़ा खंभा गाड़ दिया,जिससे उनकी करीब दो डिसमिल भूमि प्रभावि त हुई।हालांकि, विभाग ने अब तक किसानों को मुआव जा नहीं दिया।पीड़ित किसान ने मुआवजे की मांग को लेकर



मंडलायुक्त को पत्र लिखा था,जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया।दिलचस्प बात यह है कि बस्ती जिले के किसानों को उनकी भूमि का मुआवजा पहले ही मिल चुका है,लेकिन गोंडा जिले के किसानों को अब तक भुगतान नहीं हुआ।

**कमिश्नर की सख्ती से खुली पीड़िता को न्याय की राह,**

पति द्वारा दिए जाने वाले गुजारा भत्ते की रकम न मिलने से दर-दर भटक रही पीड़िता को अब जल्द ही न्याय मि लने की उम्मीद है।देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को कार्रवाई कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।दरअसल,कोतवाली देहात के अंतर्गत नारायनपुर मर्दन की निवासिनी सीमा पत्नी रमेश कुमार ने परिवार न्यायालय,गोंडा में गुजारा भत्ता वसूली के लिए याचिका दायर की थी, जिसमें न्यायालय ने उनके पति रमेश कुमार को दो लाख 12 हजार रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया था।लेकिन, इसके बावजूद स्थानीय धानेपुर पुलिस ने अब तक इस आदेश का अनुपालन नहीं कराया। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस बिना दबाव बनाए झूठी आख्या भेज रही थी,जिससे उसे अब तक न्याय नहीं मिला। कमिश्नर ने जिलाधिकारी गोंडा को निर्देशित किया है कि वे स्वयं इस मामले की निगरानी करें और तय समयसीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# ममता संस्था ने आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी व सुपरवाइजर को किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नानपारा, बहराइच। बलहा ब्लॉक परिसर में ममता संस्था की ओर से सशक्त गांव विकसित राष्ट्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 10 गांवों कि आशा वर्कर, एएनएम, बाल विकास परियोजना की आंगनबाड़ी, सुपरवाइजर, ममता संस्था के पदाधिकारी तथा ग्राम प्रधान आदि को सम्मान पत्र एवं शील्ड देकर मुख्य अतिथि संदीप कुमार तिवारी ग्राम पंचायत अधिकारी, एडीओ पंचायत राजेश कुमार, स्वास्थ विभाग अधीक्षक डॉक्टर निखिल, पंचम ऋषि यादव द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजक अर्चना पाठक ममता संस्था की फील्ड मेंटर ने किया और बताया कि गांव को पूर्ण रूप से विकसित करना और ममता संस्था की तरफ से कोई भी मां और बच्चे टीकाकरण से वंचित न रहे। स्वास्थ विभाग अधीक्षक डॉ निखिल ने बताया कि भारत सरकार के मंशरूप चलाए जा रहे ममता संस्था के दस्तक अभियान के लांच होने के बाद से यूपी में स्वास्थ परिणाम सकारात्मक रुप से बदलते नजर आए हैं, अब हर साल 35 से 91 लाख से अधिक परिवार एईएस और जेई से बचने के लिए आगे बढ़कर टीकाकरण करवा रहे हैं, उत्तर प्रदेश में मां और बच्चे के लिए हर दरवाजे पर हुई ममता संस्था की दस्तक जिसमें गांव की आशा वर्कर और आंगनबाड़ी ने निराशा को आशा में बदलकर दिखाया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से राजेंद्र पाल, चमेली देवी, ललिता वर्मा बाल विकास परियोजना सुपरवाइजर, गौतम, देवेंद्र तिवारी, अर्चना पाठक फील्ड मेंटर, सुशीला वर्मा, धर्मेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी विशेष अभियान से तीन साल पुराने चकमार्ग का विवाद खत्म

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा जनपद में चकमार्ग विवादों के स्थायी समाधान के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इसी क्रम में मनकापुर तहसील के राजस्व ग्राम चकिया (फरेनिया) में तीन साल से लंबित चकमार्ग विवाद का न केवल निपटारा किया गया, बल्कि रास्ते को सुचारू बनाने के लिए मिट्टी पटाई का कार्य भी पूरा किया गया।मनकापुर तहसील के चकिया (फरेनिया)गांव की गाटा संख्या 344/ 0.005 हे.चकमार्ग के रूप में दर्ज है,जो स्थानीय निवासी देवी प्रसाद तिवारी के घर तक जाने का एकमात्र रास्ता है। इस मार्ग को लेकर बीते तीन वर्षों से विवाद बना हुआ था। प्रशासन द्वारा इसे कई बार खाली कराया गया,लेकिन कुछ स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार इसे बाधित कर दिया जाता था।जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर प्रशासन ने इस बार न केवल चकमार्ग को पूरी तरह खाली कराया,बल्कि मनरेगा के तहत मिट्टी पटाई कराकर इसे स्थायी रूप से उपयोग लायक बनाया।

## अतिक्रमणकारियों पर हुई कार्रवाई

इस विशेष अभियान के तहत, प्रशासन ने चकमार्ग पर बार बार अवरोध डालने वालों के खिलाफ सख्त रुख अप ना या।क्षेत्रीय लेखपाल मंजीत रावत ने बताया कि अतिक्रमण कारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है,जिस से भविष्य में कोई विवाद न खड़ा हो सके।वही जिलाधि कारी द्वारा शुरू किए गए इस विशेष अभियान के तहत जनपद की चारों तहसीलों में कुल 163 चकमार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चिन्हित किया गया है। इनमें करनैलगंज तहसील में सर्वाधिक 50,सदर में 43, मनकापुर में 41 और तरबगंज में 29 चकमार्ग शामिल हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इन सभी चकमार्गों को केवल अतिक्रमण मुक्त ही नहीं कराया जाएगा, बल्कि मनरेगा योजना के तहत मिट्टी पटाई का कार्य भी पूरा कर विवादों का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## 15 फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान

जिलाधिकारी नेहा शर्मा के इस विशेष अभियान को जनपद के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।इस अभियान को 15 फरवरी तक संचालित किया जाएगा,जिसके तहत सभी चिन्हित चकमार्गों को अतिक्र मण मुक्त कर, जनता को निर्बाध आवागमन की सुविधा दी जाएगी।प्रशासन की यह पहल लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवादों को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रही है।

# अवैध होर्डिंग्स पर प्रशासन सख्त, 48 घंटे में हटाने के आदेश

❒ शहर की सुंदरता और सुरक्षा के लिए अवैध होर्डिंग्स पर कड़ी कार्रवाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले में अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखाई है।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगे अनधिकृत होर्डिंग्स को आगामी 48 घंटे के भीतर हटा दें।जारी आदेश के अनु सार,प्रमुख मार्गों और सड़कों के किनारे लगे अवैध होर्डिं ग्स से न केवल बिजली के खंभों पर अतिरिक्त भार पड़ता है,बल्कि इससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बनी रहती हैं।इसके अलावा,ये अवैध होर्डिंग्स नगर की सुंदरता को भी प्रभावित कर रहे हैं।

## सभी नगर निकायों को निर्देशित किया गया

इस आदेश के तहत, सभी नगर निकायों को अपने-अपने क्षेत्रों में लगे होर्डिंग्स की जांच करने और तय समयसीमा के भीतर उन्हें हटाने का निर्देश दिया गया है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार से बिजली के खंभों पर लगी एलईडी लाइट्स को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

## तीन दिन में ग्रामीण बाजारों से भी हटेंगे होर्डिंग्स

नगर क्षेत्र के अलावा, ग्रामीण बाजारों में भी अवैध रूप से लगे होर्डिंग्स को हटाने के निर्देश दिए गए हैं।आदेश के अनुसार,बालपुर, आर्यनगर,इटियाथोक,कौड़िया,मोतीगंज और कटरा जैसे प्रमुख बाजारों में अगले तीन दिनों के भी तर यह अभियान पूरा किया जाएगा।जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं संबंधित खंड विकास अधिकारियों को इस कार्रवाई की निगरानी करने और आगामी 13 फरवरी तक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से शहर में अवैध होर्डिंग्स के खिलाफ प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं,जिससे लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# पांच अंतर्जनपदीय चोर गिरफ्तार,कब्जे से सात बैट्री,दो ई- रिक्शा व एक मोटर साइकिल बरामद



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्य वेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना खरगूपुर पुलिस टीम ने पांच अंतर्जनपदीय शातिर चोर फयायज उर्फ़ राजू,बदलू राम वर्मा उर्फ बदलू,राजू यादव,शान अली,आजाद खाँ को खरगूपुर से इकौना जाने वाले मार्ग पर लक्ष्मनपुर रोड़ से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात बैट्री,ई-रिक्शा व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल टीवीएस कि बरामद किया गया।वही वादी समशेर अली पुत्र सलीम निवासी रामलालापुरवा ने खरगूपुर थाना में सूचना दिया कि चार फरवरी 2025 की रात्रि में रामलाल पुरवा स्थित दुकान के पास खडी ई रिक्शा से अज्ञात चोरो द्वारा चार बैट्री चोरी कर लिया है।लिखित तहरीर पर थाना खरगूपुर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था।वही खरगूपुर पुलिस ने 11 फरवरी 2025 को इलेक्ट्रानिक व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घटना का सफल अनावरण करते हुए पांच चोर फय्याज उर्फ रा जू पुत्र रोज अली निवासी चुड़ीघर कला भटपुरवा थाना इकौना,जनपद श्रावस्ती,बदलूराम वर्मा उर्फ बदलू पुत्र रामखेलावन निवासी लालनगर,थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा,राजू यादव पुत्र छेदी यादव निवासी किन्नूबरा यादव पुरवा थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा,शान अली पुत्र मासूक अली निवासी लख्खासराय गुवारें,थाना विश्वेश्वरगंज जनप द बहराइच,आजाद खाँ पुत्र साधू निवासी कटरा बाजार न वीन माँडन पुलिस थाना,जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया हैं।

# इस्कफ़ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में शारिक़ रब्बानी के आवास पर हुई गोष्ठी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच । नगर के मशहूर शायर, साहित्यकार एवं समाजसेवी शारिक रब्बानी के आवास पर भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश (इस्कफ़) के तत्वाधान में बाबा भीमराव अम्बेडकर, राहुल सांकृत्यायन, दुष्यंत कुमार व फ़ातिमा शेख की याद में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश (इस्कफ़) के अध्यक्ष शारिक़ रब्बानी ने की और संचालन शायर व साहित्यकार रोशन ज़मीर ने किया। इस अवसर पर श्री रब्बानी ने कहा कि हम लोग आज बाबा भीमराव अम्बेडकर, राहुल सांकृत्यायन, दुष्यंत कुमार व फ़ातिमा शेख और उनके कार्यों को याद करने के लिए एकत्रित हुए हैं तथा इस मौके पर शायर व कविगण अपनी अपनी रचनाएं भी पढ़ेंगे। इस दौरान उन्होंने बाबा भीमराव अम्बेडकर, राहुल सांकृत्यायन, दुष्यंत कुमार व फ़ातिमा शेख की जीवनी एवं उनसे जुड़ी तमाम बातों को बताया। अधिवक्ता डी पी श्रीवास्तव ने भी भीमराव अम्बेडकर, राहुल सांकृत्यायन, दुष्यंत कुमार,और फातिमा शेख के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शायर और कवियों ने जो रचनाए पढ़ी वह इस तरह है। आसिफ नानपारवी ने पढ़ा कफ़न से हाथ बाहर मेरा भी करदेना मरने पर। नसीहत जिसने दी थी वह सिकन्दर याद आता है।। उमर नानपारवी ने पढ़ा कौन रोता है यहां रात के सन्नाटों में। मेरे जैसा ही कोई हिज्र का मारा होगा।। अय्यूब अंसारी ने पढ़ा जिन से भी गुल वफ़ा का खिलाया न जाएगा।माली भी वह गुलशन का बनाया न जाएगा।। शारिक़ रब्बानी ने पढ़ा उसकी यादों ने मुझे जब भी सताया होगा। कोई ख़त लेके कबूतर यहां आया होगा।। रोशन ज़मीर ने पढ़ा मय्यत पे मेरी रोने रूलाने के लिए आ।कब मैंने कहा अश्क बहाने के लिए आ।। शकील अंसारी (मकी) ने पढ़ा हुस्नो इख़लाक व किरदार की बातें कीजिए। देर तक सय्दे अबरार की बातें कीजिए।। डी पी श्रीवास्तव ने पढ़ा इश्क़ में अश्क बहाना छोड़ दिया। महफ़िल में भी आना जाना छोड़ दिया।। सफ़ीर नानपारवी ने पढ़ा सितम बागबां का मैं केसे बताओं। चले आओ आंसू निकलने से पहले। कैफ़ नानपारवी ने पढ़ा मैं कैफ़ मरके दफ़न हुआ उनके कूचे में। चलो कि लग गई मिट्टी मेरी ठिकाने से।। शम्स नानपारवी ने पढ़ा देखकर मदहोश अहले दीद को कहते है वो। जाओ अपने अपने घर जलवा नुमाई हो चुकी।। इस अवसर पर शहाफी सरफराज सिद्दीकी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार जताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 16 ग्राम स्मैक बरामद, दो नेपाली व्यक्ति गिरफ्तार



**नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसएसबी 59वीं बटालियन और पुलिस के संयुक्त अभियान में मिहींपुरवा ब्लॉक के लौकाही गांव में सीमा स्तंभ संख्या 667/14 के पास दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। विश्वसनीय सूचना के आधार पर लौकाही एसएसबी कैंप के सहायक कमांडेंट, कंपनी कमांडर पलाश लूथरा की देखरेख में सहायक उपनिरीक्षक राकेश नाथ के नेतृत्व में गश्ती दल ने संदिग्ध गतिविधियों में शामिल दो व्यक्तियों को रोका उनके सामान की तलाशी लेने पर पता चला कि एक व्यक्ति के पास 10 ग्राम और दूसरे के पास 6 ग्राम स्मैक थी, कुल मिलाकर 16 ग्राम बरामद हुई। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान अरुण अहीर (25 वर्ष) और कमरुद्दीन पठान (28 वर्ष) के रूप में हुई है, जो नेपाल के बर्दिया जिले के गुलरिया नगर पालिका के लालपुर गांव के वार्ड नंबर 11 के निवासी हैं। पूछताछ के दौरान, उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने निजी इस्तेमाल के लिए बलाईगांव में एक अज्ञात व्यक्ति से यह दवा खरीदी थी। दोनों व्यक्तियों को स्मैक रखने और तस्करी करने के आरोप में एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। जब्त की गए नशीले पदार्थ और गिरफ्तार व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए बहराइच जिले के मोतीपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। सशस्त्र सीमा बल सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

## कालाबाजारी पर सख्ती, आयुक्त ने दिए निर्देश

**गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने उर्वरकों के वितरण को पारदर्शी बनाने और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।आयुक्त ने आदेश दिया है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर किसानों को उनकी आवश्य कतानुसार उर्वरकों का वितरण कराया जाए।यह भी सुनि श्चित किया जाए कि वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो और किसी भी तरह की कालाबाजारी या ओवर रेटिंग न हो।शासन के निर्देशानुसार, उर्वरक वितरण की निगरानी फील्ड में जाकर की जाएगी।किसानों को उनकी जोत और कृषि भूमि के अनुसार ही उर्वरक मिले,इसके लिए भी प्रशासन सतर्क रहेगा।किसी भी किसान को संस्तुत मात्रा से अधिक उर्वरक न मिले,इसका विशेष ध्यान रखा जाए गा।जनपद की साधन सहकारी समितियों से उर्वरक वितर ण रजिस्टर की फोटो प्रतियां प्राप्त कर ली गई हैं।अब इनका भौतिक और स्थलीय सत्यापन कराया जाए गा।सभी समितियों से तहसीलवार संकलित रिपोर्ट 25 फरवरी तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने साफ किया कि किसानों को उर्वरकों की सही आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन सख्त कदम उठाएगा और किसी भी अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई होगी।

## तेज रफ्तार ट्रक ने ससुर-दामाद को रौदा,बेटी की हालत गंभीर, झाड़फूंक कराकर बाइक से लौट रहे थे तीनों

**गोंडा।** जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र में गोंडा-बहराइच मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ।सिसई माफी गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने तीन लोगों को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।वही मृतकों में 45 वर्षीय बेचई लाल और उनके 35 वर्षीय दामाद ओ मप्रकाश शामिल हैं।बेचई लाल की 24 वर्षीय पुत्री सुमन देवी गंभीर रूप से घायल हैं।तीनों लोग बहराइच से करनै लगंज स्थित बाबा बटौरा बाबा गए थे।झाड़फूंक करवाने के बाद वे खरगूपुर होते हुए बहराइच लौट रहे थे।इसी दौरान बहराइच की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञा त ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी।स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलें स की मदद से तीनों को गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बेचई लाल और उसके दमाद ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया।सुमन देवी का गंभीर हालत में मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है।ओमप्रकाश मटेरा नवाबगंज बहराइच के निवासी थे।खरगूपुर थानाध्यक्ष कम लाकांत त्रिपाठी के अनुसार,पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।खरगूपुर पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि ट्रक और उसके चालक की पहचान की जा सके।मामले की जांच जारी है।

## कॉरिडोर-2 भूमिगत सेक्शन के डाउनलाइन पर जल्द आरंभ होगा टनल निर्माण: प्रबंध निदेशक

**कानपुर।** कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत कॉरिडोर-2 सीएसए से बर्रा-8 के अंडरग्राउंड सेक्शन में टनल निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अप-लाइन पर गोमती टनल बोरिंग मशीन ने रावतपुर से कंपनी बाग चौराहे की दिशा में बढ़ते हुए कॉरिडोर-2 डिपो रैंप तक लगभग 620 मीटर लंबे टनल का निर्माण हाल ही में पूरा किया था। अब इस स्ट्रेच के डाउनलाइन में भी जल्द टनल निर्माण आरंभ होने जा रहा है। यह बाते मंगलवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि इसके लिए रावतपुर स्टेशन के निकट स्थित लॉन्चिंग शाफ्ट में कानपुर मेट्रो रेल परियोजना की छठी (कॉरिडोर-2 की दूसरी) टीबीएम मशीन के सभी हिस्सों को लोअर यानी जमीन के नीचे उतारने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इन हिस्सों के लोअरिंग के बाद अब टीबीएम मशीन के सभी भागों और घटकों के असेंबलिंग की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। साथ ही उन्होंने कानपुर आगमन के दौरान निर्माणाधीन स्टेशनों का दौरा किया और विभिन्न विभागों से जुड़े कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

# मंगलवार को जनपद के 30 निराश्रित वृद्धजनों ने संगम में किया स्नान



❒ योग एवं भजन के साथ होती है दिन की शुरुआत

❒ समाज कल्याण मंत्री के निर्देश पर निःशुल्क भोजन, आवास और आवागम की मिल रही है सुविधा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । प्रदेश की डबल इंजन की सरकार निराश्रित वरिष्ठजनों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को लेकर लगातार कार्य कर रही है. इसी क्रम में समाज कल्याण मंत्री श्री असीम अरुण के निर्देश पर मंगलवार को बहराइच जनपद के वृद्धाश्रम में रहने वाले 30 निराश्रित वरिष्ठजनों को महाकुंभ में स्नान करवाया गया है. सभी वरिष्ठजनों को जनपद से विभागीय अधिकारी बस द्वारा कुम्भ क्षेत्र में बने समाज कल्याण विभाग के अस्थायी आश्रम तक लेकर आये है। समाज कल्याण विभाग द्वारा 100 बेड का अस्थायी आश्रम कुंभ क्षेत्र में पहली बार कैंप स्थापित किया गया है। कैंप में वरिष्ठजनों के लिए 100 बेड की क्षमता का एक आश्रम भी तैयार किया गया है। इस आश्रम में वरिष्ठजनों को निःशुल्क भोजन, आवागमन और रुकने की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग द्वारा की जा रही है। वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कैंप में डॉक्टर भी तैनात किए गए हैं। यहां पर योग के साथ सुबह की शुरुआत होती है। आश्रम में रुकने वाले वरिष्ठजनों की सुबह योग और ध्यान के साथ होती है। उसके बाद सायं को भजन, कीर्तन के कार्यक्रम में वरिष्ठजन हिस्सा लेते हैं। समाज कल्याण विभाग के कैंप में सामाजिक समरसता की झलक भी देखने को मिलती है।

# सुरक्षित, नैतिक और जिम्मेदार इंटरनेट उपयोगकर्ता बनना सबकी जिम्मेदारी: डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संयुक्त निदेशक एन.आई.सी. योगेश कुमार यादव, फील्ड अभियन्ता रमन कुमार गुप्ता व सन्दीप द्विवेदी तथा सहयोगी स्टाफ सै. फैसल द्वारा इंटरनेट का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए विशेष रूप से बच्चों और युवा वयस्कों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी डिजिटल वातावरण बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।संयुक्त निदेशक श्री यादव ने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस (एसआईडी) हर साल तकनीक और इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2025 में 'एक बेहतर इंटरनेट के लिए एक साथ' की थीम पर विश्व के लगभग 150 देशों में मनाया जा रहा है। श्री यादव ने बताया कि एसआईडी का उद्देश्य है कि आमजन को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में जागरूक व शिक्षित करना है ताकि लोग ऑनलाइन दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए स्वेच्छा से आगे आ सकें। उन्होंने कहा कि आज के युग में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला ऐप व्हाट्स ऐप को सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करना समय कर मांग है जिससे साईबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लग सके।श्री यादव ने कहा कि साईबर सुरक्षा का महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि आज विभिन्न संगठनों, शिक्षण संस्थाओं एवं समुदायों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरन्तरता के साथ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संचार क्रांति के इस युग में सबसे सशक्त माध्यम इण्टरनेट है जो सम्पूर्ण संसार को एक दूसरे से जोड़े हुए है। श्री यादव ने कहा कि जहां एक ओर इंटरनेट सीखने, सामाजिक संपर्क और व्यवसाय के लिए अनगिनत अवसर प्रदान करता है वहीं दूसरी ओर साइबरबुलिंग, फ़िशिंग, डेटा उल्लंघन और अनुचित सामग्री के संपर्क में आने जैसे जोखिम भी पैदा करता है। कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित इण्टरनेट का उपयोग करने हेतु जागरूक एवं शिक्षित करना है। गोष्ठी के दौरान मौजूद लोगों को ऑनलाइन बैंकिंग, पब्लिक वाई-फाई, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप कॉल वीडियो कॉल आदि को किस तरह सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करने तथा सभी प्रकार डिजिटल फ्रॉड से बचने के तरीके बताये गये। लोागों को बताया गया कि अपनी पर्सनल इनफॉरमेशन सभी के साथ सोशल मीडिया पर शेयर ना करें, मोबाइल, ईमेल, बैंकिंग पासवर्ड व सोशल मीडिया आईडी पासवर्ड कैसे सुरक्षित रखें, के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। गोष्ठी में यह भी बताया गया कि अगर किसी के साथ डिजिटल फ्रॉड होता है तो उनको साईबरक्राइम डाट जीओवी डाट इन व हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1930 तथा नजदीकी पुलिस स्टेशन पर जाकर तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने गोष्ठी को अत्यन्त उपयोगी बताते हुए मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आहवान किया कि साइबर फ्राड से बचने के लिए जागरूक रहें।

# शिक्षित व्यक्ति ही जगाता है शिक्षा की अलख : तिवारी

❐ विकास क्षेत्र सिंहपुर के परिषदीय विद्यालयों के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने धमाल मचाया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी। आज परिषदीय विद्यालयों में शिक्षारत बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है।यहां के बच्चे कान्वेंट स्कूलों के बच्चों से किसी मामले में पीछे नही है।कायाकल्प योजना से भवनों की खूबसूरती बढ़ी है तो शिक्षकों के परिश्रम से बच्चों में भी निखार आया है।यह बात कम्पोजिट विद्यालय खानापुर चपरा में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव में सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कही।उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में जो वार्षिकोत्सव कराये जाने का निर्णय लिया गया इसकी जितनी प्रशंसा की जाय वह कम है।उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में छिपी प्रतिभाएं निखर कर समाज के सामने आती है।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने अभिवावकों से अपील करते हुये कहा कि आप सब लोग अपने पाल्यों को नियमित विद्यालय भेजें।उन्होंने कहा कि बच्चे जब विद्यालय आकर कुछ अच्छा ही सीखेंगे।विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को भाव विभोर कर दिया।प्रधानाचार्य जया त्रिपाठी ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट किया।वार्षिकोत्सव में प्रतिभागी बच्चों को बीईओ ने पुरस्कार सौंपा।इसके साथ ही कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई, दांदूपुर, सिंहपुर, लौली, प्राथमिक विद्यालय कुकहा रामपुर, टिकरी, खारा, खेखरुआ, फूला, मोतीगंज, रस्तामऊ, रुकुनपुर, मैंझार, गढ़ी महाबल, कैथागांव सहित अन्य परिषदीय विद्यालयों में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव मनाया गया।इस मौके पर एआरपी ओंकार पाण्डेय, अनुज शुक्ला, सत्येन्द्र तिवारी, उबैद अहमद, श्याम बहादुर सिंह,आशीष गुप्ता, विकल्प श्रीवास्तव,राशिद खान, मनोज शुक्ला, राधेश्याम, उदय प्रकाश यादव, प्रमोद शुक्ला, धर्मेन्द्र सिंह, जितेन्द्र नाथ त्रिवेदी,जय श्री सैनी,आलोक शुक्ला, दीप शिखा, विभा द्विवेदी,मोहम्मद अशरफ नवाज, शेखर द्विवेदी सहित ग्राम प्रधान सहित अन्य तमाम अभिवावक मौजूद रहे।

# डीएम ने कंपोजिट विद्यालय चाट फिरोजपुर में फीता काटकर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत कंपोजिट विद्यालय चॉट फिरोजपुर में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने अभियान का फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिसमें समस्त उपस्थित छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल एवं फाइलेरिया की गोली के महत्व के बारे में बताया गया एवं उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल व फाइलेरिया की खुराक खिलाई गई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मापअप दिवस 14. 02. 2024 तक चलेगा जिसमें समस्त 1-19 साल के सभी बच्चों,किशोर,किशोरियों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त सरकारी, निजी विद्यालयों एवं सभी आंगनबाड़ी केद्रों पर पंजीकृत बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी,उप जिलाधिकारी पूरनपुर, डॉक्टर मनीष राज सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने कई कार्यों का किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह लगातार विकास कार्यों का शुभारंभ कर क्षेत्र में विकास की गंगा बहा रहे हैं। सोमबार को विकासखंड की ग्राम पंचायत दोदपुर में खारजा नहर से जसविंद सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य।ओढ़ाझार शिव मंदिर से चोखपुरी चूका बाईपास रोड तक खड़ंजा निर्माण कार्य।सबलपुर में अशोक के घर से नागमठ होते हुए ओढ़ाझार शिवमन्दिर की ओर खड़ंजा निर्माण कार्य।खासपुर में गोकिल मिस्त्री की दुकान से डाकिया के घर तक नाला निर्माण कार्य।खासपुर में जिला रोड से खेमकरण गुरु जी के घर से होते हुए चेतराम के खेत की ओर खड़ंजा।माधोटांडा में अजीत सिंह के खेत के सामने पुलिया निर्माण। गोमती उद्गम स्थल पर इंटरलॉकिंग कार्य।बराही में अविन कुमार के खेत के सामने पुलिया निर्माण कार्य।पीडब्लूडी रोड से बसंतपुर नौनेर में पुलिया तक खड़ंजा निर्माण।इस मौके पर विधायक बाबूराम पासवान, भगवती सिंह,अधिवक्ता गौरव पांडे,कौशल वाजपेई, मिलाप सिंह,नरेश पाल सिंह प्रधान, प्रधान नईम,रामगोपाल, अगमवीर सिंह प्रधान, हुकुम सिंह प्रधान, सुखदीप सिंह लाड़ी, राममूर्ति सिंह, सोनपाल, राहुल सिंह, सुनील सिंह, तिलक पाल सिंह, यशपाल सिंह, साकेत सिंह, विक्की सिंह,निर्भय सिंह, विकेश सिंह,धर्मेंद्र, वीरपाल क्षेत्र पंचायत सदस्य, महेश क्षेत्र पंचायत सदस्य, अशोक क्षेत्र पंचायत सदस्य, हरीश बाबू क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रमोद क्षेत्र पंचायत सदस्य, बबलू क्षेत्र पंचायत सदस्य, इरफान क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रमोद क्षेत्र पंचायत सदस्य, नंदराम क्षेत्र पंचायत सदस्य, असगर क्षेत्र पंचायत सदस्य,अकरम क्षेत्र पंचायत सदस्य, धर्मेंद्र क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान साथी सम्मानित जनता उपस्थित रही हैं।

# चल रहे बिना संस्पेंशन वाले सभी ई रिक्शों पर लगे प्रतिबंध:नीलिमा सेठ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। मानव आिकार संरक्षण संस्था की महिला विंग जिला अयक्ष नीलिमा सेठ की अयक्षता में एक बैठक मुवन निवास बढ़ैयाबीर में सम्पन्न हुई जिसमें सरला सिंह, विभा अग्रवाल, शशि सिंह, किरन गुप्ता आदि महिला पदाकिारी शामिल हुईं। बैठक में आकि से आकि महिलाओं को संगठन से जोड़ने हेतु व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन से आम जनता की विभिन्न समस्याओं को दूर करने की मांग करते हुए कहा कि नगर में हद से ज्यादा अतिक्रमण है जिस पर पुलिस आीक्षक को कार्यवाही करनी चाहिए इसके अलावा शहर में चल रहे सभी ई रिक्शा में मानक के अनुरूप सस्पेंशन न होने से उसमें बैठी सवारियों को तेज झटके लगते हैं जिसकी वजह से बीमार बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को बहुत दिक्कत होती है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि शहर में मानक विहीन ई-रिक्शा के चलने पर प्रतिबां लगाए। इसके अलावा कम उम्र के ड्राइवरों पर भी रोक लगाई जाए जिससे किसी तरह की दुर्घटना न हो। अंत में महिला जिला अयक्ष ने मांग किया कि छुट्टी के दिनों में पर्यावरण पार्क में आकि संख्या में महिलाएं और बच्चों का आगमन होता है अतः वहां पर सुरक्षा हेतु नियमित रूप से पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाए।

# हमारा आंगन हमार बच्चे उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

❐ मरौरी ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने निपुण बच्चों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। हमारा आंगन हमार बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन काशीराम बारात घर में संपन्न हुआ तीन से छह वर्ष के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,शिक्षक व विद्यालय प्रबंध समिति के जिम्मेदार इस दिशा में सार्थक पहल करना सुनिश्चित करें।यह बात नगर में स्थित काशीराम बरात घर में आयोजित 'हमारा आंगन,हमारे बच्चे उत्सव' कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कही उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जितनी जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व शिक्षकों की है। उतनी ही नामांकन व नियमित उपस्थिति का ध्यान रखने की जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक और शारीरिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, मरौरी ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा,खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार,बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय से अनीता चौधरी, एआरपी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा है।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना कमरौली पुलिस ने लोहिया पुल के पास से एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसके कब्जे से एक अदद देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। थाना कमरौली के उप निरीक्षक राम जी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पर गोपाल श्रीवास्तव पुत्र शिव चन्दर श्रीवास्तव निवासी पट्टी मजरे बरसण्डा थाना कमरौली उम्र करीब तीस वर्ष को लोहिया पुल के पास से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।

## मोहनगंज पुलिस ने पचास ग्राम स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर को पकड़ा

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मोहनगंज पुलिस ने पाकरगांव के पास से पचास ग्राम स्मैक के साथ एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत सोमवार को उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अनिल कुमार सिंह पुत्र रामनरेश कुमार सिंह निवासी ग्राम पूरे रामसिंह मजरे मिर्ज़ागढ़ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब तीस वर्ष को ग्राम पाकरगांव के पास से समय करीब साढ़े नौ बजे रात में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई।तलाशी में शातिर अपराधी के कब्जे से पचास ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त शातिर अपराधी के खिलाफ विभिन्न थानों में इक्कीस अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## मोहनगंज पुलिस ने पचास ग्राम स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर को पकड़ा

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मोहनगंज पुलिस ने पाकरगांव के पास से पचास ग्राम स्मैक के साथ एक हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत सोमवार को उप निरीक्षक जितेन्द्र कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अनिल कुमार सिंह पुत्र रामनरेश कुमार सिंह निवासी ग्राम पूरे रामसिंह मजरे मिर्ज़ागढ़ थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब तीस वर्ष को ग्राम पाकरगांव के पास से समय करीब साढ़े नौ बजे रात में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई।तलाशी में शातिर अपराधी के कब्जे से पचास ग्राम स्मैक बरामद हुई है।इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये शातिर अपराधी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया

## जगदीशपुर पुलिस ने दो शातिर अपराधियों को धरदबोचा

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ एक युवक एवं बीस ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक विधान चन्द यादव मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अंसार बाबू पुत्र नैय्यर उर्फ सवाहतुज्जमा निवासी दक्खिनगांव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब बावन वर्ष को ग्राम मुबारकपुर के पास से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बारह बोर बरामद हुआ है। वहीं उप निरीक्षक शिव बक्श सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मोहम्मद कैफ पुत्र शमशाद निवासी ग्राम कठौरा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र करीब उन्नीस वर्ष को बाजार शुकुल रोड अण्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया जिनके पास से बीस ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है कि उक्त शातिर अपराधी के खिलाफ विभिन्न थानों में इक्कीस अपराधिक मामले दर्ज हैं।

## इक्यासी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड तिलोई के सभागार में पोषण भी पढाई भी को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा पोषण एवं शालापूर्ण शिक्षा को आंगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से और मजबूत करने के उददेश्य से केंद्र सरकार द्वारा पोषण भी पढाई भी योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुई।पहले दिन पोषण भी पढाई भी को लेकर नवचेतना, आधारशिला के रास्ट्रीय करिकुलम व प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के बारे में खेल आधारित बिभिन्न गतिविधियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।सीडीपीओ शिवानी दीक्षित ने शालापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्त्व, समावेशी शिक्षा तथा आईसीडीयस विभाग द्वारा दी जाने वाली छह सेवाओ के बारे में विस्तार से बताया।बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए पोषण के साथ पढाई, साथ ही गर्भवती महिलाओ की देखभाल एवं स्तनपान, प्रधानमंत्री मातुवंदन योजना, दिव्यांग बच्चों का समावेश आदि विषयों पर आगनवाडी कर्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया।सुपरवाइजर गायत्री देवी ने आंगनवाडी कार्यकत्रियों को बताया की अपने अपने क्षेत्र के हर योजना का लाभ पात्रो तक अवश्य पहुचाएं साथ ही गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दें।

# साप्ताहिक बंदी को लेकर हिन्दू महासभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। अखिल भारत हिन्दू महासभा ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिलाधिकारी को अतिक्रमण हटाओ अभियान को निष्पक्ष रूप से चलाने एवं साप्ताहिक बंदी को स्वैच्छिक करने के संबंध में एक ज्ञापन दिया।ज्ञापन में कहा गया है कि जिला प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए गरीब लोगों के प्रतिष्ठानों पर जेसीबी चलाई जा रही है लेकिन जो सही में बड़े व्यापारी अतिक्रमण करे हुए हैं उन पर कोई कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा नहीं की जाती है क्या जिला प्रशासन उन पर कार्रवाई करने से डरता है? पीलीभीत में क्या केवल गरीबों पर ही जिला प्रशासन द्वारा अत्याचार किए जाएंगे ये संगठन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा संगठन ने मांग की है कि वर्तमान में समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा जो अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है वो छोटे एवं बड़े व्यापारियों के लिए एक समान रूप से चलाया जाए, इस अभियान में पहले बड़े व्यापारियों पर कार्रवाई की जाए उसके बाद छोटे व्यापारियों पर कार्रवाई की जाए जिससे अतिक्रमण पर निष्पक्ष कार्रवाई हो सके। संगठन ने कहा कि पीलीभीत का जिला प्रशासन गरीबों के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर अपनी वाह वाही करा लेता है जो संगठन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दुकानों पर लगे नाम के बोर्डों को भी हटा दिया जाता है जिनसे कोई दिक्कत भी नहीं होती है जबकि जिला प्रशासन दुकानों के सामने खड़े वाहनों को नहीं हटवा पाता है जबकि उनसे बाजार में पूरे दिन जाम लगा रहता है। इसके साथ ही संगठन ने प्रशासन से दुकानदारों को अपनी दुकान का सामान दुकान के अंदर ही रखने के आदेश देने की मांग की गई है कहा है कि यदि उसके बाद भी जो भी दुकानदार दुकान के बाहर सामान रखे उस पर सख्त कार्रवाई की जाए।वहीं जो साप्ताहिक बाजार बंदी है उसको लेकर भी संगठन ने उसे स्वेच्छा से करने की मांग की है कहा है कि बाजार किसी दबाव में बंद नहीं कराई जाए। शहर के दुकानदार बहुत बहुत अधिक किराए पर दुकान लेकर बैठे हुए हैं यदि उसके बाद भी वह साप्ताहिक बंदी वाले दिन दुकान बंद कर देगा तो उसका खर्च कैसे निकलेगा वहीं मंगल को मंगल की साप्ताहिक बाजार लग रही है जो रोड पर लग रही है उसे रोडों पर न लगने देने की भी मांग की गई है कहा कि मंगल की बाजार केवल मैदान में लगे न कि रोड पर।प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि जो जगह पार्किंग को लेकर अधिकारियों ने घोषणा की है उन जगहों पर पार्किंग स्थल से कोई जाम से निजात नहीं मिल सकता है शहर के बीचों बीच स्थित मीना बाजार पर पार्किंग स्थल बनाया जाना चाहिए।

# समर्पण दिवस के रुप में मनाई गई पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपायाय की 56 व पुण्यतिथि के अवसर पर भाजपाइयों ने शहर के सुपर मार्केट स्थित दीनदयाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके पावन स्मृतियों को नमन करते हुए उनके दिखाए गए पदचिन्हों व आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मंगलवार को पार्टी ने जिले के 372 शक्ति केन्द्रों व 1991 बूथों पर पंडित दीनदयाल उपायाय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान लोगों ने नकद, नमो एप, क्यू आर कोड व अन्य मायमों से समर्पण राशि दी। नगर में अयक्ष रीना जायसवाल के संयोजन में सुपर मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलायक्ष ड आरए वर्मा ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण व विकास दीनदयाल उपायाय का सपना था।आज प्राानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार उनके सपनों को साकार कर रही है। उन्होंने कहा मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में गरीबों,वंचितों को विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के मायम से सशक्त बनाने का काम किया है। पूर्व जिलायक्ष करूणा शंकर द्विवेदी ने उनके व्यक्तित्व व .तित्व पर चर्चा करते हुए कहा, पंडित जी अंत्योदय की बात करने वाले ज्योतिपुंज थे। उनके विचार-दर्शन विकसित भारत के रोडमैप का मूल मंत्र भी है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का चेक व प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। के.एन.आई.सी.ई. करौंदिया विवेकनगर में सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित वर्ष 2023-24 के कक्षा 10 व 12 के विज्ञान व वाणिज्य वर्ग के मेाावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय की प्रबांक आशा सिंह ने स्वर्ण,रजत व कांस्य पदक तथा चेक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह का शुभारंभ प्रबनक आशा सिंह, प्राानाचार्य ड.एन.डी.सिंह तथा के.एन.आई.सी.ई. लालडिग्गी के प्राानाचार्य मृदुल कुमार सिंह, उपप्राानाचार्य तन्वी गोयल, समन्वयक रेनू सिंह द्वारा वीणावादिनी मां सरस्वती तथा बाबू के.एन.सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ। इस अवसर पर तन्वी गोयल ने प्रबांक आशा सिंह तथा प्राानाचार्य ड.एन.डी.सिंह ने केएनआईसीई लालडिग्गी के प्राानाचार्य ड.मृदुल कुमार सिंह का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 2 के छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश वंदना से हुआ।कक्षा 6 की छात्राओं ने स्वागत गीत हैपी-हैपी वेलकम टू यू... गाकर आये हुए अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया। कक्षा-4 की छात्राओं ने ओ पालनहारे....गीत गाय।कक्षा 5 की छात्राओं ने मनवा लागे रे....की बोल पर बहुत ही अच्छा नृत्य किया। मुख्य अतिथि आशा सिंह ने कक्षा 10 की छात्रा अक्षरा रावत ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, जिन्हें स्वर्ण पदक, पांच हजार रुपए का चेक व प्रमाण पत्र, सृष्टि प्रजापति ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, जिन्हें रजत पदक तथा तीन हजार रुपए का चेक व प्रमाण पत्र तथा आराय श्रीवास्तव ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, जिन्हें कांस्य पदक तथा दो हजार रुपए का चेक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित क। कक्षा 12 की वाणिज्य वर्ग की छात्रा सबरीन निशा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, जिन्हें स्वर्ण पदक,पांच हजार रुपए का चेक व प्रमाण पत्र,शगुन दूबे ने 94 प्रतिशत प्राप्त किए थे,जिन्हें रजत पदक तथा तीन हजार रुपए का चेक व प्रमाण पत्र तथा अपूर्वा श्रीवास्तव ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, जिन्हें कांस्य पदक तथा दो हजार रुपए का चेक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित क। कक्षा 12 का विज्ञान वर्ग का छात्र रितेश श्रीवास्तव ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, जिन्हें स्वर्ण पदक तथा पांच हजार रुपए का चेक व प्रमाण पत्र,प्राची सिंह ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, जिन्हें रजत पदक तथा तीन हजार रुपए का चेक व प्रमाण पत्र, वैशाली श्रीवास्तव व अंश सिंह दोनों ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे,जिन्हें संयुक्त रूप से कांस्य पदक एक-एक हजार रुपए के चेक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित क।

## सारे बांन तोड़ो-मोस्ट बहुजन जोड़ों कार्यक्रम आयोजित



**दोस्तपुर/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाान में सारे बांन तोड़ो-मोस्ट बहुजन जोड़ों कार्यक्रम जियालाल गौतम व चौरी परशुराम निषाद के संयुक्त नेतृत्व में विकासखण्ड दोस्तपुर के कटरा चुग्घूपुर में हुआ। उक्त अवसर पर मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल गुरूजी ने कहा कि मोस्ट समाज अभी तक अलग-अलग जातियों में बटकर सत्ता की भागीदारी में असफल रहा है, पिछड़ों के पिछड़ेपन का कारण अशिक्षा और आपसी बिखराव है इसलिए भाग्य को कोसने के बजाय मोस्ट पिछड़ों को शिक्षित और संगठित करने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। मोस्ट प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद ने कहा कि मोस्ट समाज को शिक्षित और संगठित करने की दिशा में काम करने वाले ही बाबा साहब के मिशन के सच्चे सिपाही हैं।

# अयोध्या-प्रयागराज मार्ग जाम, घंटों फंसे रहे श्रद्धालु

❐ परेशान यात्रियों ने खोया आपा, अयोया जाने से रोकने पर पुलिस से भिड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। महाकुंभ स्नान कर अयोया जा रहे श्रद्धालुओं को अयोया प्रयागराज मार्ग पर कूरेभार में बैरियर लगाकर अयोया जाने से रोकने पर महिलाओं सहित श्रदालुओं ने आपा खो दिया। काफी देर जाम में परेशान यात्रियों से बैरियर पर लगे पुलिस कर्मियों से झड़प हो गई। जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए श्रद्धालु की पिटाई कर बवाल को शांत कराया। बता दे कि जिले में पिछले पखवारे भर से अयोया, प्रयागराज व वाराणसी मार्ग पर लगातार वाहनों का तांता लगा हुआ है। जिसके चलते इन तीनों मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी हुई है। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए जिले की पुलिस द्वारा प्रयागराज व वाराणसी से अयोया जाने वाले वाले वाहनों को जिले के लोकल मार्गों पर डायवर्ट किया जा रहा है। मंगलवार को कूरेभार थाना क्षेत्र में अयोया प्रयागराज मार्ग पर अयोया में श्रदालुओं की अकि भीड़ के चलते पूर्वांचल एक्सप्रेस के पास बैरियर लगाकर रोक दिया गया। जिससे सुल्तानपुर की तरफ से अयोया जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन जाम में फंस गए। काफी देर जाम में फंसे होने के बाद कुछ यात्री महिलाओं के साथ एक दर्शनार्थी ने पुलिस से झड़प करते हुए अयोया से सुल्तानपुर जाने वाले वाहनों को रोक दिया। जिससे दोनों तरफ का यातायात पूरी तरह ठप हो गया। जिसके बाद कूरेभार थानायक्ष शारदेंदु द्विवेदी व उनकी टीम ने सड़क जाम कर महिलाओं व श्रद्धालुओं को हटाने का प्रयास किया।लेकिन श्रद्धालु सड़क से हटने को तैयार नह हुआ। तब जाकर कूरेभार पुलिस ने लाठी से एक श्रद्धालु की पिटाई कर उसे अपने सरकारी वाहन में बैठाने का प्रयास किया।लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते हिरासत में नह ले सके।कूरेभार थानायक्ष शारदेंदु द्विवेदी ने बताया कि यात्री महिलाओं को आगे करके एक श्रद्धालु द्वारा सुल्तानपुर जाने वाले रोका जा रहा था। जिसे मार्ग से हटाते हुए यातायात बहाल कराया गया। अयोया में ज्यादा भीड़ हो जाने के कारण कुछ देर के लिए अयोया जाने वाले वाहनों को रोका गया था। पुलिस मीडिया सेल द्वारा जारी बयान के अनुसार एक श्रद्धालु/वाहन स्वामी द्वारा जान बूझकर गलत साइड से गाड़ी लगाकर राजमार्ग को अवरुद्ध किया गया था।जिसके कारण अन्य यात्रियों ,स्कूली बच्चों,महिलाओं एवं श्रद्धालुओं को अत्याकि परेशानी उत्पन्न हो रही थी। समझाने के बाद न मानने पर उक्त व्यक्ति को सही मार्ग पर करके उनके वाहन के साथ सकुशल गंतव्य को रवाना किया गया।

# मोटापे के विरुद्ध अभियान

निष्क्रिय जीवन व प्रसंस्कृत खाद्य-पेय पदार्थों के सेवन वाली पश्चिमी भोजनशैली का अंधानुकरण मोटापे के मुख्य कारण हैं। विडंबना यह है कि हम मोटापे को गंभीरता से नहीं लेते, जबकि यह अनेक गंभीर गैर संक्रामक रोगों की वजह बनता है। दरअसल, मोटापे के कारण मधुमेह व उच्च रक्तचाप के साथ ही उच्च कोलेस्ट्रोल की स्थिति पैदा होती है, जो कालांतर में हृदय रोग का कारण भी बनती है। प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल पत्रिका लैंसेट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में करीब सात करोड़ लोग मोटापे से पीड़ित थे। जिसमें 4.4 करोड़ संख्या महिलाओं की थी। सबसे ज्यादा गंभीर बात यह है कि सवा करोड़ बालक-बालिकाएं भी मोटापे से पीड़ित थीं। वहीं आईसीएमआर की रिपोर्ट तो बड़े खतरे की ओर इशारा करती है। जिसके अनुसार देश में करीब बारह करोड़ लोग मोटापे से होने वाली बीमारियों मसलन डाइबिटीज, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रोल आदि से पीड़ित हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति स्वस्थ भारत के मिशन के लक्ष्य पर पानी फ़ेरने वाली है। तभी पिछले दिनों राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापे की गंभीर होती समस्या पर चिंता जताई थी। उन्होंने देश में मोटापे के खिलाफ जन अभियान शुरू करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री की इस अपील को देश की प्रसिद्ध हस्तियों का भरपूर समर्थन मिला है। इतना ही नहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन की दक्षिण पूर्व एशिया इकाई ने प्रधानमंत्री की सार्थक पहल का स्वागत करते हुए नियमित शारीरिक सक्रियता, पौष्टिक व संतुलित भोजन की प्राथमिकता के साथ मोटापे के विरुद्ध मुहिम की बात कही। उल्लेखनीय है कि मोटापे के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मुहिम की जिम्मेदारी देश के सात सौ मेडिकल कॉलेजों को सौंपी गई है। मेडिकल कॉलेज के स्वास्थ्य विशेषज्ञों व कार्यकर्ताओं की टीमें घर-घर जाकर संदेश देंगी कि मोटापा सिर्फ समस्या नहीं बल्कि गंभीर बीमारियों का कारक है। इस मुहिम में शामिल होते हुए दिल्ली एम्स के चौदह डॉक्टरों ने मोटापे के हमारी सेहत पर पड़ने वाले घातक प्रभावों पर विमर्श करते हुए, नागरिकों से सक्रिय व स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया। महत्वपूर्ण बात यह है कि शीघ्र ही देश के सभी सरकारी अस्पतालों में मोटापे के खिलाफ अभियान के क्रम में विशेष ओपीडी संचालित होंगी। यहां अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अलावा आहार विशेषज्ञ भी पौष्टिक व संतुलित भोजन के साथ योग व व्यायाम की जानकारी देंगे। चिकित्सकों का मानना है कि मोटापे की वजह से फ़ेफड़ों पर भी दबाव बढ़ता है। इससे अस्थमा व नींद की अनियमितता से जुड़ी बीमारियां पैदा हो सकती हैं। वहीं जोड़ों पर अधिक दबाव बढ़ने से गठिया और आर्थराइटिस जैसी बीमारियां भी पैदा हो सकती हैं। यही वजह है कि डब्ल्यूएचओ मोटापे को एक वैश्विक महामारी के रूप मे देख रहा है। जो पिछले पांच दशकों में तीन गुना बढ़ चुका है। सबसे बड़ी चुनौतियां गृहिणियों के स्वास्थ्य को लेकर हैं। दरअसल, महिलाओं में वर्ष 2022 में मोटापे की दर 9.8 फीसदी हो गई है। निश्चित रूप से देश में मोटापे के खिलाफ लड़ाई कई मोर्चों पर लड़नी होगी। योग व अन्य शारीरिक व्यायाम इसमें खासे मददगार हो सकते हैं।

मोटापे के कारण मधुमेह व उच्च रक्तचाप के साथ ही उच्च कोलेस्ट्रोल की स्थिति पैदा होती है, जो कालांतर में हृदय रोग का कारण भी बनती है। प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल पत्रिका लैंसेट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में करीब सात करोड़ लोग मोटापे से पीड़ित थे। जिसमें 4.4 करोड़ संख्या महिलाओं की थी। सबसे ज्यादा गंभीर बात यह है कि सवा करोड़ बालक-बालिकाएं भी मोटापे से पीड़ित थीं। वहीं आईसीएमआर की रिपोर्ट तो बड़े खतरे की ओर इशारा करती है।

# रैदास युगपुरुष और युगस्त्रष्टा सिद्ध संत थे

## संत रविदास जयन्ती पर विशेष

महामना संत रविदास कहो या रैदास-भारतीय संत परम्परा, भक्ति आन्दोलन और संत-साहित्य के जहां महान्‌ हस्ताक्षर है, वहीं वे अलौकिक-सिद्ध संत, समाज सुधारक, साधक और कवि हैं। दुनियाभर के संत-महात्माओं में उनका विशिष्ट स्थान है। सद्गुरु रामानंद के पारस स्पर्श ने चर्मकार रैदास को भारत वर्ष का महान चमत्कारी एवं सिद्धात्मा संत बना दिया था। वे निर्गुण रंगी चादरिया रे, कोई ओढ़े संत सुजान को चरितार्थ करते हुए सद्‌भावना और प्रेम की गंगा को प्रवाहित किया। मन चंगा तो कठौती में गंगा, यह संत शिरोमणि रैदासजी के द्वारा कहा गया अमर सूक्ति भक्ति दोहा है, जो आज भी भारत के घर-घर में लोकप्रिय है। वे कबीर के समसामयिक कहे जाते हैं। उन्होंने जीवनपर्यन्त छुआछूत, ऊंच-नीच, जातिवाद जैसी कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज में फैली तमाम बुराइयों के खिलाफ पुरजोर आवाज उठाई और उन कुरीतियों के खिलाफ निरन्तर कार्य करते रहे। समस्त भारतीय समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता और भाईचारे की सीख देने वाले 15वीं सदी के महान समाज सुधारक संत रैदासजी को जो चेतना प्राप्त हुई, वह तन-मन के भेद से प्रतिबद्ध नहीं है, मुक्त है। उन्होंने अपनी सिद्धियों के जरिये समाज में व्याप्त आडम्बरों, अज्ञानता, झूठ, मक्कारी और अधार्मिकता का भंडाफोड़ करते हुए समाज को जागृत करने और नई दिशा देने का प्रयास किया। रैदासजी ने समता और समरसता की शिक्षा भी दी, और हमेशा दलितों, वंचितों की विशेष रूप से चिंता भी की। स्पष्ट है कि रैदासजी जैसे महान भक्त जाति, क्षेत्र तथा व्यवसाय आदि बंधनों से मुक्त थे। इसलिए रैदासजी हर जाति, वर्ग तथा व्यवसाय के लोगों के लिए पूजनीय है। श्रीकृष्ण, श्रीराम, महावीर, बुद्ध के साथ-ही-साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा में रविदासजी ने भी धर्म की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य किया। जातिवाद एवं सम्प्रदायवाद के खिलाफ वातावरण बनाया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके दोहों-विचारों से अस्पर्शित रहा हो। अपनी कथनी और करनी से मृतप्रायः मानव जाति के लिए रविदासजी ने संजीवनी बूंटी का कार्य किया। इतिहास गवाह है, इंसान को ठोंक-पीट कर इंसान बनाने की घटना रविदासजी के काल में, रविदासजी के ही हाथों, उनकी रचनाओं-विचारों एवं कार्यों से हुई। रविदासजी के जन्म को लेकर कई मत हैं। लेकिन उनके जन्म पर एक दोहा खूब प्रचलित है- 'चौदस सो तैंसीस कि माघ सुदी पन्दरास, दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास- इस पंक्ति के अनुसार गुरु रविदास का जन्म माघ मास की पूर्णिमा को रविवार के दिन 1433 को हुआ था। इसलिए हर साल माघ मास की पूर्णिमा तिथि को रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है जोकि इस वर्ष 12 फरवरी 2025 को है। रैदास पंथ का पालन करने वाले लोगों में रविदास जयंती का एक विशेष महत्व है। रविदासजी का जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के गोवर्धनपुर गाँव में एक मोची परिवार में हुआ था। मध्यकाल की प्रसिद्ध संत मीराबाई भी रविदासजी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानती थीं। रविदासजी ने लोगों को एक नई राह दिखाई कि घर-गृहस्थी में रहकर और गृहस्थ जीवन जीते हुए भी शील-सदाचार और पवित्रता का जीवन जिया जा सकता है तथा आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त किया जा सकता है। अपनी सामान्य पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद भी रविदासजी भक्ति आंदोलन, हिंदू धर्म में भक्ति और समतावादी आंदोलन में एक प्रमुख पुरोधा पुरुष के रूप में उजागर हुए। जूते बनाने का कार्य करने वाले संत रैदास ने आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करने के लिए समाधि, ध्यान और योग के मार्ग को अपनाते हुए असीम ज्ञान प्राप्त किया और अपने इसी ज्ञान के जरिये पीड़ित मानवता, समाज एवं दीन-दुखियों की सेवा कार्य में जुट गए। जूते बनाने के कार्य से उन्हें जो भी कमाई होती, उससे वे संतों की सेवा किया करते और उसके बाद जो कुछ बचता, उसी से परिवार का निर्वाह करते थे। रैदासजी श्रीराम और श्रीकृष्ण भक्त परंपरा के कवि और

रैदासजी ने समता और समरसता की शिक्षा भी दी, और हमेशा दलितों, वंचितों की विशेष रूप से चिंता भी की। स्पष्ट है कि रैदासजी जैसे महान भक्त जाति, क्षेत्र तथा व्यवसाय आदि बंधनों से मुक्त थे। इसलिए रैदासजी हर जाति, वर्ग तथा व्यवसाय के लोगों के लिए पूजनीय है। श्रीकृष्ण, श्रीराम, महावीर, बुद्ध के साथ-ही-साथ भारतीय अध्यात्म आकाश के अनेक संतों-आदि शंकराचार्य, नानक, रैदास, मीरा आदि की परंपरा में रविदासजी ने भी धर्म की त्रासदी एवं उसकी चुनौतियों को समाहित करने का अनूठा कार्य किया। जातिवाद एवं सम्प्रदायवाद के खिलाफ वातावरण बनाया। जीवन का ऐसा कोई भी आयाम नहीं है जो उनके दोहों-विचारों से अस्पर्शित रहा हो। अपनी कथनी और करनी से मृतप्रायः मानव जाति के लिए रविदासजी ने संजीवनी बूंटी का कार्य किया। इतिहास गवाह है, इंसान को ठोंक-पीट कर इंसान बनाने की घटना रविदासजी के काल में, रविदासजी के ही हाथों, उनकी रचनाओं-विचारों एवं कार्यों से हुई। रविदासजी के जन्म को लेकर कई मत हैं। लेकिन उनके जन्म पर एक दोहा खूब प्रचलित है- 'चौदस सो तैंसीस कि माघ सुदी पन्दरास, दुखियों के कल्याण हित प्रगटे श्री गुरु रविदास- इस पंक्ति के अनुसार गुरु रविदास का जन्म माघ मास की पूर्णिमा को रविवार के दिन 1433 को हुआ था। इसलिए हर साल माघ मास की पूर्णिमा तिथि को रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है जोकि इस वर्ष 12 फरवरी 2025 को है। रैदास पंथ का पालन करने वाले लोगों में रविदास जयंती का एक विशेष महत्व है।



संत माने जाते हैं। उनके प्रसिद्ध दोहे आज भी समाज में प्रचलित हैं जिन पर कई धुनों में भजन भी बनाए गए हैं। जैसे, प्रभुजी तुम चंदन हम पानी- इस प्रसिद्ध भजन को सभी गुनगुनाते हैं। क्योंकि उन्होंने कभी धन के बदले आत्मा की आवाज को नहीं बदला तथा शक्ति और पुरुषार्थ के स्थान पर कभी संकीर्णता और अकर्मण्यता को नहीं अपनाया। रैदासजी के उच्च आदर्श और उनकी वाणी, भक्ति एवं अलौकिक शक्तियों से प्रभावित होकर अनेक राजा-रानियों, साधुओं-महात्मा तथा विद्वज्जनों ने उनको सम्मान दिया है। जब भारतीय समाज और धर्म का स्वरूप रूढ़ियों एवं आडम्बरों में जकड़ा एवं अधंकारमय था तब संत गुरु रविदास एक रोशनी बनकर समाज को दिशा दी। वे ईश्वर को पाने का एक ही मार्ग जानते थे और वो है 'भक्ति'। हर जाति, वर्ग, क्षेत्र और सम्प्रदाय का सामान्य से सामान्य व्यक्ति हो या कोई विशिष्ट व्यक्ति हो -सभी में विशिष्ट गुण खोज लेने की दृष्टि उनमें थी। गुणों के आधार से, विश्वास और प्रेम के आधार से व्यक्तियों में छिपे सद्गुणों को वे पुष्प में से मधु की भाँति उजागर करने में सक्षम थे। परस्पर एक-दूसरे के गुणों को देखते हुए, खोजते हुए उनको बढ़ाते चले जाना रविदासजी के सर्वधर्म समभाव या वसुधैव कुटुम्बकम्‌ के दर्शन का द्योतक है। पवित्रता, मानवीयता, आत्मनिर्भरता, सहिष्णुता और एकता रैदासजी के मुख्य धार्मिक संदेश थे। हिंदू धर्म के साथ ही सिख धर्म के अनुयायी भी गुरु रविदास के प्रति श्रद्धा भाव रखते हैं। यही कारण है कि रविदासजी की 41 कविताओं को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव ने पवित्र ग्रंथ आदिग्रंथ या गुरुग्रंथ साहिब में शामिल कराया था। गुरु रविदासजी ने शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और अपने शिष्यों को उच्चतम शिक्षा पाने के लिए प्रेरित किया। रविदासजी कवि मात्र ना होकर युगपुरुष और युगस्त्रष्टा कहलाए। न तो किसी शास्त्र विशेष पर उनका भरोसा रहा और ना ही उन्होंने जीवन भर स्वयं को किसी शास्त्र में बाँधा। रविदासजी ने समाज की दुखती रग को पहचान लिया था। वे जान गए थे कि हमारे सारे धर्म और मूल्य पुराने हो गए हैं। नई समस्याएँ नए समाधान चाहती हैं। नए प्रश्न, नए उत्तर चाहते हैं। नए उत्तर, पुरानेपन से छुटकारा पाकर ही मिलेंगे। रविदासजी एक सिद्ध एवं अलौकिक संत थे। एक कथा के अनुसार रविदासजी बचपन में अपने साथियों के साथ खेल रहे थे। उनमें से एक साथी अगले दिन खेलने नहीं आता है तो रविदासजी उसे ढूंढ़ते हुए उसके घर तक पहुंच जाते हैं। उसकी मृत्यु हो गई और वे मृत शरीर को देखकर बहुत दुखी होते हैं और अपने मित्र को बोलते हैं कि उठो ये समय सोने का नहीं है, मेरे साथ खेलो। इतना सुनकर उनका मृत साथी खड़ा हो जाता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि संत रविदासजी को बचपन से ही आलौकिक शक्तियां प्राप्त थी। संत गुरु रविदास ने स्वयं को ही पग-पग पर परखा और निथारा। स्वयं को भक्त माना और उस परम ब्रह्म परमात्मा का दास कहा। वह अपने और परमात्मा के मिलन को ही सब कुछ मानते। शास्त्र और किताबें उनके लिये निरर्थक और पाखण्ड था, सुनी-सुनाई तथा लिखी-लिखाई बातों को मानना या उन पर अमल करना उनको गंवारा नहीं। इसीलिये उन्होंने जो कहा अपने अनुभव के आधार पर कहा, देखा और भोगा हुआ ही व्यक्त किया, यही कारण है कि उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते थे। रविदासजी शब्दों का महासागर हैं, ज्ञान का सूरज हैं। उनके बारे में जितना भी कहो, थोड़ा है, उन पर लिखना या बोलना असंभव जैसा है। सच तो यह है कि बूंद-बूंद में सागर है और किरण-किरण में सूरज। उनके हर शब्द में गहराई है, सच का तेज और ताप है। मीराबाई के आमंत्रण पर संत रैदासजी चित्तौड़गढ़ आ गये लेकिन यहां भी उनकी गंगा भक्ति तनिक भी कम नहीं हुई। वहीं पर उनका 120 वर्ष की आयु में निर्वाण हुआ। भारतीय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परिवेश में संत रैदासजी गंगा भक्ति इतिहास में एक अमिट आलेख एवं सुनहरा पृष्ठ है। -ललित गर्ग

# कश्मीरी एकजुटता दिवस और पाकिस्तान का 'आतंकी चेहरा'

**रमेश गुप्ता**

पाकिस्तान में इस साल पांच फरवरी को कश्मीर एकजुटता दिवस पर फिर 'आतंकी चेहरा' दिखा। यही नहीं पाकिस्तान के हुक्मरान ने अपनी पुरानी आदत नहीं छोड़ी। इस बार भी कश्मीर का राग अलापते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत पर दबाव डालने का आह्वान किया। पाकिस्तान कतई नहीं चाहता कि दुनिया कब्जाए गए उसके कश्मीर के लोगों के ऊपर ढाए जा रहे जोर-जुल्म को देखे। इस साल का कश्मीर एकजुटता दिवस पिछले समारोहों से जुदा है। हद तो यह है कि रावलाकोट में आयोजित कार्यक्रम में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा के अतिरिक्त हमास के नेताओं को बुलाया गया। इससे यह बात सिद्ध होती है कि पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थक है। इस कार्यक्रम में आतंकवादियों की मौजूदगी भारत के लिए चिंता का विषय है। रावलाकोट में इस अवसर पर बड़ी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य अतिथि खालिद-अल-कोदामी रहा। हमास के इस नेता ने ईरान के प्रतिनिधि के तौर पर रैली में पहुंचा। उसका भव्य स्वागत किया। उसके साथ जमात उलेमा इस्लाम के अध्यक्ष मौलाना फजल-उर-रहमान की अलग बैठक आयोजित की गई। हमास की क्रूरता किसी से छुपी नहीं है। उसने इजराइल पर हमला कर सैकड़ों बेगुनाह नागरिकों की हत्या की है। जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा 2001 में भारत की संसद, 2008 में मुंबई और 2019 में पुलवामा में हमला कर देश को हिलाकर रख चुके हैं। कश्मीर घाटी में आतंकवाद फैलाने में इन्हीं दोनों संगठनों का प्रमुख हाथ है। हाल के दिनों में भारत के जम्मू-कश्मीर में आतंकी घटनाओं में कमी से पाकिस्तान तिलमिलाया हुआ है। उसने सीमा के पास लगभग दो दर्जन ट्रेनिंग कैंप खोले हैं। इसका मकसद भारत में घुसपैठ कराना है। हाल ही में राजौरी क्षेत्र में सीमापार करते हुए बिछाई सुरंगों की चपेट में आकर सात आतंकवादी मारे गए थे। रावलाकोट में हुए इन तीनों आतंकी सरगना के समर्थन में नारे लगवाए गए। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस दिवस का उपयोग भारत के खिलाफ किया। दोनों ने कहा कि कश्मीर के लोगों को अपना भविष्य तय करने का अधिकार है। प्रधानमंत्री शहबाज ने तो यहां तक कहा कि स्थानीय लोगों की वास्तविक आकांक्षाओं को दबाकर स्थायी शांति हासिल नहीं की जा सकती। रेडियो पाकिस्तान ने दोनों के संदेश जारी किए। शहबाज शरीफ ने कश्मीर एकजुटता दिवस के नाम पर कश्मीर पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। शहबाज शरीफ ने कहा कि आत्मनिर्णय का अधिकार अंतरराष्ट्रीय कानून का मौलिक सिद्धांत है। हर साल, संयुक्त राष्ट्र महासभा एक प्रस्ताव अपनाती है जो लोगों के अपने भाग्य का फैसला करने के कानूनी अधिकार पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात है कि 78 साल बीत जाने के बावजूद कश्मीरी लोगों को अभी तक इस अपरिहार्य अधिकार का प्रयोग नहीं करने दिया गया। राष्ट्रपति जरदारी ने कहा कि यह दिन वैश्विक समुदाय को उत्पीड़ित कश्मीरी लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। संयुक्त राष्ट्र को 78 साल पहले कश्मीरियों से किए गए वादों का सम्मान करना चाहिए।

रावलाकोट में इस अवसर पर बड़ी रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य अतिथि खालिद-अल-कोदामी रहा। हमास के इस नेता ने ईरान के प्रतिनिधि के तौर पर रैली में पहुंचा। उसका भव्य स्वागत किया। उसके साथ जमात उलेमा इस्लाम के अध्यक्ष मौलाना फजल-उर-रहमान की अलग बैठक आयोजित की गई।

## सेहत मंत्र

# धूप सेंकने से मिलेगा फायदा, छूमंतर हो जाएगी थकान

हर समय थका-थका महसूस करते हैं? हाथ-पैर में जान ही नहीं मालूम पड़ती है? तेजी से बाल झड़ने की शिकायत भी सता रही है? अगर हां तो हर दूसरे दिन धूप सेंकना शुरू कर दें क्योंकि मुमकिन है आप विटामिन-डी की कमी से जूझ रहे हों। डॉक्टर स्टीवन लिन के नेतृत्व में हुए ब्रिटिश स्वास्थ्य सेवा के एक अध्ययन में यह दावा किया गया है। शोधकर्ताओं के मुताबिक विटामिन-डी शरीर में कैल्शियम और फॉस्फ़ेट का स्तर नियंत्रित रखने के साथ ही उनके इस्तेमाल की क्षमता निर्धारित करने के लिए भी अहम माना जाता है। हड्डियों, मांसपेशियों और दांतों को मजबूती प्रदान करने के साथ ही यह रोगों से लड़ने की ताकत भी बढ़ाता है। यही वजह है कि इसकी कमी से व्यक्ति को न सिर्फ जल्दी-जल्दी सर्दी-जुकाम-बुखार होने की शिकायत सताती है, बल्कि उसके घाव भी देरी से भरते हैं और हर समय सुस्ती, थकान और कमजोरी का एहसास बना रहता है। लिन की मानें तो जरूरत से ज्यादा पसीना होना भी विटामिन-डी की कमी का संकेत है। इसके अलावा हाथ-पैर और जोड़ों में लगातार दर्द व ऐंठन महसूस होना भी इसकी खुराक बढ़ाने का इशारा करता है। लंबे समय तक ध्यान न देने पर ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों-मांसपेशियों में क्षरण) की शिकायत पनप सकती है, जो फ्रैक्चर का खतरा बढ़ाती है। उन्होंने विटामिन-डी की जरूरत पूरा करने के लिए दवाएं और सप्लीमेंट लेने के बजाय धूप सेंकने की नसीहत दी। विभिन्न अध्ययनों में सुबह की हल्की धूप को विटामिन-डी का सबसे बेहतरीन प्राकृतिक स्रोत करार दिया गया है। सलाह- कैल्शियम और फॉस्फ़ेट के इस्तेमाल की क्षमता बढ़ाता है विटामिन-डी, हड्डियों-मांसपेशियों की मजबूती के साथ संक्रमण से बचाव के लिए अहम। इनमें ज्यादा कमी- उम्र ढलने के साथ विटामिन-डी पैदा करने की शरीर की क्षमता कमजोर पड़ जाती है, इसलिए 50 पार लोगों में इसकी कमी आम बात है।, मोटापे के शिकार सांवले लोगों और दिन का अधिकतर समय घर-दफ्तर की चारदीवारी में गुजारने वालों में भी विटामिन-डी कम बनता है। किसे कितनी जरूरत- 15 माइक्रोग्राम विटामिन-डी रोजाना लेने की सलाह दी जाती है स्वस्थ वयस्कों को, 20 माइक्रोग्राम तक बढ़ा देनी चाहिए यह मात्रा जीवन का 50वां पड़ाव पार करते ही।

## धर्म मंत्र

# मांगलिक दोष से हैं ग्रस्त तो करें ये उपाय

मांगलिक दोष ने समाज के हर वर्ग को भयभीत कर रखा है। ऐसा माना जाता है की यदि एक मांगलिक का अमांगलिक से विवाह हो जाए तो भयानक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ऐसा मानते हैं कि दोनो में से एक की मृत्यु या कुछ और अनहोनी हो सकती है। यह एक बहुत बड़ा कारण है कि मांगलिक लोगों का विवाह काफी देर और मुश्किल से होता है। इस दोष को गहराई से समझना आवश्यक है ताकि इसका भय दूर हो सके। वहीं, इस दोष को दूर करने के भी कई तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर इस दोष को कुछ कम किया जा सकता है। ये उपाय करें- कन्याओं को चाहिए कि मंगल यंत्र को अपने वस्त्रों में रखें। शुक्रवार की रात को सूखे छुहारे जल में डालकर सिरहाने रखें और गायत्री मां का ध्यान करते हुए प्रातः काल उठते ही बहते जल में या पीपल के वृक्ष पर चढ़ाएं। शादी से पूर्व भगवान विष्णु के साथ कन्या के सात फ़ेरे दिलवाने चाहिए या फिर मंडप में मंगल का जाप करवाकर हवन से मंगल शांति करा देना चाहिए। यदि कन्या की शादी दूसरी जाति में अथवा कन्या वर्ष की आयु में 7 साल या इससे अधिक का अंतर है तो मांगलिक दोष का अशुभ प्रभाव नहीं पड़ता। मंगलवार के दिन अपने वजन के बराबर तोलकर तिल मंदिर में चढ़ाएं। मंगलवार के दिन शहद रेवड़ी के सिंदूर को बहते पानी में प्रवाहित करें। वट सावित्री का व्रत और नित्य सुंदरकांड का पाठ करने से सुनने से मांगलिक दोष दूर होता है। लगातार 40 मंगलवार को मीठी रोटियां बनाकर गरीबों में बांटने से भी मांगलिक दोष दूर होता है। प्रत्येक मंगलवार को वट के वृक्ष की जड़ पर मीठा दूध चढ़ाएं और बाद में उस दूध की भीगी मिट्टी से स्वयं को तिलक लगाएं।

## पर्यटन



# चेन्नई पर्यटन स्थलः दक्षिण भारत का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक हब

चेन्नई, जिसे पहले मद्रास के नाम से जाना जाता था, भारत के तमिलनाडु राज्य की राजधानी है और यह दक्षिण भारत का सबसे महत्वपूर्ण शहर है। चेन्नई की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थल, सुंदर समुद्र तट, और आधुनिक जीवनशैली इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। यह शहर न केवल अपने व्यापारिक महत्त्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां के ऐतिहासिक मंदिरों, संगीत, नृत्य और काव्य कला के लिए भी प्रसिद्ध है। महाबलीपुरम, चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के रॉक कट मंदिर, समुद्र तट और अद्‌भुत वास्तुकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। विशेष रूप से ''पंच रथ'' और ''अरजुन की तपस्या'' जैसे स्थल यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर को उजागर करते हैं। चेन्नई में स्थित कापालेश्वर मंदिर एक प्रमुख हिंदू मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और शिल्प कला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के आसपास का वातावरण भक्तों को शांति और ध्यान की अनुभूति कराता है। यह मंदिर चेन्नई के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है। सेंट थॉमस चर्च, जो चेन्नई के सेंट थॉमस माउंट पर स्थित है, एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह चर्च ईसाई धर्म के एक प्रमुख स्थल के रूप में पहचाना जाता है, क्योंकि कहा जाता है कि यहां सेंट थॉमस की ममी दफनाई गई थी। यहां का शांत वातावरण और ऐतिहासिक महत्व पर्यटकों को आकर्षित करता है। विवेकानंद हाउस, जो चेन्नई के समुद्र तट के पास स्थित है, स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके योगदान को समर्पित एक संग्रहालय है। यहां आप स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके कार्यों के बारे में जान सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो भारतीय संतों और उनके विचारों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

# अनुशासन, समय का पालन नहीं करते खुद गुरुजी, अभिभावक आक्रोशित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बनींकोडर बाराबंकी। शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरे देवदत्त सिंह में अध्यापकों के समय से न पहुंचने से बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है। गुरु जनों की मस्ती से अभिभावकों में आक्रोश है।सरकार नौनिहालों की शिक्षा के प्रति सजग है और कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए हर संभव प्रयास कर रही है।विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश वर्मा सुबह 10 बजे आते दिखे।तो सहायक अध्यापक अरविंद प्रकाश यादव 10:30 बजे पर विद्यालय पहुंचते हैं। जबकि विद्यालय का समय नौ से तीन बजे तक निर्धारित है। विद्यालय में रसोईयां झाड़ू लगाती हुई नजर आई।सफाई कर्मचारी के ना आने से विद्यालय में भारी गंदगी हैं। गांव में नियुक्त सफाई कर्मचारी सुमित ने बताया कि तीन विद्यालय,एक पंचायत भवन और मैं अकेला ही हूं कैसे हो सफाई।बीईओ संजय कुमार राय ने बताया कि शिकायत मिली है नोटिस भेजता हूं।

# राष्ट्र के विकास के लिए अहम है बच्चों को बेहतर शिक्षा : साकेन्द्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकास खंड फतेहपुर के कंपोजिट स्कूल टीकापुर में बुनियादी साक्षरता हेतु लक्षित आयु वर्ग 3 से 8 वर्ष को निर्धारित अधिगम स्तरों की संप्राप्ति एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा के अधिगम स्तरों की संप्राप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जन जागरुकता के लिए हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आगमन पर मुख्य अतिथि का खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। वहीं स्काउड के बच्चों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि विधायक कुर्सी, साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर श्रीमती आराधना अवस्थी द्वारा की गयी। आये हुए अतिथिगण का स्वागत संबोधन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुर्सी, साकेन्द्र प्रताप वर्मा ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाया जाना आवश्यक है क्योंकि आज के ये नौनिहाल ही देश के भविष्य हैं। जब तक आने वाली पीढ़ी शतप्रतिशत शिक्षित नहीं होगी देश और समाज प्रगति नहीं कर सकता। विशिष्ट अतिथि संतोष कुमार देव पांडे बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए सभी बालक और बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरुक होना होगा, तभी हमारा संकल्प पूर्ण होगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी रंजना सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले बच्चों को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। खंड शिक्षा अधिकारी फतेहपुर, श्रीमती आराधना अवस्थी ने हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की रूपरेखा जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में प्रा0वि0 बिशुनपुर, कंपोजिट विद्यालय टीकापुर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा निपुण बच्चों को स्टेशनरी किट, प्रमाण पत्र और उनके अभिभावकों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दो अतिरिक्त कक्षा क़्क्षों का शिलान्यास भी मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार एवं गोद भराई कार्यक्रम भी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा द्वारा की गई। इसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों द्वारा लगायी गयी टी0एल0एम0 प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती आराधना अवस्थी ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि सहित सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउड मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एआरपी प्रमोद कुमार, रामबदल मौर्य, रोहित कुमार, कमलेश वर्मा, डॉ राकेश सिंह जिलाध्यक्ष उ0प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ, दिनेश मौर्य ब्लॉक मंत्री, अनवार अहमद जिला संगठन मंत्री, जय कुमार जिला मीडिया प्रभारी, सलाउद्दीन किरमानी ब्लॉक संरक्षक, आनंद कुमार ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ, अरविंद कुमार ब्लॉक अध्यक्ष, अशोक यादव ब्लॉक मंत्री, प्रवेश सिंह, विश्वजीत सिंह, पूर्णेश प्रताप सिंह, गुनित शर्मा, प्रमेन्द्र वर्मा, लवकुश वर्मा, रायबहादुर, सर्वेश कुमार, लीलावती, निधि मित्तल, रफत अंजुम, किरण रावत, समर फातिमा,सीता ,पूनम वर्मा, आलोक कुमार, विजय प्रताप सहित तमाम शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## कृतज्ञ जनमानस ने दी बेनी बाबू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी में पूर्व केंद्रीय मंत्री और विकास पुरूष के नाम जाने वाले स्व. बेनी प्रसाद वर्मा 'बाबूजी' की जयंती धूमधाम से मनाई गई। चौधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज बरदरी में आयोजित कार्यक्रम में बाबूजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में बेनी प्रसाद वर्मा के जीवन और योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन गांव, किसान और गरीबों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनका व्यक्तित्व आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।कार्यक्रम में शिक्षा समन्वयक लल्लू वर्मा, प्राध्यापक डॉ. करुणेश यादव, डॉ. पुनीत वर्मा, डॉ. धीरज पाठक, डॉ. संतोष सिंह और विजय चौरसिया सहित कई वरिष्ठ प्राध्यापक मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक अनुपम जायसवाल, कॉलेज के अन्य कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सूरतगंज बाराबंकी। सूरतगंज ग्राम के ग्राम भुड़कुली में पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा मंगलवार को समापन हुआ कथा व्यास चन्द्रशेखर महाराज ने व्यासपीठ से भागवत कथा का श्रवण कराया। श्रीमद्भागवत कथा में विभिन्न धार्मिक प्रसंग सुनाए गए। साथ ही भजनों की प्रस्तुतियों से भक्तगण आत्मविभोर होकर झूम उठे। इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का समापन हुआ। भगवान श्रीकृष्ण के वात्सल्य व असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा की गई विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार कटुता व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की सर्वोपरि लीला रासलीला, मथुरा गमन, दुष्ट राजा कंस के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसवध, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायक जय नारायण,शिवम सिंह, सैनेश एवं धर्मेन्द्र ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। इस कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरूषों भक्तों ने आनंद उठाया। व्यास जी ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेशों के माध्यम से अपने को उस अनुरूप आचरण करने को कहा जो प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होते है इतिहास इसका साक्षी है। कथा के पश्चात भगवान की आरती उतारी गई व सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रिंकू, मनोज कुमार, अखिलेश, अमन, प्रवेश, केदारी, अनिल सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तगणों ने कथा का रसपान किया।

## सड़क हादसे में आशा बहू समेत दो गंभीर

बेलहरा बाराबंकी। जिला अस्पताल में मरीज भर्ती कराकर वापस घर लौट रही आशा और उनके पति को तेज रफ्तार अज्ञात कार सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर चोंटे होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोकलापुर गांव निवासिनी पूजा वर्मा सीएचसी सूरतगंज में आशा के पद पर कार्यरत हैं। पूजा अपने पति सुशील कुमार के साथ बाराबंकी जिला अस्पताल में एक मरीज को भर्ती कराने गई थी जहां से सोमवार की देर रात अपनी बाइक से घर वापस लौटते समय फतेहपुर कस्बे में स्थित आजाद इंटर कॉलेज के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार कार सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में आशा और उनके पति को गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने सरकारी वाहन से आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में भर्ती कराया जहां मौजूद चिकित्सको द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर चोटें होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस दुर्घटना के बाद फरार कार चालक की तलाश में जुट गई है।

# पुस्तकालय पहुंचे डीएम, छात्रों को दिया सफलता का मूलमंत्र

## डीएम ने जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को जिला पुस्तकालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से बातचीत की और प्रदान की जा रही सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। छात्रों ने जिलाधिकारी से पुस्तकालय में कैमरा, वाईफ़ाई, अखबार व पेयजल सहित कई सुविधाओं को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश करते हुए उपरोक्त सुविधाएं तत्काल मुहैय्या कराने के निर्देश दिये। इसके अलावा पुस्तकालय की नियमित साफ सफाई, सहित पुस्तकों के रख रखाव की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुस्तक वितरण रजिस्टर का अवलोकन किया। इसके अलावा पुस्तकालय प्रभारी पुस्तकालय को समस्त व्यवस्थायें पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रभारी जिला पुस्तकालय डॉ पूनम सिंह और समाज कल्याण अधिकारी श्री सुषमा वर्मा सहित पुस्तकालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैंप लगाकर बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**रामसनेहीघाट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाराबंकी विकासखंड बनी कोडर के अंतर्गत राजकीय आश्रम पद्धति करौंदिया सनौली विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग सीएचसी बनीकोडर की टीम से डॉक्टर अमित, स्टाफ नर्स सरिता, ऑप्टोमेट्रिस्ट आशुतोष पाठक और देवीदयाल साथ में सीकेडी से ऋषभ द्विवेदी द्वारा सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।जिसमें सभी बच्चों का वजन, ऊंचाई, हीमोग्लोबिन की जांच की गई और बच्चों की परेशानी के अनुसार दवा भी वितरित भी की गई।

## प्रशस्ति पत्र से सम्मानित हुए 40 निपुण बच्चे

**मसौली बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हमारा आँगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को ब्लाक संसाधन केंद्र बड़ागांव मसौली मे सम्पन हुआ कार्यक्रम मे 40 निपुण बच्चो को माला पहनाकर एव प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षक एव आंगनवाड़ी कार्यकर्ती मौजूद रही।कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, बाल विकास परियोजना अधिकारी उपेंद्र कुमार उपाध्याय, खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा ने मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्जवलित कर किया। खंड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा ने बताया की पब्लिक स्कूलों की तर्ज पर प्ले स्कूल की भांति बच्चों को खेल-खेल में शिक्षित किया जा रहा है आज मसौली ब्लाक निपुण मे आगे है। एस आर जी अवधेश कुमार पाण्डेय ने निपुण भारत मिशन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला।इस दौरान विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के बच्चो द्वारा स्कूल चलो,जैसे सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित किया गया तथा 40 निपुण बच्चो को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव के संचालन मे आयोजित कार्यक्रम मे एडीओ आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, संजय श्रीवास्तव, बनवारीलाल, विवेक गुप्ता, सचिन कुमार, गरिमा, निशा, कविता सिंह, शुचि ने अपने अपने विचार रखे।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित, एसडीएम पूजा ने की प्रशंसा

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जीआईसी ऑडिटोरियम में 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 3 से 8 वर्ष के बच्चों की बुनियादी साक्षरता और पूर्व प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार पूजा गुप्ता मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती को माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मंच संचालन अभिषेक सिंह ने किया।तहसीलदार पूजा गुप्ता ने सरकारी स्कूल के छात्रों की तुलना कॉन्वेंट स्कूलों से करते हुए शिक्षकों के सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में निपुण छात्र-छात्राओं और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। प्रवेश कुमार, अपर्णा श्रीवास्तव, जगदंबिका पाल, ज्ञानवती गुप्ता, शैलेन्द्र बाबू और रकीम अंसारी समेत कई शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह, ग्राम प्रधान मैकू लाल , प्रहलाद कुमार ,पवन मिश्र, शिवाजी मिश्र, आलोक वर्मा, दिवाकर सिंह, सौरभ वर्मा, सचिन वर्मा, दिलीप तिवारी, आशुतोष वर्मा, कुसुमलता, पूजा गुप्ता, अर्शिया खातून, अमित मिश्र, आशुतोष आनंद, विकास जायसवाल, उदय प्रताप सिंह, आनंद सिंह, इरफान, चंद्रेश वर्मा, ओंकार सिंह, शादाब अंसारी, मो0आरिफ , जितेंद्र यादव, विजय सिंह यादव सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

## पारिश्रमिक की मांग को लेकर सेवकों का धरना, सौंपा ज्ञापन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफ़ेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के ब्लाक अध्यक्ष अजय यादव की अगुवाई में दर्जनों रोजगार सेवकों ने मंगलवार को खण्ड विकास अधिकारी सिरौलीगौसपुर अदिती श्रीवास्तव को ज्ञापन मांग पत्र दिया। मांग पत्र में कहा गया है कि खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के पत्र संख्या 3751 स्था0 एग्रिस्टेक 24/25 में लगे रोजगार सेवकों से बिना उनकी समस्या को जाने स्पष्टीकरण मांगते हुए कार्य पूर्ण करने के आदेश दिये गये हैं। पूर्व में रोजगार सेवकों द्वारा दो बार खेत खेत जाकर एग्रिस्टेक का काम समय से किया जा चुका है।किन्तु उन्हें पिछले सर्वे कार्य का पारिश्रमिक अभी तक नहीं दिया गया है। वहीं तहसील से लगे लेखपाल व अन्य कार्मिकों को पारिश्रमिक समय से मिल गया। परन्तु रोजगार सेवकों का पारिश्रमिक अभी तक नहीं प्रदान किया गया है।

# कैरम चैंपियनशिप टूर्नामेंट का लीग राउंड पूरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। ज़िला बार सभागार में चल रही स्व. आकाश निगम मेमोरियल कैरम चैंपियनशिप में आज स्पार्टन, सिंह ब्रदर्स, लखनऊ चैंपियंस, बाराबंकी चैंपियंस और तेजस क्लब ने जीत हासिल की, जबकि आज हुए पांच मैचों के बाद टूर्नामेंट का लीग राउंड पूरा हो गया है तथा अब क्वार्टर फ़ाइनल राउंड शुरू होगा।ज्ञात हो कि ज़िला बार सभागार में कल से वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य स्व. आकाश निगम की स्मृति में शुरू हुए कैरम टूर्नामेंट में कुल 16 टीम्स हिस्सा ले रही हैं तथा कल लीग राउंड के 3 मैच के बाद आज शेष 5 मैच कराए गए। आज के पहले मैच में आलोक सिंह और नागेंद्र प्रताप सिंह की सिंह ब्रदर्स ने राम प्रताप यादव और विवेकानंद सिंह की प्रताप ब्रदर्स को 29-08 से हराकर अगले दौर में प्रवेश पाया, जबकि दूसरे मैच में सीनियर जोड़ी ब्रजेश दीक्षित और फ़रहत उल्लाह क़िदवाई की लखनऊ चैंपियंस जब शानदार खेल के दम पर अरविंद सिंह और राम किशोर तिवारी की टीम ओम से 22-02 से आगे थी, तब टीम ओम ने मैच छोड़कर वाक ओवर दे दिया। इसके बाद हुए मैच में स्पार्टन के एम. ज़ेड. जिम्मी और संजय बख़्शी ने अनुज कुमार श्रीवास्तव और अजय कुमार वर्मा की टीम ब्रदर को एकतरफ़ा मुक़ाबले में 29-04 से हराया। फिर हुए चौथे मैच में मलिक अमीनुद्दीन और असद उल्लाह क़िदवाई की बाराबंकी चैंपियंस ने विमलेंद्र तिवारी और पुरुषोत्तम मिश्रा की वी. टी. क्लब को एक भी प्वॉइंट बनाने का मौक़ा दिए बग़ैर 31-00 से हरा दिया। इसके पश्चात हुए आख़िरी लीग मैच में उदय प्रताप सिंह और पंकज आनंद की तेजस क्लब ने हुमांयू नईम खां और रवि रंजन की सुप्रीमो को कांटे की टक्कर में 33-23 से हराया। आयोजन सचिव राकेश त्रिवेदी ने बताया कि कल की विजेता टीम एवन, पटेल ग्रुप और क्वीन लवर्स सहित लीग राउंड के बाद आगे पहुंची कुल 8 टीमों के मध्य कल से क्वार्टर फ़ाइनल मैच खेले जाएंगे। मैचों के दौरान वकीलों की भारी भीड़ खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाती नज़र आई। इस दौरान मौजूदा कैबिनेट से अशोक वर्मा, देवेंद्र यादव, राकेश तिवारी, विजय पांडे, अंशुमान सिंह, राहुल विक्रम, सुमेर सिंह,अनिल यादव, पूर्व पदाधिकारी प्रदीप सिंह, हरीश अग्निहोत्री, सुरेश गौतम, शाकिर अली, यशोदा नंदन मिश्र, सुरेंद्र मिश्र, इज़हार अली, तालिब, आमिर अबरार, प्रदीप पांडे आदि मौजूद रहे तथा शाहीन अख़्तर, अलीम शेख़, गामा यादव, रोहित निगम व हस्सान बेग आदि ने रेफ़री व स्कोरर की भूमिका निभाई।

# ई-ऑफिस क्रियान्वयन की बैठक में डीएम ने की समीक्षा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने जिले स्तर के अधिकारियों के साथ ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन के विषय में समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग रनिंग फाइले और नई फाइले अब ई-ऑफिस के माध्यम से भेजना शुरू करें। इससे समय की बचत होगी और कार्य में तेजी आएगी। मार्च से पूरी तरह से कार्य ई-ऑफिस पर आधारित हो जाएगा इसलिये अभी से इसकी शुरुआत की जाए। जिन विभागों द्वारा लॉगिन आई डी औऱ पासवर्ड अभी तक नहीं जनरेट किया गया है वह प्राथमिकता के साथ इस कार्यं को करें। डीएससी (डिजिटल सिग्नेचर) के लिये आवश्यक कार्यवाही पूरी कर ली जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी श्री इन्द्रसेन सहित समस्त विभागों के जिले स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम के निर्देश पर ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट द्वारा टीम गठित कर की गई छापेमारी

# कॉपी राइट उल्लंघन एवं ब्रांड की डुप्लीकेसी करने वाले पर दर्ज हुआ मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनता की शिकायतों पर डीएम बाराबंकी के निर्देश पर गठित टीमों द्वारा अलग-अलग मामलों में की गई छापेमारी में टाटा नमक, राजेश मसाला, और हिंदुस्तान यूनिलीवर के उत्पादों की कॉपी राइट उल्लंघन एवं ब्रांड की डुप्लीकेसी करने वालों पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। सहायक आयुक्त (खाद्य)- द्वितीय बाराबंकी डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनता की शिकायतों पर जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्री आर0 जगत साई के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 05.02.2025 व 06.02.2025 को रामनगर तिराहा स्थित शांति विहार कालोनी तथा शुकलई ग्राम जनपद बाराबंकी स्थित फर्म आर0के0 इण्टरप्राइजेज जहाँ पर टाटा नमक, मैगी मसाला, राजेश मसाला, हारपिक, व्हील डिटर्जेन्ट पाउडर, बोरोप्लस क्रीम, वीट क्रीम, फ़ेवी क्विक आदि की फर्जी पैकिंग की जा रही थी, का



निरीक्षण टाटा कंज्यूमर लिमिटेड, पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड, पिडिलाइट इण्डस्ट्री व हिन्दुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड के प्रतिनिधि व उनकी टीम तथा राजेश मसाला के अधिकृत प्रतिनिधि के साथ छापेमारी की गई। प्रतिनिधियों ने प्रतिष्ठान में मौजूद टाटा नमक पाउच, फ़ेवी क्विक, हारपिक टॉयलेट क्लीनर व उस पर चिपकाये जाने वाले स्टीकर, टाटा नमक की खाली बोरियां, भरे हुए पैकेट, खाली पैकेट, पतंजलि नमक की बोरियाँ, लूज नमक आदि का सघनता के साथ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया। मौजूद रैपर एवं खाद्य पदार्थ आदि के गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए प्रतिनिधियों द्वारा प्रथम दृष्ट्या डुप्लीकेट बताया गया। प्रतिनिधियों ने दोनो ही प्रतिष्ठानों में मौजूद खाद्य पदार्थों, रैपर, मशीन, बोरियों सहित अन्य अखाद्य वस्तुओं की कुल कीमत का आकलन लगभग 01 करोड़ रूपये बताया। तद्क्रम में दोनों ही प्रतिनिधियों ने फर्म आर0के0 इण्टरप्राइजेज के संचालक अर्पण गुप्ता के विरूद्ध कोतवाली बाराबंकी में सुसंगत धाराओं में तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया। फर्म के निरीक्षण के दौरान फर्म में भारी मात्रा में बिल वाउचर एवं अन्य अभिलेख प्राप्त हुए, जिसका विश्लेषण खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किया जा रहा है। प्राप्त विश्लेषण के आधार पर संबंधित अन्य विभागों को भी सूचित कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु अनुरोध किया जायेगा।

फर्म आर0के0 इण्टरप्राइजेज से संग्रहित किये नमूनों का फास्टैक विधि से विश्लेषण कराने हेतु प्रयोगशाला प्रेषित कर दिया गया है।उपरोक्त स्थल से प्राप्त एक किग्रा0 के नमक में पैकिंग तिथि नवंबर 24 तथा यूज्ड बाइ डेट अक्टूबर 25 तथा बैच नम्बर डीएल अंकित किया गया है। टाटा नमक के व्यवसायियों एवं उपभोक्ताओं से यह अनुरोध है कि उपरोक्त अंकित विवरण का नमक यदि उनके पास मौजूद है तो उसका उपयोग कतई न करें तथा इसकी सूचना कार्यालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, कलेक्ट्रेट बाराबंकी को अवश्य उपलब्ध करायें ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। इसके साथ ही जनपद में किराना व्यवसायियों की दुकानों का निरीक्षण कराकर टाटा साल्ट के 02 नमूनें संग्रहित किये गये। इस प्रकार विभाग द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्री के कुल 13 नमूनें संग्रहित किये गये। साथ ही लगभग 10 लाख की सामग्री सीज की गई। कार्रवाई में सहायक आयुक्त (खाद्य) अयोध्या मण्डल बी0के0 सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पाण्डेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारिगण शिवा श्रीवास्तव, भगौती प्रसाद, पल्लवी तिवारी, प्रिया त्रिपाठी, अनुराधा मिश्रा तथा खाद्य सहायकगण पवन, शिव कुमार व अम्बादत्त सम्मिलित रहे।

## खेल /बिजनेस

# क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत, विराट कोहली की फॉर्म पर रहेगी निगाह

एजेंसी



अहमदाबाद। पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। इस मैच में हालांकि विराट कोहली पर निगाह रहेगी जिनके पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। भारत पहले दो मैच चार विकेट के समान अंतर से जीत कर पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुका है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अब उस नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेलने के लिए उतरेगी जहां उसे वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी। आठ टीमों के बीच खेले जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होगी। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। भारत अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 23 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें। कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है। कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है। भारत ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल करने और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी से भारत का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है। शमी की सफल वापसी से निश्चित तौर पर भारतीय टीम प्रबंधन को राहत मिली होगी क्योंकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर संदेह बना हुआ है। बुमराह को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहमदाबाद में होने वाले इस वनडे से वापसी करनी थी लेकिन अभी वह बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में ही हैं। भारत और इंग्लैंड दोनों की टीम ने मंगलवार को अभ्यास नहीं किया था क्योंकि वे तरोताजा होकर तीसरे वनडे में उतरना चाहती हैं। रोहित का कटक में खेले गए मैच में शतक टीम के अन्य खिलाड़ियों को भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा। इनमें विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल भी शामिल हैं जो अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# पंकज आडवाणी बने भारतीय स्नूकर चैंपियन, कुल 36वां राष्ट्रीय खिताब जीता

एजेंसी



इंदौर। भारत के सबसे कुशल खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां यशवंत क्लब में राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीती जो उनके करियर का कुल मिलाकर 36वां राष्ट्रीय और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब है। ओएनजीसी की तरफ से खेल रहे आडवाणी ने खराब शुरुआत से उबरते हुए फाइनल में ब्रिजेश दमानी को हराया। दमानी ने पहला फ्रेम जीत कर अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद आडवाणी के सामने उनकी एक नहीं चली। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर ही एशियाई और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। आडवाणी ने अपने प्रदर्शन में निरंतरता और सटीकता बनाए रखी। एक फ्रेम से पिछड़ने के बावजूद उन्होंने अपना धैर्य बनाए रखा और फिर कोई गलती नहीं की। आडवाणी ने अंतिम फ्रेम में 84 का प्रभावशाली ब्रेक दिया तथा यह फ्रेम, मैच और चैम्पियनशिप अपने नाम कर दी। आडवाणी ने चैंपियनशिप जीतने के बाद कहा, यह एकमात्र प्रतियोगिता थी जिसके प्रदर्शन के आधार पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधियों का चयन किया जाएगा। इसलिए इस प्रतियोगिता में काफी कुछ दाव पर लगा था। दमानी ने ग्रुप चरण में आडवाणी को हराया था लेकिन फाइनल में वह इस अनुभवी खिलाड़ी के खिलाफ अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। दमानी के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में आडवाणी केवल एक फ्रेम जीतने में सफल रहे थे। आडवाणी ने कहा, ''यहां स्वर्ण पदक जीत कर बहुत अच्छा लग रहा है। प्रतियोगिता में एक समय मैं बाहर होने के कगार पर था। तब मुझे पता चला कि इस महत्वपूर्ण क्षण का मतलब कुछ बड़ा होना चाहिए। बिलियर्ड्स और स्नूकर दोनों में फिर से भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका पाकर खुश हूं। एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप 15 फरवरी से शुरू होगी जिसमें आडवाणी और दमानी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# देश में पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 10 साल में 10 लाख होने की उम्मीद: गोयल

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि देश में उभरते उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों से अगले 10 साल में पंजीकृत सरकारी स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 10 लाख होने की उम्मीद है। फिलहाल 2016 में 450 की तुलना में 1.57 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं।

केंद्रीय मंत्री ने यहां आयोजित भारत-इजराइल बिजनेस फोरम मीट को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने कहा कि हम अब दुनिया में तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम हैं, जो 450 पंजीकृत स्टार्टअप से बढ़कर आज नौ साल में 1.57 लाख हो गए हैं। अगले 10 सालों में हम इसे दस लाख तक ले जाने की उम्मीद करते हैं। यहां कंपनियों के लिए बड़े कारोबारी अवसर मौजूद हैं। गोयल ने कहा कि इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर एम. बरकत के साथ 'भारत-इजराइल व्यापार मंच' को संबोधित करते हुए मुझे बहुत खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की उल्लेखनीय विकास यात्रा और आर्थिक वृद्धि, भारत-इजराइल के बीच स्थायी रणनीतिक साझेदारी और दोनों देश कृषि-तकनीक, वित्त और उभरती हुई प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में एक-दूसरे की विशेषज्ञता का लाभ कैसे उठा सकते हैं। उन्होंने 'भारत के अवसर' पर प्रकाश डाला, जिसमें सहयोग, नवाचार और निवेश की अपार संभावनाएं हैं और दोनों देशों के व्यवसाय एक साथ कैसे बढ़ सकते हैं और आपसी प्रगति में योगदान दे सकते हैं। दरअसल देश में एक मजबूत परिवेश बनाने के इरादे से 16 जनवरी, 2016 को स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत की गई थी। अभी 1.57 लाख पंजीकृत स्टार्टअप हैं, जबकि 2016 में इनकी संख्या 450 थी। इस पहल के तहत सरकार ने अपनी प्रमुख योजनाओं फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम और स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में पात्र मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स को उनके व्यापार चक्र के विभिन्न चरणों के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की है। इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर एम. बरकत के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय इजरायली व्यापार प्रतिनिधिमंडल, भारत-इज़राइल व्यापार मंच और भारत-इजराइल सीईओ मंच की बैठकों के लिए यहां आया हुआ है। दोनों पक्ष दोनों देशों के बीच व्यापार एवं निवेश को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा कर रहे हैं। वे आर्थिक सहयोग, प्रौद्योगिकी सहयोग और निवेश के अवसरों के नए रास्ते तलाश रहे हैं। इस प्रतिनिधिमंडल में इजरायली उद्यम एवं प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा, कृषि प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, रक्षा, आंतरिक सुरक्षा, जल प्रबंधन, रसद और खुदरा जैसे क्षेत्रों के प्रतिनिधि शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भारत और इजरायल के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2023-24 में घटकर 6.53 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया था, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 10.77 अरब अमेरिकी डॉलर था। भारत को अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के दौरान इजरायल से 32.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ।






**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 12.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | प्रयाग जं. | 10:55 | अयोध्या कैंट | 14:45 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 18:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04219 | प्रयाग जं. | 05:35 | अयोध्या धाम जं. | 10:30 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04225 | प्रयाग जं. | 13:55 | अयोध्या कैंट जं. | 18:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 05121 | दोहरीघाट | 08:00 | प्रयागराज रामबाग | 16:45 | मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन |
| 05122 | प्रयागराज रामबाग | 21:45 | दोहरीघाट | 06:00 | |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04016 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05178 | झूँसी | 14:15 | गोरखपुर जं. | 22:55 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05186 | प्रयागराज रामबाग | 08:30 | गोरखपुर जं. | 18:00 | झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05130 | झूँसी | 13:30 | छपरा | 21:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., नंदगंज, गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जंक्शन, बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार एवं सुरेमनपुर स्टेशन |
| 05164 | झूँसी | 10:00 | थावे जं. | 20:30 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., गाज़ीपुर सिटी, यूसुफपुर, करीमुद्दीन पुर, चित बड़ागांव, फेफना जं., बलिया, बांसडीह रोड, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा जं., छपरा कचहरी, पटेरही, खैरा, मढ़ौरा, शाम कौड़िया, मशरख जं., राजापट्टी, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, मांझागढ़ एवं गोपालगंज स्टेशन। |
| 05162 | झूँसी | 18:30 | भटनी जं. | 01:10 | पिओकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरतीपार, बेल्थरा रोड, गोबिंदपुर डुगली, कीरिहरापुर, चक्र रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जाखनियां, सादात, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |

**दिनांक 13.02.2025 (वीरवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | प्रयाग जं. | 10:55 | अयोध्या कैंट | 14:45 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 18:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 04015 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन |
| 04018 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04024 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# भारत के ऊर्ज़ा क्षेत्र के लक्ष्य महत्वाकांक्षी, पर हासिल किए जाएंगे : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत के ऊर्ज़ा क्षेत्र के लक्ष्य लोगों को भले ही महत्वाकांक्षी लगते हो, लेकिन इस क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों से विश्वास जगा है कि ये लक्ष्य जरूर हासिल होंगे।

श्री मोदी ने ऊर्ज़ा क्षेत्र पर भारत के प्रतिष्ठित सम्मेलन -इंडिया एनर्जी वीक का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत ऊर्ज़ा के मामले में भारत ऐसे समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है जो हमारी आर्थिक वृद्धि को शक्ति देने के साथ साथ हमारी प्रकृति को भी समृद्धि करने वाले हों। उन्होंने उर्ज क्षेत्र के विकास और कार्बन उत्सर्जन में कमी के भारत के लक्ष्यों के बारे में कहा, ल्लहमारे ये लक्ष्य काफी महत्वाकांक्षी लग सकते हैं, लेकिन बीते 10 साल में जो भारत ने हासिल किया है, उससे ये विश्वास पैदा हुआ है कि ये लक्ष्य भी हम जरूर हासिल कर लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस समय फ्रांस की यात्रा पर है। उन्होंने सम्मेलन को आडियो विजुअल कांफ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से संबोधित किया। जिसमें केंद्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्य, अधिकारी विभिन्न देशों के राजनयिक, देश विदेश की ऊर्ज़ा क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल थे। उन्होंने इस सम्मेलन को ऊर्ज़ा क्षेत्र को लेकर देश की महत्वाकांक्षाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस समय विश्व की आर्थिक गाड़ी को शक्ति प्रदान कर रहा है और इसमें ऊर्ज़ा क्षेत्र की बड़ी भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्ज़ा क्षेत्र में भारत की महत्वाकांक्षाएं स्तम्भों पर खड़ी हैं। उन्होंने कहा, इस वर्ष के बजट में हमने न्यूक्लियर एनर्जी सेक्टर को भी ओपन कर दिया है। एनर्जी में हो रहा हर निवेश, नौजवानों के लिए नई जॉब्स क्रिएट कर रहा है, ग्रीन रोजगार के अवसर बना रहा है। इन स्तम्भों की व्याख्या करते हुए कहा, हमारे पास संसाधन हैं, जिनको हम उपयोग में ला रहे हैं। दूसरा, हम अपने प्रखर बुद्धि के लोगों को को नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। तीसरा, हमारे पास आर्थिक शक्ति है, राजनीतिक स्थायित्व है। चौथा, भारत की भौगोलिक स्थित रणनीतिक



दृष्टि से महत्वपूर्ण है, जो हमारे लिए खनिज ऊर्ज़ा के व्यापार को ज्यादा आकर्षक और आसान बनाती है। और पांचवां, भारत वैश्विक व्यवस्था के स्थायित्व के लिए प्रतिबद्ध है। इससे भारत के ऊर्ज़ा क्षेत्र में में नई संभावनाएं तैयार हो रही हैं। उन्होंने कहा, ल्लभारत के लिए अगले दो दशक बहुत अहम हैं और इसमें आने वाले पांच साल में हम अनेक बड़े पड़ाव पार करने वाले हैं। वर्ष 2030 तक हम पांच लाख मेगावाट अक्षय ऊर्ज़ा उत्पादन क्षमता जोड़ना चाहते हैं। वर्ष 2030 तक भारतीय रेलवे ने निवल शुद्ध उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है। वर्ष 2030 तक हम हर साल, पांच लाख करोड़ टन ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहे है और इसे हासिल कर सकें, ये हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बीते दस साल में भारत ने अपनी सौर ऊर्ज़ा उत्पादन क्षमता को को 32 गुना बढ़ाया है। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्ज़ा पैदा करने वाला देश है। हमारी गैर खनिज ईंधन आधारित उत्पादन क्षमता तीन गुना बढ़ी है। भारत जी-20 देशों में पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने वाला पहला देश है। इथेनॉल ब्लेंडिंग, आज भारत 19 प्रतिशत ब्लेंडिंग कर रहा है। देश अक्टूबर 2025 से पहले ही 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण की राह पर बढ़ रहा है। आज भारत की जैव ईंधन उद्योग तेजी से बढ़ करने के लिए तैयार है। हमारे पास 50 करोड टन का का स्वस्थ जैव ईंधन स्टॉक है। उन्होंने कहा कि भारत में खपत हो रही ऊर्ज़ा में प्राकृतिक गैस का अनुपात बढ़ रहा है। भारत अभी चौथा सबसे बड़ा तेल शोधन केंद्र है और हम अपनी तेल शोधन क्षमता 20 प्रतिशत तक बढ़ाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सेडिमेंटरी (तलछटी) थालों में कई सारे हाइड्रोकार्बन स्रोत उपस्थित हैं। इनमें से कई का पता चल चुका है, और कई ऐसे हैं जिन्हें खोजा जाना बाकी है।

उन्होंने कहा कि भारत का तेल-गैस उत्खनन क्षेत्र इंडिया का और आकर्षक हो, इसके लिए सरकार ने ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी बनाई है। उन्होंने कहा कि सरकार के विभिन्न सुधारों के कारण समुद्री क्षेत्र में तेल और गैस की खोज करने, उत्पादन बढ़ाने और रणनीतिक पेट्रोलियम भांडार को संभालना आसान होगा। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ते पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण, नेचुरल गैस की सप्लाई बढ़ रही है। और इसी कारण, आने वाले समय में नैचुरल गैस का उपयोग भी बढ़ने वाला है। इन सारे क्षेत्रों में आपके लिए निवेश की बहुत सारी संभावनाएं बन रही हैं। प्रधानमंत्री ने ईबी स्टोरेज बैटरी आदि का विनिर्माण प्रोत्साहित करने की पहलों का उल्लेख करते हुए कहा भारत का बहुत बड़ा फोकस, मेक इन इंडिया पर है, स्थानीय सप्लाई चेन पर है।

# ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवा नहीं होने की धारणा गलत: नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कहा कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मौजूद नहीं होने की धारणा गलत है।

श्री नड्डा ने राज्यसभा के प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि कोरोना के दौरान सभी नागरिकों को कोविड के टीके लगाये गये हैं, जो इसका सबूत है कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता देश के प्रत्येक कोने में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश में शिशु मृत्यु दर और जच्चा बच्चा मृत्यु दर में भारी कमी आयी है। नौ करोड़ से ज्यादा माता बहनों की कैंसर जांच की गयी है। दो वर्ष तक के सभी बच्चों को अनिवार्य टीके लगाये जा रहे हैं। यह इसलिए संभव हो पा रहा है कि चिकित्सा कर्मी प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रहे है। उन्होंने कहा कि आरोग्य मंदिरों और टेली मेडिसिन के माध्यम से देश के दूर दराज के क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि यह धारणा गलत है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मौजूद नहीं है। आयुष मंत्री प्रतापराव गणपतराव जाधव ने कहा कि आयुर्वेद औषधि की निर्माण प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जाती है। इसके लिए एक समर्पित संस्थान है। उन्होंने कहा कि देश में आयुर्वेद औषधि का प्रयोग परंपरागत रूप से होता है। इसके लिए किये गये एक सर्वेक्षण के अनुसार ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आयुर्वेद औषधि के बारे में जानकारी है।

श्री जाधव ने कहा कि ई - संजीवनी पोर्टल विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध हैं और अनुरोध मिलने पर इसमें अन्य भाषाएं भी जोड़ी जा सकती है। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री नड्डा ने कहा कि ई - संजीवनी सस्ता और सरल है तथा दूर दराज के क्षेत्रों में बहुत प्रभावी हो रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत से जुड़े आभा कार्ड में कोई भी व्यक्ति अपना चिकित्सा ब्योरा रख सकता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में चिकित्सकों की जरुरत है।

# संविधान की मूल प्रति में वर्णित 22 कृतियों वाली प्रति ही असली संविधान : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सरकार को निर्देश दिया कि 22 कृतियों वाला संविधान ही असली संविधान है और ऐसी प्रतियों की बिक्री या प्रचार प्रसार नहीं किया जाना चाहिए, जिनमें ये कृतियां नहीं हो।

श्री धनखड़ ने सदन में शून्यकाल के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राधा मोहन अग्रवाल की ओर से इस मुद्दे को उठाये जाने पर कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के बीच कहा कि संसद द्वारा संशोधन के बगैर संविधान में किसी भी तरह का बदलाव नहीं किया जा सकता है और इस तरह के बदलाव करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये कृतियां पांच हजार वर्ष की हमारी गौरवशाली संस्कृति के प्रतीक हैं। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं ने संविधान पर हस्ताक्षर कर इन कृतियों को स्वीकृत किया था और इसके बगैर संविधान का प्रकाशन या प्रसारण दोनों गंभीर मुद्दा है। सरकार को



इस पर त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए और बगैर इन कृतियों के बाजार में बिक रही संविधान की प्रतियों पर रोक लगायी जानी चाहिए और ऑनलाइन में भी यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सभापति ने कहा कि संविधान के एक-एक अध्याय के साथ एक-एक कृति है, जो संबंधित अध्याय के महत्व को दर्शाती हैं, इसलिए इसमें कोई भी बदलाव संसद की मंजूरी के बगैर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि इन 22 कृतियों के बगैर संविधान की कोई भी प्रति नहीं होनी चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा कि इन 22 कृतियों के संविधान में होने तथा इस मुद्दे को आज सदन में उठाये जाने के सकारात्मक नतीजे होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी वजह से संविधान की मूल प्रति में किसी तरह के बदलाव को तत्काल संज्ञान में लाया जाना चाहिए और इसमें तत्काल सुधार किया जाना चाहिए। श्री अग्रवाल ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि भारतीय संविधान के साथ असंवैधानिक तरीके से खिलवाड़ किया गया है, क्योंकि बाजार में मूल प्रति नहीं मिलती है। आज बच्चों को जो संविधान पढ़ाया जा रहा है, उसमें से मूल प्रति में उपलब्ध 22 कृतियों को असंवैधानिक तरीके से हटा दिया गया। संविधान संशोधन की प्रक्रिया है लेकिन बगैर किसी संशोधन के 26 जनवरी 1949 को हस्ताक्षरित संविधान में से किसी भी कृति को नहीं हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्री नंदलाल बोस जी को संविधान सभा ने इन कृतियों को बनाने के लिए मनोनीत किया था और उन्होंने कुल 22 कृतियां बनायी थी, जिसमें सिन्धुघाटी सभ्यता से लेकर संविधान निर्माण तक के काल के जुड़ी कृतियां है।

# सरकार 'म्यूल' खातों की पहचान के लिए एआई का उपयोग करने की योजना बना रही है: अमित

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल कर उन 'म्यूल' खातों की पहचान करने की योजना बना रही है, जिनमें साइबर जालसाज ठगी की रकम जमा करते हैं।

शाह ने सोमवार को 'साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध' विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह भी कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से सरकार की साइबर अपराध निगरानी और इसका पता लगाने वाली शाखा, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की सिफारिशों के आधार पर 805 ऐप एवं 3,266 वेबसाइट लिंक को 'ब्लॉक' कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 399 बैंक और वित्तीय मध्यस्थ इसमें शामिल हैं, छह लाख से अधिक संदिग्ध डाटा प्वाइंट साझा किए गए हैं, 19 लाख से अधिक 'म्यूल' खातों को पकड़ा गया है और



2,038 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन को रोका गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि शाह ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सभी बैंकों के समन्वय में 'म्यूल' खातों की पहचान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करने के प्रयास जारी हैं, ताकि उनका पता लगाने के लिए एक प्रणाली स्थापित की जा सके। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ये सुनिश्चित करेगी कि ये 'म्यूल' खाते चालू होने से पहले ही बंद कर दिए जाएं। 'म्यूल' खाता वह बैंक खाता होता है, जिसका उपयोग धन शोधन या अवैध गतिविधियों से हासिल धन के लेन-देन के लिये किया जाता है। उन्होंने कहा कि 'आई4सी' पोर्टल पर कुल 1,43,000 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिसका उपयोग 19 करोड़ से अधिक लोगों ने किया है। शाह ने कहा कि वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के मद्देनजर, '1930' हेल्पलाइन एक ही जगह पर सभी समाधान प्रदान करती है, जिसमें कार्ड ब्लॉक करने जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र 'रोको-सोचो-कार्रवाई करो' के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि वे साइबर अपराध के खिलाफ अधिक सतर्क रहें। गृह मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचे का विस्तार हुआ है, जिसके कारण स्वाभाविक रूप से साइबर हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अलग नजरिए से देखें तो साइबरस्पेस 'सॉफ्टवेयर', 'सेवाओं' और 'यूजर' का एक जटिल नेटवर्क बनाता है। उन्होंने कहा, ''जब तक हम सॉफ्टवेयर, सेवाओं और 'यूजर' के माध्यम से साइबर धोखाधड़ी को नियंत्रित करने पर विचार नहीं करते, तब तक साइबरस्पेस के मुद्दों को हल करना असंभव होगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्रालय ने भारत को साइबर-सुरक्षित राष्ट्र बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध ने सभी भौगोलिक सीमाओं को मिटा दिया है और इसे 'सीमाहीन' अपराध कहा है, क्योंकि इसकी कोई सीमा या तय स्वरूप नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि भारत ने पिछले दशक में 'डिजिटल क्रांति' देखी है और इस डिजिटल क्रांति के आकार एवं पैमाने को समझे बिना, ''हम साइबर डोमेन में चुनौतियों का सामना नहीं कर सकते''। उन्होंने कहा कि आज देश के 95 प्रतिशत गांव डिजिटल रूप से जुड़े हुए हैं, जबकि एक लाख ग्राम पंचायतें वाई-फाई हॉटस्पॉट से लैस हैं।

# पेज एक का शेष

## महाकुम्भ में आने...

जा सके। इसके साथ ही, माघ पूर्णिमा के स्नान से एक दिन पूर्व से ही सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। वहीं, प्रयागराज शहर में भी मंगलवार शाम से वाहन प्रतिबंधित कर दिए जाएंगे। मेला क्षेत्र में निवास कर रहे कल्पवासियों के लिए भी अलग से यातायात योजना बनाकर सभी को सूचित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, आमजन से सोशल मीडिया पर गलत सूचना प्रसारित न करने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है।

## महाकुम्भनगर के ...

योगी आदित्यनाथ के विशेष निर्देश पर एसआरएन अस्पताल में 250 बेड रिजर्व किए गए हैं। वहीं, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए यहां पर 200 यूनिट ब्लड भी सुरक्षित रखा गया है। वहीं, महाकुम्भनगर के 500 बेड क्षमता वाले सभी 43 अस्पतालों को भी पूरी तरह से मुस्तैद रखा गया है। स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में 40 बेड का ट्रॉमा सेंटर, 50 बेड का सर्जिकल आईसीयू, 50 बेड का मेडिसिन वार्ड, 50 बेड का पीएमएसएसवाई वार्ड और 40 बेड की बर्न यूनिट को रिजर्व रखा गया है। इसके अलावा, 10 बेड का कार्डियोलॉजी वार्ड और 10 बेड का आईसीयू भी पूरी तरह तैयार है। यहां संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा के नेतृत्व में की जा रही है, जबकि उप-प्रधानाचार्य डॉ. मोहित जैन और प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सक्सेना विशेष रूप से श्रद्धालुओं की जरूरतों के मद्देनजर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अस्पतालों में चिकित्सकीय सेवाओं की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 30 वरिष्ठ डॉक्टरों को विशेष ड्यूटी पर लगाया गया है, जबकि 180 रेजिडेंट डॉक्टर और 500 से अधिक नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ लगातार सेवा देंगे। अस्पताल प्रशासन ने हाउसकीपिंग एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सफाई व्यवस्था में कोई लापरवाही न होने पाए। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल की प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने बताया कि माघ पूर्णिमा स्नान के दौरान किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तुरंत अस्पताल से संपर्क करें। यहां निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा उपलब्ध रहेगी। आयुष विभाग की 150 मेडिकल फोर्स के साथ 30 विशेषज्ञ डॉक्टर भी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए तैनात किए गए हैं। इनमें एम्स दिल्ली और बीएचयू के चिकित्सा विशेषज्ञ भी सतर्क रहेंगे। डॉ. गिरीश चंद्र पांडेय ने बताया कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मनोज सिंह के नेतृत्व में टीम 24 घंटे श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए अलर्ट मोड में है।

## वीवीआईपी ट्रीटमेंट...

हैं, 12 करोड़ शौचालय बने हैं, 10 करोड़ लोगों को मुफ्त गैस कनेक्शन मिला है और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। ये सभी योजनाएं अंत्योदय के मंत्र को साकार कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय की बात करने वाले ज्योतिपुंज थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण को राजनीतिक चिंतन का एजेंडा बनाया था। उनके इस चिंतन का आज असर दिखता है। आज एकात्म मानववाद की ताकत दुनिया देख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज को साथ लेकर चलने का विचार दिया। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति सिर्फ पास-पास होता है लेकिन साथ नहीं होता, तो अकेलापन और डिप्रेशन जन्म लेता है। यही स्थिति समाज के साथ भी होती है। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को अपना कर इसी सोच को धरातल पर उतारा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे और सरकार उनके सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण व विकास भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी की डबल इंजन सरकार पंडित उपाध्याय के सपनों को पूरा कर रही है। योगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का यह मत था कि किसी भी देश की प्रगति का मापदंड ऊंचे पायदान पर खड़े व्यक्ति की समृद्धि से नहीं बल्कि सबसे अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर से किया जाना चाहिए। उनकी इसी सोच को केंद्र में रखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया।

## जब तक न...

दीपांकर दत्ता की बेंच ने सुनवाई की। सीजेआई खन्ना ने कहा कि यह विरोधात्मक नहीं है। अगर हारने वाला उम्मीदवार स्पष्टीकरण चाहता है तो इंजीनियर स्पष्टीकरण दे सकता है कि ईवीएम में छेड़छाड़ नहीं हुई है। याचिका में मांग की गई है कि ईवीएम की जली हुई मेमोरी और माइक्रोकंट्रोलर को पेशेवर इंजीनियर से सत्यापित कराया जाए कि क्ठ्ठ्व से किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं हुई है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), हरियाणा कांग्रेस के नेता सर्व मित्तर और करण सिंह दलाल द्वारा दायर याचिकाओं में क्ठ्ठ्व की मूल जली हुई मेमोरी/माइक्रोकंट्रोलर की जांच के लिए नीति बनाने की भी मांग की गई है। याचिका में चुनाव नतीजों पर शक और ईवीएम में छेड़छाड़ की आशंकाओं के सत्यापन की मांग के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है। अब 17 मार्च को इस पर अगली सुनवाई होगी।

## दिल्ली में बैठकर...

यहां दिल्ली में बैठकर हम देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न इलाकों में होने वाली घटनाओं की निगरानी नहीं कर सकते। हमारे विचार में, इस अदालत द्वारा ऐसा सूक्ष्म प्रबंधन संभव नहीं होगा। न्यायालय एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें राज्यों को 2018 के फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया था, ताकि पीट-पीटकर हत्या करने और भीड़ हिंसा, विशेषकर कथित गौरक्षकों द्वारा मुसलमानों के खिलाफ ऐसी घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। इसने कहा कि अधिकारी 2018 के फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के लिए बाध्य हैं। पीठ ने कहा, ''जब इस अदालत द्वारा निर्देश जारी किए जाते हैं, तो वे भारत के संविधान के अनुच्छेद 141 के मद्देनजर देश के सभी अधिकारियों और अदालतों पर बाध्यकारी होते हैं। शीर्ष अदालत ने ऐसे मामलों में पीड़ितों को निवारण प्रदान करने और 2018 के फैसले में उल्लिखित दंडात्मक एवं उपचारात्मक उपायों का कड़ाई से अनुपालन करने के आग्रह पर भी विचार किया। इसने कहा कि यदि शीर्ष अदालत द्वारा जारी निर्देशों का कोई अनुपालन नहीं होता है, तो पीड़ित व्यक्ति के लिए उपाय उपलब्ध है और वह सक्षम अदालतों से संपर्क कर सकता है। संबंधित हिंसा के पीड़ितों को पहुंचने वाली चोटों के लिए मुआवजे के रूप में न्यूनतम एक समान राशि प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने के एक अन्य आग्रह पर अदालत ने कहा, ''फिर से, पर्याप्त और उचित मुआवजा क्या हो सकता है, यह हर मामले में अलग-अलग होगा। पीठ ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर ऐसी घटनाओं में किसी व्यक्ति को साधारण चोट लगती है और किसी अन्य को गंभीर चोट लगती है, तो एक समान मुआवजा देने का निर्देश अन्यायपूर्ण होगा। इसने कहा कि ऐसी सर्वव्यापी राहत की मांग करने वाली याचिका पीड़ितों के हित में नहीं होगी। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 2018 के फैसले का जिक्र किया और कहा कि शीर्ष अदालत ने विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए थे। उन्होंने कहा, ''अब नयी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना एक अलग अपराध के रूप में वर्गीकृत है।''

## एलओसी के पास...

इसकी चपेट में तीन सैनिक आ गए। सूचना मिलते ही मौके पर अतिरिक्त सेना बल पहुंचा और घायल सैनिकों को अस्पताल पहुंचाकर आतंकियों के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया। प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि विस्फोट एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के विस्फोट के कारण हुआ, जिसके बारे में माना जा रहा है कि इसे संदिग्ध आतंकवादियों ने लगाया था। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

## सेंसेक्स 1018...

तरह निफ़्टी की 44 कंपनियों में गिरावट जबकि अन्य छह में तेज़ी रही। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को इस्पात और एल्युमीनियम के आयात पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा की, जिससे अब यह 25 प्रतिशत तक हो जाएगा। यह फैसला बिना किसी अपवाद या छूट के लागू किया गया है। ट्रम्प का मानना है कि यह कदम अमेरिका के संघर्षरत उद्योगों को मजबूती देगा लेकिन इससे व्यापार युद्ध की आशंका भी बढ़ गई है।नई नीति के तहत, एल्युमीनियम पर टैरिफ दर को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके अलावा, अपवादों, कोटा सौदों और सैकड़ों उत्पाद-विशिष्ट टैरिफ बहिष्करणों को भी समाप्त कर दिया गया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार, ये नए नियम 04 मार्च से प्रभावी होंगे। अमेरिका की टैरिफ नीति से व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ने का बाजार पर असर दिखा। इस दौरान बीएसई के सभी 21 समूह लुढ़क गए। इससे कमोडिटीज 1.94, सीडी 2.73, ऊर्ज़ा 2.06, एफएमसीजी 2.11, वित्तीय सेवाएं 1.67, हेल्थकेयर 2.78, इंडस्ट्रियल्स 2.87, आईटी 1.42, दूरसंचार 1.69, यूटिलिटीज 2.08, ऑटो 2.49, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 2.59, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.04, धातु 2.23, तेल एवं गैस 1.91, पावर 1.90, रियल्टी 3.14, टेक 1.12, सर्विसेज 1.56 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.35 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.01, हांगकांग का हैंगसेंग 1.06 और चीन का शांघाई कम्पोजिट 0.12 प्रतिशत उतर गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.14 और जापान का निक्केई 0.04 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 73 अंक बढ़कर 77,384.98 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 77,387.28 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद यह 76,030.59 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 77,311.80 अंक के मुकाबले 1.32 प्रतिशत की गिरावट लेकर 76,293.60 अंक पर आ गया। निफ्टी भी मामूली बढ़त के साथ 23,383.55 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 23,390.05 अंक के उच्चतम जबकि 22,986.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,381.60 अंक की तुलना में 1.32 प्रतिशत लुढ़ककर 23,071.80 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान भारती एयरटेल की 0.19 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर सेंसेक्स की अन्य कंपनियां नुकसान में रहीं। जोमैटो के शेयर सबसे अधिक 5.24 प्रतिशत गिरे। इसके अलावा टाटा स्टील 2.91, बजाज फिन सर्व 2.70, पावरग्रिड 2.68, एलटी 2.65, टाटा मोटर्स 2.60, कोटक बैंक 2.15, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.08, आईटीसी 2.07, अल्ट्रासिमको 1.92, सन फार्मा 1.89, टीसीएस 1.76, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.68, रिलायंस 1.50, एनटीपीसी 1.48, मारुति 1.40, टाइटन 1.31, एचडीएफसी बैंक 0.90, एसबीआई 0.79, अडानी पोर्ट्स 0.34 और इंफ़ोसिस के शेयर 0.13 प्रतिशत कमजोर रहे।

## भारत के साथ मिलकर...

केंद्र के रूप में भारत का उभरना हमारी क्षमताओं और आकांक्षाओं का प्रमाण है। श्री सिंह ने कहा कि भारत के पास एक जीवंत रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसमें दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी संख्या में यूनिकॉर्न हैं। उन्होंने भारतीय एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों द्वारा प्रदान किए जाने वाले सहयोग के अद्वितीय अवसरों पर प्रकाश डाला, जो एक महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास आधार और उद्यमशीलता की भावना द्वारा समर्थित हैं। उन्होंने रक्षा मंत्रियों और अन्य विदेशी प्रतिनिधियों से कहा,हमारा कौशल आधार हमें अत्यधिक प्रतिस्पर्धी लागतों पर उत्पादन करने में सक्षम बनाता है। भारत अपने मित्रों और भागीदारों के साथ अत्याधुनिक रक्षा उपकरण, हार्डवेयर, सेवाएँ और प्रौद्योगिकी साझा करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने शांति, सुरक्षा और विकास के भारत के दृष्टिकोण को रखा, जो समावेशी और सहयोगात्मक है। उन्होंने कहा कि यह प्रधान मंत्री के गतिशील पाँच 'एस' दृष्टिकोण द्वारा निर्देशित है जो सम्मान (सम्मान), संवाद (संवाद), सहयोग (सहयोग), शांति (शांति) और समृद्धि (समृद्धि) हैं। उन्होंने कहा कि ये सिद्धांत भारत की अंतरराष्ट्रीय भागीदारी की आधारशिला हैं और आज की दुनिया में दृढ़ता से प्रतिध्वनित होते हैं। श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि भारत ने हिंद महासागर क्षेत्र के लिए 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर)' के दृष्टिकोण को अपनाया है, जिसमें समुद्री सुरक्षा, आर्थिक विकास और नीली अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि समुद्री डकैती, आतंकवाद, अवैध और अनियमित मछली पकड़ने और जलवायु संबंधी चुनौतियों जैसे गैर-पारंपरिक खतरों से निपटने में भारत के सहयोगी प्रयास आईओआर से परे वैश्विक सहकारी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। उन्होंने कहा, हमारी प्रतिबद्धता आईओआर से परे है और समानता, विश्वास, आपसी सम्मान और अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन पर आधारित वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए एक खाका के रूप में कार्य करती है। रक्षा मंत्री ने इस तथ्य पर जोर दिया कि भारत लेन-देन संबंधों या समाधान थोपने में विश्वास नहीं करता है, और इसका दृष्टिकोण साझेदार देशों की संप्रभुता के लिए पारस्परिक क्षमता निर्माण, समृद्धि और सुरक्षा पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अपने भागीदारों को उनकी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप समर्थन के माध्यम से अपने स्वयं के मार्ग निर्धारित करने के लिए सशक्त बनाना है। उन्होंने न्यायसंगत साझेदारी को रक्षा सहयोग की नींव बताया, चाहे इसमें भारत में निर्मित जहाजों और विमानों की आपूर्ति, विशेषज्ञता साझा करना या संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना शामिल हो।

## एआई वैश्विक जन...

बल्बों की तुलना में कम शक्ति का उपयोग करके कविता और डिजाइन अंतरिक्ष यान बनाने का प्रबंधन करता है। श्री मोदी ने भारत में एआई के प्रयोग को लेकर कहा, हम एआई युग की शुरुआत में हैं जो मानवता के विम को आकार देगा। भारत अपनी विविधता को देखते हुए अपने बड़े भाषा मॉडल का निर्माण कर रहा है। हमारे पास गणना शक्ति जैसे संसाधनों को पूल करने के लिए एक अद्वितीय सार्वजनिक-निजी साझीदारी मॉडल भी है। यह हमारे स्टार्टअप और शोधकर्ताओं को सस्ती कीमत पर उपलब्ध कराया जाता है। भारत अपने अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने के लिए तैयार है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एआई भविष्य अच्छे और सभी के लिए है। कुछ लोग मशीनों के मनुष्यों के लिए बुद्धि में बेहतर होने के बारे में चिंता करते हैं। लेकिन हमारे सामूहिक भविष्य और साझा भाग्य की कुंजी हम मनुष्यों के अलावा कोई नहीं रखता है। जिम्मेदारी की भावना हमें मार्गदर्शन करना चाहिए।

# महाकुम्भ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार

## महाकुम्भ के समापन से 15 दिन पहले ही स्नानार्थियों की संख्या ने बनाया ऐतिहासिक रिकॉर्ड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुम्भ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन महाकुम्भ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुम्भ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। पूरे देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं। बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी श्रद्धा का जबरदस्त उत्साह लोगों को संगम तट तक खींच कर ला रहा है। मंगलवार, 11 फरवरी को सुबह आठ बजे तक 49.68 लाख लोगों ने त्रिवेणी में स्नान किया। इसके बाद कुल स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के ऊपर पहुंच गई है। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई, इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। माघ पूर्णिमा से पहले भी प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम तट पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई थी, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ (मंत्रिमंडल समेत) भी संगम में डुबकी लगा चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल, श्रीपद नाइक, बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी, राज्य सभा सांसद सुधा मूर्ति, असम विधानसभा अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पांडे, गोरखपुर के सांसद रवि किशन, हेमा मालिनी, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री, अनुपम खेर, मिलिंद सोमण, ओलम्पिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, एक्ट्रेस से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर बनीं ममता कुलकर्णी, प्रख्यात कवि कुमार विश्वास, क्रिकेटर सुरेश रैना, अन्तरराष्ट्रीय रेसलर खली, कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा, बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा गुप्ता के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद आदि भी संगम में स्नान कर चुके हैं।

# माघ पूर्णिमा स्नान के बाद 10 लाख से ज्यादा कल्पवासी प्रयागराज से होंगे विदा, कथा, हवन और भोज के साथ होगा पारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ में व्रत, संयम और सतसंग का कल्पवास करने का विशिष्ट विधान है। इस वर्ष महाकुम्भ में 10 लाख से अधिक लोगों ने विधिपूर्वक कल्पवास किया है। पौराणिक मान्यता है कि माघ मास पर्यंत प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास करने से सहत्र वर्षों के तप का फल मिलता है। महाकुम्भ में कल्पवास विशेष फलदायी : शास्त्रों के अनुसार, महाकुम्भ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। परंपरा के अनुसार 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा के दिन कल्पवास की समाप्ति हो रही है। सभी कल्पवासी विधि पूर्वक पूर्णिमा तिथि पर पवित्र संगम में स्नान कर कल्पवास का पारण करेंगे। पूजन और दान के बाद कल्पवासी अपने अस्थाई आवास त्याग कर पुनः अपने घरों की ओर लौटेंगे।

# ट्रांसपोर्ट नगर का होगा कायापलट, सड़क निर्माण के लिए 12.18 करोड़ मंजूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने मंगलवार को राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में 1.7 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण के लिए 12.18 करोड़ की राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी।

श्री नवीन ने कहा कि इस राशि की मदद से ट्रांसपोर्ट नगर में सड़कों के जीर्णोद्धार का काम किया जायेगा, जिससे करीब लाखों की आबादी को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना 90 के दशक में हुई थी, जो अब पटना के बेहद ही व्यस्ततम इलाकों में से एक है। यहां राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से वाहन व लोग माल ढुलाई के क्रम मे आते जाते हैं। लगातार ट्रकों और बसों के परिवहन के कारण यहां की सड़कें खराब हो गयी थी। इसके निर्माण के लिए नगर निगम की तरफ से राशि उपलब्ध कराने का अनुमोदन भेजा गया था। साथ ही बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स और बिहार इंडस्ट्री एसोसिएशन की तरफ से भी इस विषय को सज्ञान में डाला गया था। जिसके बाद विभाग की ओर से 12.18 करोड़ की राशि प्रदान करने पर स्वाकृति दी गयी है। मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)सरकार में बिहार के हर कोने में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। इसी क्रम में ट्रांसपोर्ट नगर में भी पीसीसी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़के के निर्माण बाद स्थानीय लोगों को बरसात में होने वाली समस्याओं से निजात मिलेगी। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था भी सुचारू रूप से चल सकेगी।







चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063